# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 20 फरवरी 2025


adani Foundation

## अदाणी फाउंडेशन का मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत 'स्वास्थ्य सेवा मंदिर' स्थापित करने का संकल्प।




### हमारे स्वास्थ्य मंदिरों में सेवा सदा सर्वोपरि होगी।

अदाणी में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेषाधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पाने का हकदार है। हम यह भी मानते हैं कि मेडिकल साइंस को आगे बढ़ाने और रोगियों के इलाज में बेहतर परिणाम पाने के लिए, लगातार सीखने और अनुसंधान की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।

हमें मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मंदिरों के स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। पूरे भारत में, ऐसे ही अनेक स्वास्थ्य सेवा मंदिरों की स्थापना करना हमारा लक्ष्य है। इसमें, अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे वर्ल्ड क्लास सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शैक्षणिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे, जिन्हें **मायो क्लिनिक** के परामर्श से विकसित किया जाएगा।

सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हेल्थ इकोसिस्टम में हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो इलाज, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करती है। इसे स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

- **क्षेत्र: 50 लाख वर्ग फुट**
- **छात्र: 2,000 मेडिकल छात्र**
- **अस्पताल क्षमता: 2,000 बेड**
- **20 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा**







## सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।

डायरेक्टर प्रो. केके शुक्ला के इस्तीफे की मांग को लेकर राज्यपाल को लिखा पत्र, सीएम हाउस पहुंची छात्रों की टीम

# मैनिट में छात्रों का विरोध-प्रदर्शन: दिनभर गहमा-गहमी के बीच शाम को सीएम हाउस का किया रुख, पुलिस रही तैनात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गहमा-गहमी का माहौल रहा। पुलिस की पिटाई और मैनिट प्रबंधन के खिलाफ छात्रों में आक्रोश जारी है, जिससे बुधवार को दिनभर संस्थान कैंपस में पुलिस बल तैनात रहा। विरोध के बीच छात्रों की एक टीम ने सीएम हाउस का रुख किया और अपनी मांग का पत्र सौंपा। इससे पहले छात्रों ने मैनिट के डायरेक्टर प्रो. केके शुक्ला को हटाने की मांग का एक पत्र राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम लिखा है। साथ ही पुलिस द्वारा की गई पिटाई को लेकर छात्रों ने पत्र की प्रति डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला को भी सौंपी है। उनका कहना है कि जिन पुलिसकर्मियों ने उनसे अनावश्यक रूप से मारपीट की है, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



## देर रात तक चला हंगामा

मैनिट में प्रबंधन की खिलाफत के साथ ही पुलिस द्वारा छात्रों की पिटाई को लेकर छात्र देर शाम तक कैंपस में जुटे रहे और प्रदर्शन किया था। इसके बाद मैनिट प्रबंधन छात्रों समझाइश देता रहा, लेकिन छात्रों का रोष बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार सुबह से ही कैंपस में पुलिस की तैनाती के साथ प्रबंधन के अधिकारी छात्रों को सफाई देने की कोशिश करते रहे, लेकिन बात नहीं बनी। शाम को छात्रों की एक टीम ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर अपनी समस्याएं पत्र के माध्यम से बताई हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद मामले में छात्रों द्वारा मैनिट डायरेक्टर प्रो. केके शुक्ला के इस्तीफे की मांग की जा रही है। इस मामले में छात्रों का रोष भी लगातार जारी है।

## छात्रों को समझाने की कर रहे कोशिश

इस मामले में प्रबंधन की कोई गलती नहीं है। छात्रों को लगातार समझाने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ छात्र सीएम हाउस भी गए थे।
**डॉ. राहुल तिवारी**, पीआरओ, मैनिट

---

## खबर संक्षेप

### बांके बिहारी यादव समाज समिति के निविरोध कोषाध्यक्ष चुने गए मनीष

**भोपाल।** बांके बिहारी यादव समाज समिति मप्र के चुनाव विधायक विश्राम गृह खंड एक में संपन्न हुए। इसमें मनीष यादव को निविरोध कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी प्रभात कुमार यादव व गगन यादव की देख रेख में सम्पन्न हुए।

### फर्जी बिल से लाखों हड़पने वाले पुलिस अफसर की जमानत खारिज

**भोपाल।** अपने एवं अपने परिजनों के नाम के फर्जी मेडीकल बिल तैयार कर 36 लाख 50 हजार रुपए हड़पने वाले पुलिस अफसर हर्ष वानखेड़े के जमानत आवेदन को न्यायाधीश  मनोज कुमार सिंह ने गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अभियुक्त को जमानत का लाभ देना न्यायोचित न पाते हुए निरस्त कर दिया। पुलिस मुख्यालय के ऑडिटर एसके तिमोथी की शिकायत पर थाना जहांगीराबाद पुलिस ने पुलिस मुख्यालय में पदस्थ आरोपी असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर हर्ष वानखेड़े, सूबेदार नीरज कुमार एवं सब इंस्पेक्टर हरिहर सोनी के खिलाफ वर्ष 2018-19 से लेकर 2023-24 के बीच संचालनालय कोष एवं लेखा से चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों के भुगतान के संबंध में फर्जी मेडीकल बिल पेश कर लाखों रुपए हड़पने पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी हर्ष वानखेड़े को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए निरोगी काया अभियान आज से

**भोपाल।** असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए निरोगी काया अभियान गुरुवार से शुरू हो रहा है। 31 मार्च तक चलने वाले इस विशेष अभियान में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। रोगों की पहचान होने पर त्वरित रूप से आवश्यकतानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों एवं जिला चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ किया जाएगा।

### मां चामुंडा दरबार के पुजारी के बड़े भाई नर्मदा प्रसाद का निधन

**भोपाल।** मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे के बड़े



भाई नर्मदा प्रसाद दुबे का बुधवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार को छोला विश्राम घाट पर होगा। अजय दुबे, एसएन दुबे, राजकुमार दुबे ने बताया कि अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 10:30 बजे निज निवास 82 दुबे निवास रेजिमेंट रोड शाहजहानाबाद से छोला विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी। मां चामुंडा दरबार के गुरुजी के बड़े भाई के निधन की खबर से लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

---

## राजधानी में धूमधाम से मनाई गई शिवाजी महाराज की जयंती, विभिन्न क्षेत्रों में हुए कार्यक्रम

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर गूंजा जय भवानी-जय शिवाजी का जयघोष, मराठा शैली में सिर पर पगड़ी बांधकर निकाली शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर बुधवार को विभिन्न आयोजनों के बीच मनाई गई। कई स्थानों पर हुए कार्यक्रमों में वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के शौर्य और पराक्रम का उल्लेख कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। हिंदवी राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर जय भवानी-जय शिवाजी के जयघोष से शहर गूंज उठा। विभिन्न संस्था-संगठनों की ओर से शिवाजी महाराज की प्रतिमा को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित दी। आकर्षक झांकियों के साथ रैलियां निकाली गईं, जिसमें पारंपरिक मराठा शैली में सिर पर पगड़ी बांधे पुरुष और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। मप्र क्षत्रिय मराठा समाज की ओर लिंक रोड स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### धर्म ध्वजाएं, बैंड, ढोल-तारो के साथ निकली शोभायात्रा



श्री छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा कल्याण समिति के नेतृत्व में  शिवाजी जयंती के मौके पर में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शिवाजी महाराज की नवनिर्मित भव्य प्रतिमा, के साथ सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति भगवा साफे के साथ सम्मिलित हुए। रैली में सैकड़ों नागरिक बंधु भगवा ध्वज लेकर, रैली में शामिल हुए। रैली सुबह 11:30 बजे वीर सावरकर चौराहा धर्मकांटे से प्रारंभ हुई, जो कि इब्राहिमगंज, बस स्टैंड, घोडा नक्कास, जुमेराती, सराफा चौक से होकर, भवानी चौक सोमवारा पर समाप्त हुई।

### मुख्यमंत्री ने शिवाजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिंदवीं स्वराज के संस्थापक, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवाजी महाराज ने मातृभूमि के सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया। सच्चे अर्थों में शिवाजी महाराज ने भारत में धर्म, राष्ट्रीयता, न्याय और जनकल्याण के स्तम्भों के आधार पर सुशासन की स्थापना की थी। मां भारती के प्रति उनकी निष्ठा, त्याग और बलिदान से देशवासियों को अनंत काल तक प्रेरणा मिलती रहेगी।

### एमसीयू में मनाई शिवाजी महाराज की जयंती



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम में विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, सहायक प्राध्यापक लोकेंद्र सिंह एवं सहायक कुलसचिव गिरीश जोशी ने अपने विचार व्यक्त किए। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिवाजी महाराज का देश के लिए अप्रतिम योगदान रहा है। उन्हें प्रथम स्थान पर रखते हुए कहा कि वे भारत के असली महानायक थे। जहां-जहां शिवाजी महाराज रहे, संघर्ष किया, युद्ध किया, ऐसी जगहों पर आधुनिक भारत के तीर्थ बनने चाहिए।

#### हिंदवी स्वराज्य की घोषणा कर आत्मचेतना को जगाया

सहायक प्राध्यापक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि भारत जब दासता के मकडजाल में फंसकर आत्मगौरव से दूर हो गया था, तब शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज्य की घोषणा करके भारतीय प्रजा की आत्मचेतना को जगाया। उन्होंने जिस राज्य की स्थापना की, उसे भोंसले राज्य, कोंकण राज्य या मराठी राज्य नहीं कहा, बल्कि हिंदवी स्वराज्य नाम दिया।

### सोना-चांदी गलाई वालों ने मनाई शिवाजी महाराज की जयंती



राजधानी के सुभाष चौक सराफा चौक में शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर सोना-चांदी गलाई एसोसिएशन मध्य भारत प्रांत की भोपाल इकाई ने हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर विशाल रैली निकाली गई। रैली में विशेष आकर्षण सभी के भगवा साफे रहे। सभी लोग सैनिक के रूप में ढोल -नगाड़ों की थाप पर सज-धजकर नृत्य किया और शिवाजी महाराज जी को माल्यार्पण पूजन कर भगवा ध्वज स्थापित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर माने, नरेश राव जाधव, भोपाल जिला अध्यक्ष सचिन मुलिक, संजय जगताप, लखन पाटिल मयूर सूर्यवंशी, अभिजीत देशमुख, सुभाष निकम, जगदीश सूर्यवंशी, युवराज चोपड़े, निखिल हजारे, हनुमंत कुम्भार, महेश जाधव, अरुण निकम उपस्थित है।

### दवे ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक, दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे के नेतृत्व एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, अरेरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित, वरिष्ठ नेता महेंद्र वर्मा के उपस्थिति में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयकारें लगाकर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर धीरज ठाकुर, हर्षित बारासर, कैलाश सोनी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---



### 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू

**भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा आयोजित पारंपरिक 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ बुधवार शाम मंदिर परिसर में हुआ। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि भूत भावन बाबा बटेश्वर एवं माता पार्वती के विवाह संस्कार के लिए बुधवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश का पूजन कर कलश स्थापना की गई । 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली जाने वाली दिव्य शिव बारात का निमंत्रण पीले चावल एवं पत्रिका के साथ पुराने शहर के अनेक मंदिरों में भेज कर समस्त देवी देवताओं एवं पुराने शहर की समस्त धार्मिक, व्यापारिक, सामाजिक संस्थाओं को बारात स्वागत एवं शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

## हेल्थ-हैक 2025: वीआईटी विवि और जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के सहयोग से विद्वानों ने रखे विचार

▸ दो दिवसीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य तकनीकी नवाचार, तकनीकी की चर्चाएं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




राजधानी स्थित वीआईटी विश्वविद्यालय में 18 और 19 फरवरी को जॉन्स हॉपकिन्स विश्विद्यालय, यूएसए के सहयोग से हेल्थ-हैक 2025 का आयोजन किया गया। बुधवार को दूसरे दिन स्वास्थ्य तकनीकी नवाचार पर प्रमुख संबोधन, तकनीकी चर्चाएं, कार्यशालाएं और विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और युवा नवप्रवर्तकों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान मुख्य अतिथि अमृत रवि, उपाध्यक्ष, मोरपेन लैबोरेट्रीज लिमिटेड ने उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन के मार्गदर्शन में हुई, जिसमें वाईस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन और ट्रस्टी रमणी बालासुंदरम का विशेष योगदान रहा।

#### यह रहे मुख्य वक्ता

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. श्रीदेवी सरमा, वाइस डीन, ग्रेजुएट एजुकेशन, व्हिटिंग स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, जेएचयू, डॉ. यूसुफ यजदी, कार्यकारी निदेशक, सीबीआईडी, व्हिटिंग स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, जेएचयू, कुणाल पाल, कार्यकारी निदेशक, गुप्ता-क्लिंस्की इंडिया इंस्टीट्यूट, जेएचयू, डॉ. नेहा वर्मा, सह-संस्थापक और सीईओ, इंटेलेहेल्थ, यूएसए, दामिनी अग्रवाल, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, आईबीटी, यूएसए ने कई बिंदुओं पर जोर दिया।

आवश्यक सुधारों के लिए निर्देश दिए

## मुख्य परिचालन प्रबंधक सिंह ने भोपाल मंडल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बुधवार को पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह ने भोपाल मंडल का निरीक्षण किया। उन्होंने रानी कमलापति स्टेशन, भोपाल स्टेशन, निशातपुरा स्टेशन, जोनल ट्रेनिंग सेंटर, मंडल ट्रेनिंग सेंटर, भोपाल क्रू लॉबी, भोपाल रूट रिले इंटरलॉकिंग कक्ष और रनिंग रूम का दौरा कर रेलवे परिचालन, संरक्षा और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक सुधारों के लिए निर्देश दिए।

#### क्रू लॉबी और रनिंग रूम में खानपान सुविधा की समीक्षा की

जोनल ट्रेनिंग सेंटर (निमार्णाधीन) और मंडल ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण को आधुनिक और व्यावहारिक बनाने पर जोर दिया। भोपाल क्रू लॉबी और रनिंग रूम में उन्होंने लोको पायलटों और गार्डों के विश्राम, खानपान और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की और इन्हें और बेहतर करने के निर्देश दिए। भोपाल फफक प्रणाली का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सिग्नलिंग और इंटरलॉकिंग सिस्टम की नियमित जांच और संरक्षा मानकों के अनुपालन पर बल दिया।

---

### उच्च शैक्षणिक संस्थानों को एक साथ मिलकर आना होगा: मंत्री परमार

# प्रदेश के शैक्षणिक विश्वविद्यालयों व संस्थानों को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को राजधानी स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर) में मध्यप्रदेश में स्थित केंद्रीय एवं राज्य सरकार के शैक्षणिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों को लेकर विचार-मंथन किया गया। इस दौरान तीन पैनल चर्चाओं का आयोजन हुआ। आईआईएसईआर भोपाल के निदेशक प्रो. गोवर्धन दास इसकी प्रमुख भूमिका रही। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग इंदर सिंह परमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों को एक साथ मिलकर आना होगा, जिससे उच्च शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार आदि के क्षेत्र में नई क्रांति लाई जा सके। कार्यक्रम तीन पेनल चर्चाओं का आयोजन किया गया।



#### पहले पैनल में इन्होंने रखे विचार

पहले पैनल चर्चा में आईआईएसईआर भोपाल के निदेशक प्रो. गोवर्धन दास, सचिव तकनीकी शिक्षा म.प्र. रघुराज राजेन्द्र, निदेशक मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला, निदेशक राष्ट्रीय फैशन टेक्नालॉजी ले.कर्नल आशीष अग्रवाल आदि ने भोपाल को शैक्षणिक, ज्ञान और नवाचार का हब बनाने तथा भोपाल में विश्व स्तर के कन्वेंशन सेंटर की स्थापना से संबंधित विचार रखे।

#### दूसरे पैनल में इन्होंने की चर्चा

दूसरी पैनल चर्चा में प्रो. सतीश कुमार, निदेशक एनएफएसयू भोपाल, डॉ. मेघा पांडेय, एम्स भोपाल, डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, निदेशक बीएमएचआरसी भोपाल, प्रो. विनित शर्मा एवं प्रो. पीबी सुजीत आईआईएसईआर भोपाल शामिल हुए। इन सभी ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धि की भूमिका पर विचार-विमर्श किया।

#### तीसरे पैनल में सेमीकंडक्टर, स्टार्टअप्स पर की चर्चा

आईआईएसईआर भोपाल के प्रो. सुभाष चतुर्वेदी, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी, आईआईआईटी भोपाल के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह, आईआईएसईआर भोपाल के डॉ. शांतनु तालुकदार एवं डॉ. तन्मय बसु ने तीसरी पेनल चर्चा में सेमीकंडक्टर एवं क्वांटम टेक्नॉलाजी, ट्रांसलेशनल रिसर्च, स्टार्टअप्स, मध्यप्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता, वर्तमान प्रौद्योगिकियों से जुड़े नए पाठ्यक्रम आदि विषयों पर गहन चर्चा की।

# महिला के पेट से निकाला ढाई किलो का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पिछले पांच साल से एक महिला पेट में ढाई किलो का ट्यूमर लेकर जीवन जी रही था। कई अस्पतालों में इलाज करने के बाद भी महिला को आराम नहीं मिला। फिर परिजनों ने महिला को आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज में दिखाया। स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉक्टर मुदिता जैन ने महिला की जांच की तो पता चला पेट में गठान है।

डॉ. मुदिता के साथ इस बेहद जटिल सर्जरी को अंजाम देने वाली टीम में डॉ. वंदना अग्रवाल, डॉ. सीमा खुर्रम, डॉ. रंजीता मीना, डॉ. मृणालिनी पाठक, डॉ. गरिमा चौधरी और डॉ. राधिका शामिल थी। ग्रुप चेयरमैन डॉक्टर सुनील कपूर ने इस सफल और कठिन सर्जरी को करने पर टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. मुदिता ने बताया कि महिला के पेट में जो गठान थी वह सात महीने के बच्चे के बराबर थी।

भोपाल
गुरुवार, 20 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–07
वर्ष : 11, अंक : 327
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 27
न्यून. 17

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणा**

## फिल्म 'छावा' मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रिलीज हुई हिंदी फिल्म 'छावा' को पूरे मप्र में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। यह फिल्म शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी के जीवन पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जबलपुर में स्टेडियम लोकार्पण कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि संभाजी महाराज ने अपने जीवन में सभी यातनाएं सहते हुए राष्ट्र और धर्म के लिए अपने शेष पेज 4 पर


फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने हरिभूमि से हुई चर्चा में कहा

# देश-विदेश से निवेश आने पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के अच्छे दिन लौटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई तकनीक के साथ नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हों, लेकिन देश-विदेश के उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए जितना सहयोग किया जाए, उतनी ही मदद घरेलू उद्योगपतियों को भी नया निवेश करने पर मिलें। भोपाल व प्रदेश के उद्योगपतियों के साथ भेदभाव न हो। उद्योग लगाने के लिए विभिन्न तरह की अनुमतियां उन्हें एक बार ही दी जाएं। बार-बार नवीनीकरण के झंझट से मुक्त किया जाए। तभी प्रदेश में गुजरात, महाराष्ट्र की तरह औद्योगिक विकास आगे बढ़ेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और प्रदेश में आर्थिक समृद्धि आएगी। यह बात फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए कहा।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



> प्रदेश में गुजरात, महाराष्ट्र की तरह औद्योगिक विकास,रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और प्रदेश में आर्थिक समृद्धि आएगी

## देश-विदेश से निवेश आने पर खिलखिलाएंगे मध्यम उद्योग

दीपक शर्मा ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से अच्छे परिणाम आने की उम्मीद है। देश-विदेश से निवेश आने पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसपमई) के अच्छे दिन लौटेंगे। बढ़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित होगी तो छोटे-छोटे उद्योग भी बढ़ेंगे। पहले से जो इकाइयां हैं उन्हें काम मिलेगा तो, ये भी खिलखिलाने लगेंगी। जिस तरह 60 के दशक में भोपाल में भेल कारखाना स्थापित हुआ तो गोविंदपुरा में लगभग 2000 एमएसएमई स्थापित हुए। वैसे ही भविष्य में बड़े उद्योग बढ़ेंगे तो छोटे उद्योगों को भी काम मिलने लगेगा, जिससे विकास की गति और तेज होगी।

### सकारात्मक परिणाम आएगा

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में औद्योगिक क्रांति का विस्तार किए जाने के इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम आएगा। निवेशकों के निवेश से रोजगार के चौतरफा द्वार खुलेंगे। भोपाल ही समूचा मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से सबल होगा और प्रदेश में आर्थिक सुदृढ़ता क्रांति का संचार होगा। *इंपैक्ट फीचर*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### सीईसी ज्ञानेश कुमार ने संभाला पदभार



**नई दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। वे मार्च 2024 से निर्वाचन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और सोमवार को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद ज्ञानेश को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### अक्षय कुमार के नए गाने 'महाकाल चलो' का विरोध



**उज्जैन।** फिल्म एक्टर अक्षय कुमार का नया गाना 'महाकाल चलो' रिलीज होने के बाद से मुश्किल में फंस गया है। अक्षय के इस गाने का बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में ही विरोध शुरू हो गया है। गाने के कुछ सीन पर आपत्ति जताई है। महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने अभिनेता के गाने के कुछ दृश्य पर घोर आपत्ति जताई है।

#### गूगल ने भारत में शुरू किया सबसे बड़ा कैंपस



**नई दिल्ली।** गूगल ने बुधवार को भारत में अपने सबसे बड़े कैंपस से पर्दा उठा दिया है। इस कैंपस का नाम अनंत है, जो दुनिया भर में मौजूद गूगल के सबसे बड़े कैंपस में से एक है। ये कैंपल बेंगलुरू के महादेवपुरा में स्थित है। गूगल के 'अनंत' में 5000 लोगों के बैठने की जगह मौजूद है। इसे बनाने में गूगल ने लोकल मैटेरियल का इस्तेमाल किया है।

मध्यप्रदेश में पुलिस और हॉक फोर्स को मिली बड़ी सफलता

# बालाघाट में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ चार महिला नक्सली हुईं ढेर, कई घायल

## बालाघाट में चारों शव बरामद, कुछ घायल जंगल में छिपे, उनकी तलाश के लिए पुलिस ने 12 से अधिक टीमों के साथ सघन सर्च ऑपरेशन चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

बालाघाट के गढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ घायल नक्सली जंगल की ओर भाग गए। पुलिस इलाके में सर्चिंग कर रही है। सूपखार वनक्षेत्र के रौंदा फॉरेस्ट कैंप के पास पुलिस और हॉक फोर्स ने ये कार्रवाई की है। एएसपी विजय डाबर ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एएसपी ने बताया कि मारी गई महिला नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल बरामद की गई है। इसके अलावा, दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी मिली है। एएसपी ने बताया कि नक्सलियों की तलाश के लिए जंगल में जवान सर्चिंग में जुटे हैं। हालांकि पुलिस की ओर से मुठभेड़ को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। मारी गई महिला नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है।



> सीएम ने 4 महिला नक्सलियों को ढेर करने पर पुलिस को दी बधाई, कहा- नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं

ऑपरेशन में हॉक फोर्स सीआरपीएफ, कोबरा कमांडो और जिला बल की टीमें जुटी हुईं हैं

**नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल बरामद**

### सर्चिंग के दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग

बताया जा रहा है कि पुलिस और हॉक फोर्स के जवान रौंदा के घने जंगलों में सर्चिंग कर रहे थे। अचानक, नक्सलियों ने घात लगाकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसमें चार महिला नक्सली ढेर हो गईं।

### मारी गई महिला नक्सलियों की हो रही पहचान

बालाघाट के जंगलों में नक्सल मुठभेड़ में चार महिला नक्सली मारी गई हैं। उनकी बॉडी भी मिल चुकी है जिसकी पहचान की जा रही है। एक महिला नक्सली का नाम ममता है। बाकी की पहचान भी की जा रही है। ऐसी जानकारी मिली है कि मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली भौरमदेव एरिया कमेटी की सक्रिय सदस्य है। अभी सर्च ऑपरेशन दो दिन तक चलाया जाएगा।
**पंकज श्रीवास्तव**, स्पेशल डीजी, प्रभारी एंटी नक्सल ऑपरेशन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा*

### प्रदेश से नक्सलियों को खत्म कर के ही दम लेंगे



*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नक्सलियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में बालाघाट में मिली सफलता के लिए मप्र पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार महिला नक्सली मारी गईं। तलाशी अभियान के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त किया गया है। बाकी बचे नक्सलियों को पुलिस माकूल जवाब दे रही है। उन्होंने सफल अभियान के लिए मप्र पुलिस की सराहना की और जवानों का मनोबल बढ़ाया। डॉ यादव ने कहा कि मप्र में नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। प्रदेश से नक्सलियों का सफाया कर ही दम लेंगे।*

#### नक्सलियों पर अंकुश के लिए सक्रियता से काम

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों पर अंकुश के लिए राज्य पुलिस पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देशभर में नक्सल विरोधी अभियान संचालित है। केंद्र सरकार सभी राज्यों से वर्ष 2026 तक शेष पेज 4 पर

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कई विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन, की घोषणाएं*



# किसानों को धान पर मिलेगी प्रति हेक्टेयर 2 हजार प्रोत्साहन राशि

### उमरिया जिले में अटल जी की प्रतिमा का अनावरण

### मुख्यमंत्री ने कीं अंचल के विकास से जुड़ी घोषणाएं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से उनके बैंक खाते में राशि अंतरित करेगी।

इसका लाभ छोटे किसानों को भी मिलेगा। किसानों के हित में प्रदेश सरकार ने पहले कोदो-कुटकी के उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया। गेहूं उत्पादक किसानों से भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल उपज खरीदी जाएगी। डॉ. यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सभा शेष पेज 4 पर

#### मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणाएं

- उमरिया में सोन नदी पर 45 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण होगा। एक अन्य पुल भी 32 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा।
- उमरिया जिले के ग्राम पौड़ी में 600 मेगावॉट की ताप विद्युत परियोजना की इकाई स्थापित की जाएगी।
- बांधवगढ़ में टाइगर रिजर्व के बाहर जू का निर्माण किया जाएगा। यह इलाका भविष्य की दृष्टि से पर्यटन केंद्र बनेगा।
- बिलासपुर में कॉलेज निर्माण और भगवान विष्णु के धाम टकटई को 4 स्थानों से जोड़कर पर्यटन का केंद्र बनाया जाएगा।
- उमरिया में हॉकी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए एस्ट्रो टर्फ बनेगी।

5 वर्षीय बच्चे की गोली मारकर हत्या

## मोटरसाइकिल सवार ने घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले में एक पांच साल के बच्चे को विवाह स्थल के बाहर गोली मार दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित गप्पू शाक्य अपने परिवार के साथ जौरा कस्बे में अपनी मौसी की शादी में शामिल होने गया था। पुलिस उपनिरीक्षक उदयभान यादव ने बताया कि जब वह विवाह स्थल शिवहरे धर्मशाला के बाहर खेल रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने उसे गोली मार दी और भाग गया। उन्होंने बताया कि बच्चे की शेष पेज 4 पर



3 संदिग्ध गिरफ्तार, 7 से पूछताछ

## अस्पताल में चेकअप कराते महिलाओं का बनाया वीडियो

एजेंसी ▶▶ राजकोट

गुजरात के राजकोट में पायल मैटरनिटी अस्पताल में चेकअप के लिए आने वाली महिला मरीजों के संवेदनशील वायरल वीडियो के मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम टीम ने 3 संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। दो संदिग्ध प्रग्नेश पाटिल और प्रज्वल टेली को महाराष्ट्र के सांगली और लातूर से गिरफ्तार किया है। एक अन्य संदिग्ध को उत्तर प्रदेश में पकड़ा गया। इसके अलावा, सात और व्यक्तियों से पूछताछ की जा शेष पेज 4 पर




शिवाय अपहरण कांड मामला

## मुख्य आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर ,गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शिवाय के अपहरण मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी भोला गुर्जर का शॉर्ट एनकाउंटर किया, जिसमें उसके पैर में गोली लगी है। ये मुठभेड़ तिघरा थाना क्षेत्र में हुई जब भोला ट्रक से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में कई नए नाम सामने आ रहे हैं। आरोपियों की भूमिका समझने के लिए सबूत जुटाए जा रहे हैं। अब तक की जांच शेष पेज 4 पर



मप्र में अलग-अलग स्थानों पर आधा दर्जन सड़क हादसे

## 8 की मौत, 50 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर/देवास

मंगलवार को प्रदेश के अलग-अलग जगह आधा दर्जन सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई। 19 बच्चों समेत करीब 50 लोग घायल हुए हैं। मैहर में कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोग गंभीर घायल हैं। हादसा मैहर-अमरपाटन मार्ग के नरौरा में आज दोपहर 12 बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक सभी यात्री कुंभ स्नान करके वापस शेष पेज 4 पर

- मैहर में तीन और अनूपपुर में एक की मौत, सभी कुंभ यात्री



**देवास में ट्रक के सामने से भिड़ी कार**

देवास के खातेगांव में ट्रक की टक्कर से कार सवार दंपती की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हैं, उन्हें इंदौर रेफर किया गया है। बुरहानपुर के नेपानगर में बुधवार सुबह स्कूल बस पलटने से 19 स्टूडेंट्स घायल हो गए। इनमें से 4 की हालत गंभीर है। बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

सीबीएसई अध्यक्ष और मंत्रालय के अधिकारियों की हुई बैठक

## साल में दो बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर विचार सुझावों के लिए मसौदा 24 को होगा सार्वजनिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत विद्यार्थियों को परीक्षाओं के तनाव से दूर करने के मकसद से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव का फैसला किया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं साल में दो बार होगी।

खास बात यह है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा का मसौदा तैयार किया गया है। शिक्षकों, छात्रों, शिक्षाविदों से मिलने वाले सुझावों को भी सार्वजनिक किया जाएगा। फिर आगे की रूपरेखा तय शेष पेज 4 पर




#### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया अहम कदम

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर लिखा है कि छात्रों के लिए तनाव मुक्त शिक्षण वातावरण बनाना सरकार का एक महत्वपूर्ण फोकस रहा है। परीक्षा सुधार और सुधार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसे एक कदम आगे बढ़ाते हुए, वर्ष में दो बार सीबीएसई परीक्षा आयोजित करने पर शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी ने एक बार फिर खींची देश में सत्ता की चौंकाने वाली 'रेखा'**

# रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी व भाजपा की पांचवीं महिला मुख्यमंत्री होंगी,अभाविप की रही है पृष्ठभूमि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। गुरुवार दोपहर साढ़े बारह बजे वे अपने मंत्रीमंडल के साथ रामलीला मैदान में शपथ लेंगी। इससे पहले रेखा गुप्ता को बुधवार शाम को दिल्ली भाजपा कार्यालय में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय और विजेंद्र गुप्ता ने बैठक में शेष पेज 4 पर

*रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण आज,एलजी से मिलीं, सरकार बनाने का दावा पेश किया*



#### उपमुख्यमंत्री का नहीं हुआ ऐलान

विधायक दल की बैठक में उपमुख्यमंत्री को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं आया। चर्चा थी कि अगर प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया तो वे उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। फिलहाल बताया यही जा रहा है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री और छह मंत्री शपथ लेंगे, कोई उपमुख्यमंत्री होगा या नहीं इस पर पार्टी की तरफ से कोई बयान नहीं आया है।

#### भाजपा की महिलाओं से सीधे संपर्क की रणनीति

भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर दिल्ली की महिलाओं को एक बड़ा संदेश देना चाहती है। शीला दीक्षित के लंबे कार्यकाल में उनके अजेय बने रहने के पीछे महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका मानी जाती रही है। आप ने भी केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफे के बाद आतिशी पर दांव खेला था। अब भाजपा भी उसी रास्ते पर चली है। अभी तक भाजपा शासित राज्यों में कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। पार्टी ने इस लीक को तोड़ते हुए रेखा को दिल्ली सरकार की बागडोर थमाने का फैसला लिया है। उच्च शिक्षा प्राप्त रेखा गुप्ता का दिल्ली की राजनीति से लंबा जुड़ाव रहा है।

## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि कल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों की हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 21 फरवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और केरियर के अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### आज कांग्रेस प्रदेश प्रभारी चौधरी आएंगे भोपाल

**भोपाल।** कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी गुरुवार को पहली बार भोपाल आएंगे। वे पीसीसी में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं, कार्यकर्ताओं, विधायकों, पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दिल्ली में उनसे अलग-अलग मुलाकात कर चुके है। कांग्रेस ने हाल ही में भंवर जितेन्द्र सिंह को हटाकर राजस्थान के बायतू से विधायक हरीश चौधरी को मप्र का प्रभारी बनाया है। देखा जाए तो कांग्रेस में तीन साल में मध्यप्रदेश के चार प्रभारी बदले जा चुके हैं।

### साढ़े तीन लाख लाड़ली बहनों के नाम काटेः विभा

**भोपाल।** सरकार ने राशि बढ़ाना तो दूर दो साल में साढ़े तीन लाख लाड़ली बहनों के नाम योजना से



काट दिए गए हैं। ये नाम समग्र पोर्टल से लगातार डिलीट किए जा रहे हैं। मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों से लेकर ब्लॉक, स्थानीय निकाय और कलेक्टरों, शासन तक इसकी शिकायतें पहुंच रही हैं। लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। पटेल ने नए हितग्राहियों के नाम इस योजना में नहीं जोड़े जाने को भी लाड़ली बहनों के साथ धोखा बताया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर महिला कांग्रेस लाड़ली बहनों के हक में जल्द ही आंदोलन करेगी।

### चतुर्थ श्रेणी रिक्त पदों पर स्थाईकर्मी की भर्ती करे

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन को मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष शारदा सिंह परिहार ने पत्र लिखा है। पत्र में मुख्य सचिव से चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर स्थाई कर्मियों को नियमित करने की मांग की है। शारदा सिंह परिहार ने बताया कि वर्ष 2016 में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतनमान देने के साथ-साथ छठे वेतनमान का महंगाई भत्ता एवं वार्षिक वेतनमान देने की व्यवस्था की गई थी और स्थाई कर्मियों को नियमित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके बाद भी अब तक नियमितीकरण की कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द स्थाई कर्मी के हित में लिए गए निर्णय को लागू करने की गुहार लगाई गई है।

### अब अतिथियों शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक

**भोपाल।** दसवीं-बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा सहित अन्य कक्षाओं की मुख्य परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों को लेकर अहम फैसला लिया है। विभाग ने अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ा दी हैं। यह शिक्षक अब स्कूलों में शिक्षकों के खाली पड़े स्थानों पर सेवाएं देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शासकीय विद्यालयों मे शैक्षणिक व्यवस्था के लिए रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के निर्देश पत्रों में दिए गए थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की सेवाएं विद्यालय मे रिक्त पद होने की स्थिति में 30 अप्रैल तक ली जा सकेगी।

---

## मप्र दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य होगा करार

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, दुग्ध उत्पादकों की आमदनी दोगुनी करने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने होगा अनुबंध

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में 25 फरवरी को एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी।

डॉ. यादव ने कहा कि यह अनुबंध प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मंत्रि-परिषद द्वारा इस सहकारिता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दी जा चुकी है। इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह 25 फरवरी के कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद



### सांची ब्रांड का नाम नहीं बदलेगा, होगा और मजबूत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के सांची ब्रांड को और मजबूत किया जाएगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाएगा। ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा तथा कार्यरत अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

### दुग्ध उत्पादकों की आय में होगी अप्रत्याशित वृद्धि

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि अनुबंध के तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा।*

### दुग्ध समितियों के माध्यम से कवर होंगे 18 हजार ग्राम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। इन दुग्ध समितियों के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलो प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलो प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलो से बढ़कर 3.7 लाख किलो प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपए से दोगुना कर 3500 करोड़ रुपए किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

---

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग पर बैठक

# ऐसा प्रबंधन करें कि श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय रहे सिंहस्थ-2028: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभूति बनाने के उद्देश्य से आवागमन, पार्किंग, स्नान, भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा, अपशिष्ट प्रबंधन सहित सभी पहलुओं के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

व्यवस्थाओं के संचालन में सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित सभी अद्यतन तकनीकों का उपयोग किया जाए। डॉ. यादव बुधवार को सिंहस्थ-2028 के प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा पर विशेष ध्यान



### श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा

*बैठक में आईआईटी एल्यूमिनाए कॉउंसिल के सतीश मेहता द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से संचालित सोलर गोल्फ कार्ट, इलेक्ट्रिक मिनी बसों और 9 मीटर लंबी बसों से श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा गया। उनके प्रस्ताव अनुसार देवास, इंदौर और ओंकारेश्वर से उज्जैन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शहरी क्षेत्र में प्रायोगिक रूप से इस व्यवस्था के संचालन के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

### मध्यप्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य है। अतः सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। यादव ने कहा कि सिंहस्थ -2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अतः ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

#### परियोजना पर चर्चा

बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

---

## प्रदेश की विकासात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा



# मुख्यमंत्री निवास पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल, सीएम ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह के रूप में राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिवादन किया।

राज्यपाल दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल दत्तात्रेय को प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित इन्वेस्टर समिट और 24 एवं 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में भी अवगत कराया।

### राज्यपाल पटेल से दत्तात्रेय ने की सौजन्य भेंट



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल पटेल ने शॉल, श्रीफल भेंट कर राज्यपाल दत्तात्रेय का स्वागत किया। पटेल का दत्तात्रेय ने अंग वस्त्र पहनाकर अभिवादन किया। दोनों राज्यों के राज्यपालों द्वारा स्मृति प्रतीकों का पारस्परिक आदान-प्रदान किया गया। चर्चा के दौरान विकास के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

---

## शामिल होंगे 22 राज्य निर्वाचन आयुक्त

# पेंच में एक से चार मार्च तक होगी राज्य निर्वाचन आयुक्तों की वार्षिक कॉन्फ्रेंस

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस पेंच, जिला सिवनी में एक से 4 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे।

इनमें आंध्र प्रदेश की राज्य निर्वाचन आयुक्त नीलम साहनी, दिल्ली-चंडीगढ़ के डॉ. विजय देव, गोवा के दौलत हवलदार, झारखंड के डॉ. बीके तिवारी, कर्नाटक के जीएस संगरेशी, राजस्थान के मधुकर गुप्ता, ओड़िसा के मधुसूदन पाधी शामिल होंगे।

### यह भी आएंगे

*कॉन्फ्रेंस में तेलंगाना की आई रानी कुमुदिनी, हिमाचल प्रदेश के अनिल कुमार खांची, असम के आलोक कुमार, तमिलनाडु की बी जोथी निर्मलासामी, महाराष्ट्र के दिनेश टी वाघमारे, सिक्किम के केसी लेप्चा, जम्मू-कश्मीर के बीआर शर्मा, छत्तीसगढ़ के अजय सिंह, केन्द्र शासित प्रदेशों के सुधांशु पाण्डे, त्रिपुरा के शरदेंदु चौधरी, गुजरात के डॉ. एस मुरलीकृष्णन, उत्तर प्रदेश के राज प्रताप सिंह, उत्तराखण्ड के सुशील कुमार, बिहार के डॉ. दीपक प्रसाद और केरल के राज्य निर्वाचन आयुक्त ए शाहजहां आएंगे।*

---

## अब पुलिस सीधे दर्ज नहीं कर सकेगी केस

# कलेक्टर की जांच के बाद ही दर्ज होगी वन कर्मियों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के वनों की सुरक्षा करने वाले वन कर्मियों पर पुलिस सीधे मामला दर्ज नहीं कर सकेगी। वन कर्मियों पर मामला दर्ज करने से पहले कलेक्टर मामले की जांच करेंगे।

गृह विभाग के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने इसके आदेश प्रदेश के समस्त पुलिस अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सिरोंज गोली कांड के बाद पुलिस ने वन कर्मचारी वनपाल के विरुद्ध 302 की एफआईआर दर्ज कर ली थी तथा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि शासन के आदेश थे कि भले वन कर्मचारी ने गोली चलाई हो या सुरक्षा की दृष्टि से हमला किया हो, फिर भी बिनाकलेक्अर जांच के एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। लेकिन प्रदेश के पुलिस अधिकारी उक्त निर्देर्षों का पालन नहीं कर रहे थे। पोडे ने कहा कि वन माफिया द्वारा वन कर्मचारी के ऊपर हमले के दौरान यदि वन कर्मचारी शास्त्र का प्रयोग कर गोली चल देता था तो उसके खिलाफ तत्काल थाने में एफआईआर दर्ज हो जाती थी।

---

## बुंदेला को छतरपुर और सिंह को पन्ना की जवाबदारी

# कांग्रेस में जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिलों में मीडिया प्रभारी की नियुक्ति की गई है।

प्रदेश के जिलों में जिला स्तर पर मीडिया के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा की जा रही संगठनात्मक गतिविधियों, मीडिया में भाजपा की जनविरोधी नीतियों, अन्य मुद्दों सहित कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए किए जा रहे प्रचार-प्रसार का जिम्मा इनको सौंपा गया है। जिन कांग्रेस पदाधिकारियों को जिले का मीडिया प्रभार सौंपा गया हैं, उनमें अंबिका शर्मा को शिवपुरी, अमित चौरसिया को देवास, आनंद जाट को नर्मदापुरम, अवनीश बुंदेला को छतरपुर, अजीत भदौरिया-टीकमगढ़ एवं निवाड़ी, अभिनव बरोलिया-विदिशा, अमित तावड़े-डिंडौरी एवं उमरिया, आनंद जैन कासलीवाल-खरगौन एवं बड़वानी, भूपेन्द्र गुप्ता-सागर, बैजनाथ कुशवाहा-श्योपुर, रवि सक्सेना-ग्वालियर, संतोष सिंह गौतम-उज्जैन, सुश्री स्पर्श चौधरी-नरसिंहपुर, विवेक त्रिपाठी-हरदा, विनय सक्सेना-सतना, डॉ. अशोक मसकोले-शहडोल एवं अनूपपुर, रवि वर्मा-अशोकनगर, मिथुन अहिरवार-भोपाल, धर्मेन्द्र शर्मा-गुना, नीलाभ शुक्ला-खण्डवा, प्रदीप अहिरवार-मंडला, सीताशरण सूर्यवंशी-सिंगरौली, गुंजन शुक्ला-छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा, फरहाना खान बुरहानपुर, संगीता शर्मा-राजगढ़, राजकुमार केलू उपाध्याय-बैतूल, इंजी. ज्योति पटेल-दमोह, संतोष सिंह परिहार-सीधी, सुनील मिश्रा-जबलपुर एवं सिवनी, फिरोज सिद्दीकी-रतलाम, समर सिंह-मंदसौर एवं नीमच, योगेश यादव-धार, शैलेन्द्र पटेल-रायसेन, डॉ. राम पाण्डेय-मुरैना, सुश्री प्रियंका शर्मा-दतिया, हर्ष जैन-सीहोर, मृणाल पंत-इंदौर, हिमानी सिंह-पन्ना, आरपी सिंह-भिण्ड, रीतेश त्रिपाठी-रीवा शहरयार खान को शाजापुर का जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

---

## कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे, निरीक्षण कर निर्देश दिए

वीडी ने पीएम मोदी के भोपाल आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा, मप्र के लिए कई सौगातें लेकर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन को लेकर निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के दौरे पर पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को बुंदेलखंड की धरती पर धर्म एवं आध्यात्मिक केंद्र बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश के साथ दुनिया के कई देशों के उद्योगपति व निवेशक शामिल हो रहे हैं। लाखों करोड़ के निवेश होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए अनेक सौगातें लेकर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे ले जा रहे हैं।

### कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे पीएम मोदी



#### कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुंदेलखंड व भोपाल प्रवास के दौरान स्वागत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद व विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। मैं मप्र भाजपा के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर अभिनंदन करता हूं।*

### दिग्विजय सिंह हों या जीतू पटवारी, सभी डूबती नाव हो गए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जैसे कांग्रेस नेता मध्यप्रदेश को बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाया था। दिग्विजय सिंह हों या जीतू पटवारी सभी डूबती नाव हो गए हैं। खुद को सुर्खियों में बनाए रखने के लिए कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए निवेश से मध्यप्रदेश को स्वर्णिम और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का कार्य भाजपा की सरकार कर रही है। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं का बयान जनता जनार्दन का अपमान है।

### धर्म व संस्कृति की आभा बिखेर रहे युवा संत, कांग्रेस साधु-संत विरोधी

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री देश और दुनिया में धर्म-संस्कृति की आभा बिखेर रहे हैं। एक युवा संत धर्म के प्रति समर्पण के साथ आध्यात्मिकता की आवाज बने हुए हैं। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को लेकर कांग्रेस नेता जिस तरह अमर्यादित भाषा का उपयोग कर रहे हैं, इस तरह की भाषा सभ्य समाज में कोई स्वीकार नहीं करता है। कांग्रेस नेता हमेशा से साधु-संतों का विरोध करते रहे हैं।*

---

## जीआईएसः 20 से 23 फरवरी तक होंगे आयोजन

# एयरपोर्ट पर शहनाई-बांसुरी की धुन के साथ होगा अतिथियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पर्यटन काउंसिल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला करेगा। जीआईएस कर्टेन रेजर इवेंट में 20 से 23 फरवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पर्यटन काउंसिल भोपाल एवं एमपीआईडीसी संयुक्त आयोजन करेंगे। एयरपोर्ट पर प्रख्यात वादक शहनाई और बांसुरी की धुन के साथ अतिथियों का स्वागत करेंगे। तिलक लगाकर पारंपरिक अभिनंदन होगा।

जानकारी के अनुसार जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा जिला प्रशासन, नगर निगम एवं मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सहयोग से ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन से पूर्व 20 से 23 फरवरी तक लगातार शहर के विभिन्न स्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में आने वाले सभी अतिथियों का एयरपोर्ट पर मधुर संगीत एवं पारंपरिक अभिनंदन के साथ स्वागत किया जाएगा। सभी अतिथियों को तिलक तथा दुपट्टा डालकर उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके लिए एमपीआईडीसी एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति समिति ने विशेष प्रबंध किए हैं। जिला पर्यटन काउंसिल के संयुक्त सचिव रितेश शर्मा ने बताया सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी लोग शामिल रहेंगे।

08 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के बाद मप्र के नाम दर्ज...


12 बड़ी झील की लहरों पर तीसरे दिन कयाकिंग...






• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111


### यह हाल है प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल हमीदिया के: जूनियर डॉक्टर एसो. ने डीन को सौंपा ज्ञापन

# मैडम...खून की जांचों के लिए किट नहीं, साथ ही ऑपरेशन के लिए भी नहीं मिल रहे उपकरण

### खून की सामान्य जांच से लेकर बड़ी समेत एक दर्जन जांच बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया के हाल बेहाल है। हालात यह है कि अस्पताल में खून की सामान्य जांच के साथ ही एक दर्जन से ज्यादा जरूरी जांच बंद हैं। इसकी वजह जांच के लिए जरूरी टेस्ट किट नहीं होना है। यही नहीं आपरेशन के लिए जरूरी उपकरण नहीं मिलने से आपरेशन भी अटक रहे हैं। खासकर रात में आने वाले मरीजों को इमरजेंसी में आपरेशन की सुविधा नहीं मिल रही। यह आरोप बुधवार को गांधी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने लगाए। जूडा ने कॉलेज डीन डॉ. कविता एन सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अस्पताल में जांच न होने से मरीज परेशान हैं।

मालूम हो कि हमीदिया अस्पताल में हर दिन करीब 1000 से 1500 मरीजों की 2500 से ज्यादा जांच होती हैं। इन जांचों के लिए किट (रीएजेंट्स) खत्म हो गए हैं। किट खरीदी न होने से जांच नहीं हो पा रहीं। अस्पताल में हर रोज करीब 40 मरीजों को विटामिन डी व विटामिन बी 12 की जांच होती है। यह जांच नहीं हो रही है। प्रोस्टेट कैंसर का पता करने के लिए पीएसए, किडनी की बीमारी पता करने के लिए माइक्रो एल्बुमिन साधारण जांचें भी नहीं हो रहीं।

#### डीन को सौंपा ज्ञापन

अस्पताल में सामान्य जांच, उपकरणों की समस्या है। इमरजेंसी में एचआईवी जांच भी नहीं हो रही। सुरक्षा की स्थिति भी बेहतर नहीं है। हमने ज्ञापन सौंपकर इन कमियों को दूर करने की मांग की है।

डॉ. कुलदीप गुप्ता
अध्यक्ष, जूडा

#### यह जांच नहीं हो रहीं

- **एएनए** : खून में एंटीबॉडी की मात्रा पता करने, आटोइम्यून बीमारियों की पुष्टि होती है।
- **एएनसीए** : खून में न्युट्रोफिल जांचने। संक्रमणों से लड़ने की क्षमता का अनुमान लगता है।
- **सी पैप्टाइड** : खून या पेशाब में सी-पेप्टाइड की मात्रा के साथ इंसुलिन की जांच।
- **एंटी टीपीओ** : खून में थायरॉयड एंटीबॉडी के लिए, इससेऑटोइम्यून थायरॉयड रोगों का पता चलता है।
- **यूरिन एसीआर** : गुर्दे की बीमारी का पता लगाने में मदद करता है।
- **टोटल यूरिन प्रोटीन** : किडनी की बीमारी, यकृत विकार, और पोषण संबंधी कमियों का पता लगाने में मदद करता है।
- **एचडीएल**: कोलेस्ट्रॉल, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।
- **सीरम एल्केलाइन फॉस्फेट** लिवर की जांच
- **सीपीके एमबी**: नसों में ब्लॉकेज का रिस्क पता करने के लिए
- **ट्रोपोनिक आई**: हार्ट अटैक का रिस्क पता करने के लिए।

सभी जिला से लेकर 350 सामुदायिक केंद्रों के चिकित्सक जाएंगे हड़ताल पर

### आज से प्रदेश में 15 हजार डॉक्टर्स आंदोलन की राह पर, 18 मेडिकल कॉलेज शामिल

*राजधानी भोपाल के साथ-साथ मप्र में गुरुवार से 15 हजार डाक्टर हड़ताल पर जा रहे हैं। सरकार द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं करने पर चिकित्सक चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। दावा किया गया है कि हम जनता की सेवा का ध्यान रखेंगे और अपने अधिकारों के प्रति संघर्ष भी करेंगे। इस संदर्भ में बुधवार शाम भी लंबी बैठक चली। चिकित्सक महासंघ मप्र के बैनर तले यह चरणबद्ध आंदोलन हो रहा है। महासंघ के संयोजक डॉ. राकेश मालवीय ने बताया कि प्रदेश के सभी 52 जिला अस्पताल, कम्यूनिटी अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफीसर्स, 18 चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सा शिक्षक एवं मेडीकल ऑफीसर, ईएसआई के सभी अस्पताल के मेडिकल ऑफीसर्स, मेडिकोलीगल संस्थान के मेडिकल अधिकारी, संविदा चिकित्सक, जूनियर डॉक्टर्स इसमें शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि सभी जिला चिकित्सालयों के अलावा 350 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टर्स आंदोलन के पहले दिन काली पट्टी बांधकर काम करेंगे।*

### अचानक अस्पताल निरीक्षण पर निकलीं जीएमसी की डीन

### मरीजों ने डीन से कहा: समय पर नहीं बन रहे ओपीडी के पर्चे



गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने बुधवार की शाम अचानक हमीदिया अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्हें अनेक समस्याएं देखने को मिलीं। मरीजों ने बताया कि यहां कर्मचारियों की कमी दिक्कतें हो रही है। डीन सबसे पहले वह मेडीसिन वार्ड में गई, जहां उन्होंने अनेक मरीजों से बात की। उन्हें बताया गया कि समय से पर्चे तैयार नहीं हो रहे हैं। इसमें विलंब होने के कारण उपचार में देरी हो रही है। दवाएं भी समय से नहीं मिल पा रही हैं। काउंटरों पर बताया जा रहा है कि कर्मचारियों की कमी होने के कारण इस प्रकार के हालात निर्मित हो रहे हैं। स्वास्थ्य परीक्षण में भी निरंतर विलंब होता है। डीन ने मरीजों को आश्वासन दिया कि आगे उन्हें किसी भी प्रकार की समस्याएं नहीं होंगी। जो दिक्कतें हैं, उनमें सुधार किया जाएगा।

#### जल्द स्थापित होगी कैथलैब

*डीन ने नई बिल्डिंग में स्थापित की गई जा रही कैथलैब का निरीक्षण करने भी पहुंची। उन्होंने अधिकारियों से कैथलैब के संबंध में बातचीत कर जल्द ही कार्य पूरा करने निर्देश दिए। डीन ने कहा कि दूसरी कैथलैब बनने के कारण हृदय रोगियों की जांच में आने वाली परेशानियां दूर हो जाएंगी।*

### जीआईएस के लिए स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर

## अतिथियों के रुकने के स्थानों सहित पूरे शहर में तैनात रहेंगी एंबुलेंस और डॉक्टर्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में भोपाल में 24 व 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा व्यवस्थाएं दुरूस्त की हैं। समिट में आए अतिथियों के लिए कार्यक्रम स्थल पर अत्याधुनिक चिकित्सा इकाई बनाई जा रही है। यहां पर आईसीयू बेड्स, कार्डिएक डिफिब्रिलेटर, ऑक्सीजन, ईसीजी, मल्टीपेरा मॉनिटर, बीपी एंड ब्लड ग्लूकोज सहित तमाम आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम स्थल व टेंट सिटी में पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था रहेगी। आकस्मिक चिकित्सा स्थितियों में उपचार के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों का दल तैनात रहेगा। शासकीय और निजी चिकित्सा संस्था स्तर पर भी तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय कर एयरपोर्ट, होटल्स एवं कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सक दल, चिकित्सा उपकरणों सहित एंबुलेंसेज मौजूद रहेंगी।

#### नोडल अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

*ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को हाई अलर्ट मोड रखा गया है। सभी व्यवस्थाओं के समन्वय हेतु नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एयरपोर्ट, कार्यक्रम स्थल व होटल्स के अलावा पार्किंग स्थलों व रास्ते के मुख्य चौराहों पर भी एंबुलेंस तैयार रहेंगी। आवश्यकता होने पर 1 से 4 मिनट में आकस्मिक सेवा एवं एंबुलेंस उपलब्ध हो सके।*

*डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ*

#### टेंट सिटी में होगी पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था

*एयरपोर्ट, होटल्स, टेंट सिटी एवं कार्यक्रम स्थल को आकस्मिक चिकित्सा के लिए विभिन्न अस्पतालों के साथ टैग किया गया है। जिनके कंटेंजेसी हॉस्पिटल निकटस्थ निजी अस्पताल व एम्स और हमीदिया अस्पताल होंगे। कलियासोत पर बनाई गई टेंट सिटी में पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था रहेगी। एयरपोर्ट, होटल्स, टेंट सिटी एवं कार्यक्रम स्थल को आकस्मिक चिकित्सा के लिए विभिन्न अस्पतालों के साथ टैग किया गया है। समिट के दौरान 23 से 26 फरवरी के बीच पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सर्विसेज आकस्मिक स्थिति के लिए एयर एम्बुलेंस तैयार रखेंगी।*

#### निजी अस्पताल भी अलर्ट पर

स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित निजी अस्पताल से अपोलो सेज हॉस्पिटल, सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, बंसल अस्पताल, एलएन मेडिकल कॉलेज, चिरायु मेडिकल कॉलेज, नोबेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नर्मदा ट्रॉमा सेंटर, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज, पीपल्स मेडिकल कॉलेज, कैरियर एवं हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर इत्यादि की टीम 23 से 25 फरवरी के बीच चिकित्सा सेवाओं के लिए तैनात रहेंगी।

### खिड़की पर टॉवेल का लगाया फंदा और झूल गया, सुसाइड नोट बरामद

## सेंट जोसेफ स्कूल के हॉस्टल में आठवीं कक्षा के छात्र ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ पुलिस पीएम रिपोर्ट का कर रही इंतजार

तारासेवनिया के सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल फॉर एक्सीलेंस के हॉस्टल में मंगलवार शाम आठवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगा ली। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे करस्यू में लिखा गया है। सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि छात्र डिप्रेशन में था। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। परिजन ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस और एफएसएल प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मान रही है। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि संतोष कुशवाह नवीन नगर ऐशबाग में रहते हैं और किड्स स्कूल का संचालन करते हैं। उनका 14 साल का बेटा उत्कर्ष उर्फ वंश कुशवाहा सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल फॉर एक्सीलेंस में पढ़ता था। उत्कर्ष स्कूल के हॉस्टल में रहता था। मंगलवार शाम हॉस्टल के सभी छात्र मेस में खाना खाने गए थे, वहां से 8 बजे के आसपास लौटे तो उत्कर्ष हॉस्टल के कमरे की खिड़की पर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। हॉस्टल प्रबंधन के लोग मौके पर पहुंचे और उत्कर्ष को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उत्कर्ष को मृत घोषित कर दिया।

#### कमरे में मिला सुसाइड नोट

*परिजन का कहना है कि रात करीब 9 बजे उन्हें उत्कर्ष के आत्महत्या किए जाने की जानकारी मोबाइल पर हॉस्टल से मिली थी। वे अस्पताल पहुंचे तो बेटे का शव मर्चूरी में रखा हुआ था। इधर, अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। निरीक्षण में हॉस्टल के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट करस्यू में लिखा हुआ है, जिसका पुलिस ट्रांस्लेट करवा रही है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि डिप्रेशन में था। सुसाइड नोट जब्त कर हेंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास जांच के लिए भेजा गया है।*

### आईटी विभाग के जेल में पूछताछ के आवेदन पर भी आज सुनवाई

■ ईडी के वकील ने जमानत आवेदन पर दर्ज कराई आपत्ति, कहा- आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप
■ सोमवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने निर्णय रखा सुरक्षित

## ईडी कोर्ट में सौरभ शर्मा की जमानत पर फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जिला अदालत स्थित स्पेशल ईडी कोर्ट ने फिलहाल ज्यूडिशियल रिमांड पर सेंट्रल जेल में बंद सौरभ शर्मा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है।

बुधवार को कोर्ट में सौरभ की तरफ से जमानत याचिका पर उनके वकील राकेश पाराशर मौजूद रहे, जबकि ईडी की तरफ से उनके अधिवक्ता वीसी के जरिए जुड़े। सुनवाई के दौरान वकील पाराशर द्वारा तर्क दिया गया कि सौरभ को झूठा फंसाया जा रहा है, उसका आपराधिक बैकग्राउंड नहीं है। इसके अलावा उन्होंने यह भी दलील दी कि गोल्ड और कैश से भरी कार से उनका कोई लेना देना नहीं है। साथ ही यदि जमानत दी गई तो कहीं फरार होने की संभावना नहीं है। इधर, ईडी के वकील ने जमानत आवेदन पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप है। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अदालत ने फिलहाल फैसला सुरक्षित रखा है। गुरुवार को स्पेशल ईडी कोर्ट जमानत पर अपना निर्णय देगी। सोमवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी एक आवेदन स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट में लगाया था। सौरभ, चेतन और शरद से जेल जाकर पूछताछ की अनुमति कोर्ट से मांगी है। आयकर विभाग के इस आवेदन पर भी सुनवाई गुरूवार को स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट के जज रामप्रताप मिश्र करेंगे। इस केस में आयकर विभाग की तरफ से अधिवक्ता हर्षवर्धन टोपरे वीसी के जरिए जुड़ेंगे, जबकि भोपाल से उनके सहयोगी मो. इकराम आयकर विभाग का पक्ष रखेंगे। गौरतलब है कि लोकायुक्त, ईडी और आयकर के छापों में करोड़ों की संपत्ति मिलने के बाद फिलहाल परिवहन विभाग का पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर 14 दिनों की ज्यूडिशियल रिमांड पर सेंट्रल जेल भोपाल में बंद हैं। तीनों को अलग अलग बैरक में रखा गया है।

#### सौरभ की दूसरी जमानत याचिका पर भी सुनवाई

सौरभ के वकील द्वारा दो जमानत आवेदन,स्पेशल ईडी कोर्ट और स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट में पेश किए गए थे। इसमें सचिन घोष की स्पेशल ईडी कोर्ट में सुनवाई हो गई है। गुरुवार को स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट में सुनवाई होगी। सोमवार की शाम पेश इस आवेदन पर सुनवाई दो दिन टल गई थी, क्योंकि जज रामप्रताप मिश्र दो दिन के अवकाश पर थे।


### रेलवे की नई पार्सल नीति से छोटे व्यापारियों को बड़ा फायदा

## अब छोटे व्यापारी भी मालगाड़ी से भेज सकेंगे सामान, 14 टन का लगेगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल ने छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हित में मालगाड़ी से सामान भेजने की अपनी नीतियों में बदलाव किए हैं। कम मात्रा एवं वजन का सामान अभी तक व्यापारी रेलवे के पार्सल वैन के द्वारा ही भेज सकते थे।,

मालगाड़ी डिब्बों से भेजने के लिए पूरी गाड़ी को किराए पर लेना होता था। भोपाल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने माल लदान की अपनी नीति में बदलाव किए हैं। अब सीमेंट, कोयला, खाद्यान्नों इत्यादि बड़े मदों के साथ-साथ अन्य सामान जैसे दवाइयां, दुग्ध उत्पाद, मसाले, कपड़े, बिजली के उपकरण इत्यादि छोटे मद भी बीसीएन (बोगी कवर्ड वैगन) में लदान कर परिवहन किए



जा सकेंगे। इससे छोटे व्यापारियों को लाभ होगा एवं रेलवे को राजस्व प्राप्ति के लिए नया स्रोत मिलेगा। इसके लिए परिवहन किए जाने वाले सामानों की सूची निर्धारित की गई है। इन मदों का माल भाड़ा मालगाड़ी मे भी पार्सल वैन की तरह पार्सल दरों पर ही निर्धारित किया गया है। व्यापारी को एक वैगन मे कम से कम न्यूनतम वजन 14 टन या अधिक वजन होगा तो उसका का शुल्क लिया जाएगा। इस तरह बुक किए गए सामानों में मालगाड़ी के डिब्बों की संख्या भी 42 के स्थान पर न्यूनतम संख्या भी 30 निर्धारित की गई है।

#### सुरक्षा और गुणवत्ता का रहेगा ध्यान

*सुरक्षा और गुणवत्ता का रहेगा ध्यान रेलवे ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन वैगनों को पूरी तरह से साफ रखा जाएगा और कोई भी सीमेंट, कोयला या अन्य पूर्व लोड सामग्री नहीं होगी, ताकि व्यापारियों के उत्पाद सुरक्षित रहें। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जोनल रेलवे नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिर्फ सूचीबद्ध वस्तुएं ही इन वैगनों में लोड की जा रही हैं। इसके अलावा, समय पर रेक की आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी ताकि सामान समय से गंतव्य तक पहुँचे।*

### लिंक रोड-1 नंबर स्थित शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष सामाजिक कार्यक्रम के दौरान हंगामा

## शिवाजी महाराज जन्मोत्सव पर माइक किया बंद लोग धरने पर बैठे, तहसीलदार ने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लिंक रोड-1 नंबर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा के समक्ष चल रहे सामाजिक कार्यक्रम के दौरान आयोजन को रुकवाने और माइक बंद कराने पर हंगामा खड़ा हो गया। इस दौरान भाजपा पार्षद पप्पू विलास घाडगे और भाजपा नेता कृष्णा घाडगे के नेतृत्व में मराठी और कुनबी समाज के लोग तहसीलदार से माफी मंगवाने धरने पर बैठ गए। चक्काजाम कर दिया।

तहसीलदार ने समाज जनों के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर नमन किया। इसी दौरान किसी असामाजिक तत्व द्वारा तहसीलदार व





प्रशासनिक अमले को लेकर अपशब्दों का उपयोग किया गया, जिसके बाद मामला एक बार फिर गर्मा गया। जिला प्रशासन ने अभद्रता करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया है। वहीं, दूसरी ओर समाज जनों का कहना है कि वे पिछले 20 साल से यहां कार्यक्रम करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन ने कार्यक्रम बंद करवा दिया। जिला प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम के आयोजन और स्पीकर लगाने की अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं, जीआईएस के चलते बिना अनुमति के कार्यक्रम करने पर प्रतिबंध है।

#### कलेक्टर के आदेश पर पहुंचा अमला

*मराठी व कुनबी समाज द्वारा पिछले 20 सालों से लिंक रोड नंबर 1 स्थित रेडक्रॉस अस्पताल के पास बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने 19 फरवरी को शिवाजी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस साल भी समाज जनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। लेकिन ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के चलते कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टीटी नगर तहसीलदार कुणाल राउत से मौके पर जाकर कार्यक्रम को बंद कराने को कहा। इसके बाद जिला प्रशासन का अमला दल बल के साथ मौके पर पहुंचा और लोगों से कार्यक्रम बंद करने की अपील की। इसी दौरान लोगों ने भाजपा पार्षद पप्पू विलास घाडगे और भाजपा नेता कृष्णा घाडगे को प्रशासन द्वारा कार्यक्रम बंद कराने की जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे भाजपा नेताओं की तहसीलदार सहित अमले के साथ तीखी बहस हुई, जिसके बाद भाजपा पार्षद क नेतृत्व में सभी लोग मौके पर ही धरने पर बैठ गए और तहसीलदार से माफी मांगने की मांग रख दी। मामला गर्माता देख तहसीलदार ने प्रतिमा के समक्ष हाथ जोड़कर नमन कर चक्काजाम को खत्म करवाया। इसी दौरान किसी युवक ने अपशब्द बोल दिए। जिस पर तहसीलदार राउत ने नाराजगी जताते हुए टीटी नगर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई कराने की बात कही है।*

#### माइक के तार खींचे

*हम लोग हर साल की तरह ही इस साल भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। इसी दौरान तहसीलदार कुणाल राउत आए और उन्होंने माइक के तार खींचे और टैंट कुर्सियां हटवा दीं। इसे लेकर समाज जनों ने नाराजगी जताई और विरोध प्रदर्शन किया।*

*कृष्णा घाडगे, भाजपा नेता*

#### तार खींचना हमारा काम नहीं

*जीआईएस के चलते कलेक्टर भोपाल के आदेश पर कार्यक्रम को रोकने गए थे। कार्यक्रम की परमिशन नहीं ली गई थी। इसी कारण कार्यक्रम को बंद करने को कहा गया। माइक के तार खींचना, टैंट उखाड़ना हमारा काम नहीं है। लोगों की भावनाओं को देख हमने छत्रपति शिवाजी महाराज के समक्ष हाथ जोड़कर नमन किया और क्षमा मांगी। अमले के साथ गाली गलौच करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

*कुणाल राउत, तहसीलदार, टीटी नगर*

# आलिया: विक्की कौशल! आप क्या हैं?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी हाल में रिलीज हुई फिल्म छावा के लिए तारीफें बटोर रहे हैं। एक्टर की दमदार एक्टिंग के लिए फैंस समेत फिल्म इंडस्ट्री के उनके साथी भी प्रभावित हो गए हैं। विक्की को छावा बने देख आलिया भट्ट भी खुद को एक्टर की तारीफ करने से रोक नहीं पाई। फिल्म छावा में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। जब-जब एक्टर छावा बने स्क्रीन पर नजर आते हैं थिएटर में चिल्लाहट मच जाती है। आलिया ने भी एक्टर की परफॉरमेंस देख कर यही महसूस किया। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर विक्की की तारीफ करते हुए लिखा, 'विक्की कौशल! आप क्या हैं? छावा में आपके परफॉर्मेंस से उबर नहीं पा रही हूं। बता दें



कि आलिया और विक्की ने 2018 में मेघना गुलजार की फिल्म राजी में साथ काम किया था। इसके अलावा दोनों संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर कपूर भी लीड रोल में होंगे। विक्की की परफॉरमेंस देखने के बाद कैटरीना कैफ ने भी एक पोस्ट शेयर किया था।

एक्ट्रेस ने लिखा था, 'क्या शानदार फिल्म है और छत्रपति संभाजी महाराज की बहादुरी को दिखाने का कितना बड़ा काम किया गया है। लक्ष्मण उतेकर ने इस कहानी को बहुत अच्छे तरीके से दिखाया है, मैं बेहद खुश हूं। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको हैरान कर रख देंगे।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं इस फिल्म को देखकर कुछ बोलने लायक नहीं बची हूं। विक्की आप सच में कमाल के एक्टर हैं, जब भी आप स्क्रीन पर आते हैं, हर सीन में, जो इमोशन और एनर्जी आप लेकर आते हैं, वो गजब है। जिस तरह से आप अपने किरदार में ढल जाते हैं, वह बहुत ही नेचुरल लगता है। मुझे आप पर और आपकी मेहनत पर गर्व है।'

'छावा' में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जबकि रश्मिका मंदाना ने महारानी येसुबाई का किरदार किया है। मड्डॉक फिल्म्स ने छावा को प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना ने मुगल शहंशाह औरंगज़ेब, आशुतोष राणा,दिव्या दत्ता और डायना पेंटी अहम किरदार में नजर आए हैं। फिल्म 14 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुई थी और अब तक दुनियाभर में 195 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील- कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 4987 अ-6/2024-25

::: उद्घोषणा पत्र ::

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रुहिना सुल्तान D/O स्व. श्री अब्दुल शकूर निवासी भोपाल ने म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर फौती/वसीयत / रजिस्टर्ड विक्रय/दान/ विनियम पत्र क्रमांक MP059702023A12527795 दिनांक 2/11/25, ग्राम बाबड़िया कलां स्थित भूमि खसरा नंबर - 398, 400, 402, 404, 401 का अंश भाग भूखंड क्र. बी-47 जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट है।

भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 00/02/25 या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 17/02/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

क्रमांक. 172/का.यं.-4/ई-निविदा/भोविप्रा/2025 भोपाल, दिनांक : 19.02.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा प्रपत्र में वर्णित पंजीयन एवं पात्रता संबंधी मानदंडों को पूर्ण करने वाले ठेकेदारों एवं प्रतिष्ठित फर्मों/कंपनियों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा प्रतिशत दर आधार पर आन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा का सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत पी.ए.सी. (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | कार्य पूर्ण करने हेतु निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_DTCP_403005 | मास्टर प्लान रोड के सेंट्रल वर्ज और साइड वर्ज पर मौजूदा पौधारोपण के रखरखाव का कार्य एवं एयरोसिटी फेज- 1, भोपाल में अतिरिक्त पौधरोपण का कार्य। | 30.55 लाख | 7500/- पोर्टल फीस के अतिरिक्त | 36 माह (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा संबंधित अन्य विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं पोर्टल फीस की राशि के माध्यम से उल्लेखित वेबसाइट पर भुगतान कर दिनांक 21.02.2025 को 17:30 बजे से दिनांक 04.03.2025 को 17:30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं, अन्य Key Dates उल्लेखित वेबसाइट/निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है एवं दिनांक 05.03.2025 को 17:30 बजे निविदा खोली जाएंगी। 3. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही सूचित किए जाएंगे। 4. अन्य संबंधित जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस व समय में प्राप्त की जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/118882/2025 **कार्यपालन यंत्री**


## पेज एक का शेष...

### फिल्म 'छावा' ...

प्राण दे दिए थे। छावा उन पर बनी ऐतिहासिक फिल्म है। यह फिल्म राष्ट्रप्रेम का संदेश देती है। शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज की देश भक्ति और उनके जीवन की विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाओं से नागरिकों को परिचित करवाने के लिए मध्यप्रदेश में फिल्म टैक्स फ्री रहेगी।

### नक्सलियों पर अंकुश...

नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्णतः सक्रिय है।

**बालाघाट में नक्सली बैकफुट पर:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस की कुशल रणनीति के फलस्वरूप बालाघाट में नक्सली बैकफुट पर आ चुके हैं। राज्य में कहीं भी नक्सल गतिविधियां संचालित न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिसकर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। राज्य सरकार ने बालाघाट और जहां आवश्यक हो, वहां नक्सलियों से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था की हैं।

**जंगल का फायदा उठाकर भागे नक्सली:** मुठभेड़ के दौरान अन्य नक्सली भी घायल हुए, जो कि घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। घायल नक्सलियों की तलाश के लिए पुलिस ने जंगल में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने इस ऑपरेशन में हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा कमांडो और जिला बल की टीमों को शामिल किया। कुल मिलाकर, 12 से अधिक टीमों द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा, ताकि भागे हुए नक्सलियों को पकड़ा जा सके।

### किसानों को धान...

को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।

**अब 250 की आबादी वाले गांवों में भी बनेंगीं सड़कें:** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि अब 250 की आबादी वाले गांवों में भी सड़कें बनाई जाएंगी। गरीबों को पक्का मकान देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। समाज के वंचित वर्ग को पक्के मकान मिलने चाहिए। डॉ यादव ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की हैं। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 हो रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी पधार रहे हैं।

**अटलजी के सामने पक्ष-विपक्ष सभी नतमस्तक थे:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि अटलजी का व्यक्तित्व काफी विराट था। इस वर्ष उनकी जन्मशताब्दी मनाई जा रही है। देश में पहली बार गांव-गरीब के बारे में किसी ने सोचा तो वे श्रद्धेय वाजपेयी जी थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज गांवों में आवागमन सुगम हुआ है। गांवों को विकास और शहरों से जोड़ने वाले पहले व्यक्ति भारत रत्न अटलजी ही थे, जिनके सामने संसद में पक्ष-विपक्ष के सभी नेता नतमस्तक रहते थे।

### मोटरसाइकिल सवार...

अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। यादव ने बिना नाम लिए कहा कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे पकड़ने के लिए खोजबीन जारी है। उन्होंने उसका नाम नहीं बताया। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना जौरा के काली माता रोड स्थित शिवहरे धर्मशाला में मंगलवार रात की है। यहां हरिदास शाक्य की बेटी की शादी थी। मौसी की शादी में 5 साल का विहान उर्फ गप्पू भी अपने परिजन के साथ बागचीनी से आया था। शादी समारोह के दौरान वह दूसरे बच्चों के साथ बाहर खेल रहा था।रात करीब 9 बजे गोली चलने की आवाज आई। लोगों ने बाहर आकर देखा तो विहान लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। उसके सीने के बाईं तरफ गोली लगी थी।प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद बाइक सवार कुछ लड़के तेजी से भागते नजर आए थे। इस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें हरिदास शाक्य का पड़ोसी अभिषेक शाक्य कट्टा चलाता दिखा। इसकी गोली विहान को लगी थी। पुलिस उसे पकड़ने घर पहुंची तो वहां ताला लगा मिला। हत्या का केस दर्ज कर हर संभावित ठिकाने पर अभिषेक की तलाश की जा रही है।

### अस्पताल में चेकअप...

रही है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध यूट्यूब और टेलीग्राम चैनलों पर महिलाओं के वीडियों को बेचकर मोटी कमाई कर रहे थे।

**ये है पूरा मामला?:** दरअसल पायल मैटरनिटी अस्पताल में जांच कराने वाली महिला मरीजों के निजी वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर अपलोड किए जा रहे थे। इस मामले में राजकोट साइबर क्राइम के अधिकारियों सहित एक टीम पायल अस्पताल पहुंची, जांच की और आवश्यक साक्ष्य जब्त किए। अस्पताल के जांच विभाग में महिलाओं की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी लगाया गया था। उसके जरिए चेकअप के वीडियो बनाए गए और उन्हें बिक्री के लिए सोशल मीडिया साइटों पर पोस्ट किया गया। इससे भारी हंगामा मच गया। यह भी जानकारी सामने आई है कि ये सभी वीडियो मेघा एमबीबीएस यूट्यूब और टेलीग्राम पर बिक्री के लिए डाले गए थे।

### मुख्य आरोपी का शॉर्ट...

में ये साफ हो गया है कि शिवाय के अपहरण के पीछे कोई पेशेवर गैंग नहीं है। मामले की सच्चाई चौंकाने वाली हो सकती है, इसलिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को कहा गया है कि बिना जल्दबाजी के ठोस सबूत इकट्ठा कर फिर एक्शन लिया जाए। बता दें कि 13 फरवरी को ग्वालियर की सीपी कॉलोनी से 6 साल के शिवाय का बाइक सवार दो बदमाशों ने अपहरण किया था। उसी दिन पुलिस की सख्त नाकाबंदी के चलते वह शिवाय को मुरैना में छोड़कर भाग गए थे। जिसके बाद हाल ही में मुरैना पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपी बंटी गुर्जर और राहुल गुर्जर को शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ा था। पूछताछ में पता चला है कि कुल 7 लोगों ने मिलकर शिवाय अपहरण कांड को अंजाम दिया था। मोनू गुर्जर और भूरा गुर्जर ने शिवाय की रेकी की। इन दोनों ने अपहरण की प्लानिंग की और घर में छिपाकर रखा। पुलिस ने दोनों आरोपियों का जुलूस निकालकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया।

### 8 की मौत...

लौट रहे थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग उपध्याय परिवार से थे और प्रयागराज से मुंबई के पलावा जा रहे थे। शाजापुर में रात करीब दो बजे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। अनूपपुर में यात्री बस सड़क किनारे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। 23 यात्री घायल हैं।

### साल में दो बार सीबीएसई...

होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सोमवार को सीबीएसई ने साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित कराने का प्रेजेंटेशन दिया है।

**अप्रैल में शुरू होगा नया सत्र:** सीबीएसई बोर्ड का इसी अप्रैल में नया सत्र शुरू होगा। इसके आसपास बोर्ड की ओर परीक्षा की अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त शिक्षण वातावरण बनाना सरकार का फोकस रहा है। परीक्षा सुधार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। यह सुधार एनईपी 2020 के प्रमुख प्रावधानों के कार्यान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री...

सचिव स्कूल शिक्षा, सीबीएसई अध्यक्ष और मंत्रालय और सीबीएसई के अन्य अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इन विचार-विमर्शों की मसौदा योजना जल्द ही सीबीएसई द्वारा सार्वजनिक परामर्श के लिए रखी जाएगी। यह सुधार एनईपी के प्रमुख प्रावधानों के कार्यान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और छात्रों के बीच परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने में मदद करेगा।

### रेखा गुप्ता दिल्ली...

रखा, जिससे कई अन्य विधायकों द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ भी मौजूद थे। दिल्ली भाजपा विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। बुधवार सुबह से ही मुख्यमंत्री के नाम को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे थे। शालीमार बाग विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनी रेखा गुप्ता पार्टी संगठन में अपने अनुभव और दिल्ली नगर निगम में अपनी कार्यदक्षता के बल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद बनी। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद दिल्ली की चौथी और भाजपा की पांचवीं महिला मुख्यमंत्री रेखा बनेंगी। आरएसएस की तरफ से भी उनके नाम पर सहमति जताई गई। दोपहर को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच बैठक हुई और विधायक दल की शाम को होने वाली बैठक की रणनीति तय की गई।

**कौन बनेगा मंत्री:** मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद अब सबकी नजर इस बात पर है कि मंत्री कौन-कौन विधायक बनेंगे। सूत्रों का कहना है कि रेखा गुप्ता सरकार की बागडोर संभालेंगी और ऐसे में अब मंत्रीमंडल में किसी महिला विधायक को शामिल करने की संभावना नहीं है। मंत्री बनने की दौड़ में प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, आशीष सूद, कैलाश गहलोट, अभय वर्मा, रविंद्र सिंह नेगी और अनिल शर्मा फिलहाल आगे बताए जा रहे हैं।


**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.

R-07 to 21-02-2025

लिमिटेड कंपनी को जरूरी 10th से Graduation पास लड़कों की सर्वे करना, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, सेलरी 18500/- से 45750/- रहना खाना फ्री 08588080514

.R-20 to 21-02-2025

**नाम परिवर्तन**

मैं, मूर्ति देवी पत्नि श्री राम बहादुर सिंह, आयु वयस्क निवासी-29 बी बटालियन एस.ए.एफ कॉलोनी, दतिया (मध्य प्रदेश) वर्तमान मेरा नाम मूर्ति देवी है और मैं इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूँ एवं मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पेनकार्ड में भी मेरा नाम मूर्ति देवी अंकित है। विवाह के पूर्व मेरा नाम राममूर्ति था तथा विवाह के पश्चात् मैंने अपने आधार कार्ड एवं पैनकार्ड में अपना नाम मूर्ति देवी परिवर्तित करवा लिया था। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम मूर्ति देवी के नाम से जाना व पहचाना जावे शपथ पत्र क्रमांक बीएफ 669067 निवासी-29 बी बटालियन एस.ए.एफ कॉलोनी, दतिया (मध्य प्रदेश)

**नाम परिवर्तन**

मैं जगदीश रायकवार पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण रायकवार निवासी मकान नंबर 18 रिसालदार कॉलोनी छोला रोड भोपाल,मेरे पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी नंबर 21626237 में मेरे पिता का नाम लक्ष्मी नारायण अंकित है मेरे पैन कार्ड व आधार कार्ड में मेरे पिताजी का नाम लक्ष्मी नारायण रायकवार है जो की सही व सत्य है यह की सभी शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम लक्ष्मी नारायण रायकवार ही दर्ज है जो की सही वह सत्य है शपथ पत्र मेरे पिता का नाम लक्ष्मी नारायण रायकवार सही करने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूं मेरा शपथ पत्र क्रमांक बीएफ 767651 है

**नाम परिवर्तन**

मैं काव्यांश कुमार वर्मा आत्माज श्री नरेश वर्मा निवासी बी- 208/ऐ 1 सिल्वर स्टेट वाटिका कटारा हिल्स भोपाल, मेरा नाम काव्यांश कुमार वर्मा (Kawyansh kumar Varma) है जिसे बदलकर काव्यांश सिंह (Kavyansh Singh) कर दिया जावे जिसका जन्म प्रमाण पत्र कस्तूरबा हॉस्पिटल भेल भोपाल जन्म तिथि 18/02/2015 मध्य प्रदेश से बना है यह कि मेरा नाम काव्यांश सिह पुत्र श्री नरेश वर्मा जो की सही व सत्य है मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी हो तो मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा मुझे आज से काव्यांश सिंह पुत्र श्री नरेश वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावे

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरुवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5784

**बाएँ से दाए**
1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5783 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5794

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | | 2 | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल- 5793 का हल

[illegible]

भारतीय रेल आध्यात्मिक समागम में दे रहा बड़ा योगदान

# महाकुंभ-2025 में पहले ही 53 करोड़ लोग कर चुके हैं पवित्र स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में महाकुंभ-2025 में पहले ही 53 करोड़ पवित्र स्नान हो चुके हैं, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन गया है। प्रतिदिन लाखों भक्तों के आने के साथ भारतीय रेलवे तीर्थयात्रियों के निर्बाध परिवहन के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं। महाकुंभ क्षेत्र के लिए पिछले 3 वर्षों में 5 हजार करोड़ के काम के साथ एक विशाल लॉजिस्टिक प्रयास किया गया है, ताकि सभी यात्रियों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित किया जा सकें।

इसके अलावा उन्नत रेलवे स्टेशन, 13 हजार से अधिक ट्रेनें चलाने की योजना और बेहतर भीड़ प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। भारतीय रेल इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन को किस तरह से सुविधाजनक बना रहा हैं। महाकुंभ 2025 के लिए बड़े पैमाने पर रेल संचालन, निर्बाध यात्रा के लिए ट्रेनों का डायवर्जन, यात्री आवागमन को प्राथमिकता देने के लिए सभी मालगाड़ियों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में डायवर्ट किया गया है। शंटिंग संचालन से बचने के लिए दोनों तरफ ट्रेन सेट या इंजन के साथ 200 रेक तैनात किए गए हैं। 26 फरवरी, 2025 तक 13 हजार ट्रेनों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 16 फरवरी तक 12 हजार 583 ट्रेनें पहले ही चल चुकी है।



## अधिकतम श्रद्धालुओं को प्रयागराज पहुंचा रहा रेलवे

13 जनवरी 2025 से भारतीय रेल ने प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में 3.09 करोड़ तीर्थयात्रियों को संभाला है। 17 फरवरी को 18.60 लाख यात्री और 16 फरवरी को 18.48 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले दो दिनों में यात्रियों की सबसे अधिक आवाजाही में से एक है। इसके साथ ही 15 फरवरी को 14.76 लाख, 12 फरवरी को 17 लाख, 10 और 11 जनवरी को 14 लाख, 30 जनवरी को 17.57 लाख, 29 जनवरी को 27 लाख, 28 जनवरी को 14.15 लाख, 14 जनवरी को 13.87 लाख यात्रियों का आवागमन हुआ।

### स्टेशनों पर बढ़ाई यात्री सुविधाएं

*बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवस्था, भीड़ के प्रवाह को प्रबंधित करने के लिए 9 रेलवे स्टेशनों पर दूसरी ओर से प्रवेश व्यवस्था, यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए 48 प्लेटफॉर्म और 21 फुट ओवर ब्रिज, भारतीय रेलवे ने व्यापक निगरानी प्रणाली के तहत प्रयागराज मेला क्षेत्र के 9 स्टेशनों पर 1186 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। प्रतीक्षारत यात्रियों के प्रबंधन के लिए 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र, प्रमुख स्टेशनों पर 12 भाषाओं में घोषणाएं की गईं। टिकटिंग प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए 151 मोबाइल यूटीएस टिकटिंग पॉइंट सहित 554 टिकटिंग व्यवस्थाएं, प्रमुख रेल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए 3700 करोड़ का निवेश किया गया।*

एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं एनडीडीबी के बीच होगा सहकारिता अनुबंध का निष्पादन

# एनडीडीबी के हाथों में 25 फरवरी से आएगा मध्यप्रदेश सांची डेयरी का प्रबंधन और संचालन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट होने जा रही है। इसमें देश और विदेश के बड़े उद्योगपति शामिल होंगे, जो मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक हैं। वहीं जीआईएस के दौरान ही मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड यानि एनडीडीबी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

पशुपालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादक किसानों और




उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए सांची के 6 प्लांटों का एनडीडीबी के साथ संचालन को लेकर अनुबंध किया जाना है। इस एमओयू को लेकर ड्रॉफ्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में एमओयू

*इस अनुबंध के तहत मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और उससे जुड़े दुग्ध संघों का प्रबंधन और संचालन का जिम्मा अगले 5 साल के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपा जाएगा। यह एमओयू जीआईएस के दूसरे दिन होगा। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीआईएस का शुभारंभ करेंगे, जबकि केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को इसके समापन समारोह में शामिल होंगे। मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव ने अमित शाह की भोपाल में मौजूदगी को देखते हुए एनडीडीबी और सांची के बीच एमओयू की तारीख फाइनल कर दी है।*

## एवीपी इंफ्राकॉन को प्राप्त हुआ 87 करोड़ का एलओए

**चेन्नई।** एवीपी इंफ्राकॉन लिमिटेड को सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर हाईवे कंस्ट्रक्शन एंड मेंटेनेंस, तिरुवन्नामलाई सर्कल से तमिलनाडु में थिरुकोइलुर-असानूर सड़क के चौड़ीकरण और मजबूती के लिए स्वीकृति पत्र यानी कि लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस (एलओए ) प्राप्त हुआ है। यह परियोजना, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 86.54 करोड़ रुपए है, दो लेन की सड़क को चार लेन में चौड़ा करने और प्रमुख अवसंरचनात्मक सुधारों को शामिल करने से संबंधित है।

# यूएई में ऑनलाइन बिकेगा कैंपा, 'नून मिनट्स' 15 मिनट में करेगा डिलीवरी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का ब्रांड कैम्पा अब यूएई के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'नून मिनट्स' पर भी उपलब्ध होगा।

यूएई के ग्राहकों को कैम्पा की डिलीवरी 15 मिनट से भी कम समय में मिलेगी। कंपनी का दावा है कि यह रणनीतिक सहयोग 'नून मिनट्स' के पेय पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। कंपनी ने कैम्पा को यूएई के बाजारों में उतारने की घोषणा की थी। अली काफिल-हुसैन, चीफ ऑफ स्टाफ, नून ने कहा कि नून मिनट्स ग्राहकों को उनके पसंदीदा उत्पाद तुरंत पहुंचता है। कैम्पा हमारे पोर्टफोलियो




को मजबूत करेगा। हम इस पेय को यूएई में लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह साझेदारी एक मील का पत्थर साबित होगी क्योंकि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक लोग तेज़ी से कैम्पा का आनंद उठा सकें। हमारा मिशन है ग्राहकों तक कहीं अधिक तेजी से बेहतरीन उत्पाद पहुंचाना। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा कि हम नून मिनट्स के साथ कैम्पा की विशेष साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। हम यूएई में अपनी उपस्थिति बढ़ाते जा रहे हैं और ई-कॉमर्स अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने की हमारी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इनोवेशन और मजबूत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मशहूर नून, यूएई में उपभोक्ताओं तक कैम्पा की रेंज को आसानी से पहुंचाने के लिए एक आदर्श भागीदार है।

## खबर संक्षेप

### टीवीएस मोटर ने लांच की टीवीएस रोनिन

**बेंगलुरु।** टीवीएस मोटर ने मार्केट में 2025 टीवीएस रोनिन को लांच कर दिया है। कंपनी की ये बाइक इंडियन मार्केट में काफी पॉपुलर है। अब कंपनी ने इसे नए रंगों में पेश किया है। इसके साथ ही बाइक में स्लीक डिजाइन और नए फीचर्स को भी ऐड किया गया है। इस नए एडिशन की शुरुआती कीमत 1.59 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है। हेड बिजनेस बिमल सुंबली ने यह जानकारी दी।

### वॉकरू ने लांच किए 1000 नए फुटवियर

**इंदौर।** वॉकरू ने इंदौर के ट्रेड शो 2025 में फुटवियर के 1000 से ज्यादा मॉडल लांच किए। यह डिजाइन मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में ग्राहकों की जीवनशैली तथा उनकी पसंद के अनुसार तैयार किये गये हैं। वॉकरू ग्रुप के डायरेक्टर मनोज बैस्टियन ने कहा कि हमारा लक्ष्य है भारत का सबसे पसंदीदा ब्रैंड बनना। इसके लिये हम ग्राहकों की काम-काज सम्बंधी जरूरतें ही पूरी नहीं करते हैं।

### बाणगंगा पेपर ने ऊर्जा की दिशा में कदम उठाया

**नाशिक।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड जिसे पूर्व में इनर्शिया स्टील लिमिटेड के नाम से जाना जाता था ने स्थायी ऊर्जा अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, बाणगंगा पेपर मिल्स लिमिटेड, ने लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ एक पावर पर्चेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं, लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में 2.5 मेगावाट डीसी ग्राउंड-माउंटेड संचालन करेगा।

ग्राहक जुड़ाव को नए सिरे से परिभाषित करने की तैयारी

# एलआईसी ने प्रोजेक्ट डाइव के तहत मार्केटिंग टेक प्लेटफॉर्म लांच किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपना मार्टेक प्लेटफॉर्म लांच किया है। यह प्लेटफॉर्म एलआईसी को हाइपर-पर्सनलाइज्ड ग्राहक जुड़ाव प्रदान करने और डिजिटल बीमा नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सक्षम बनाता है।

एलआईसी कहा कि उसने ग्राहक जुड़ाव को फिर से परिभाषित करने के लिए अपना मार्केटिंग टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म डिजिटल इनोवेशन एंड




वैल्यू एन्हांसमेंट में पहला बड़ा मील का पत्थर है। एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि यह लांच बीमा उद्योग में वैश्विक डिजिटल चैंपियन बनने की दिशा में एलआईसी का पहला कदम है, जो अभूतपूर्व पैमाने पर ग्राहक जुड़ाव में क्रांति लाने के लिए विश्व स्तरीय तकनीक का लाभ उठा रहा है। मार्टेक प्लेटफॉर्म के लॉन्च के साथ एलआईसी ने डिजिटल परिवर्तन की अपनी साहसिक नई यात्रा पर पहली छलांग लगाई है, जो बीमा क्षेत्र में ग्राहक जुड़ाव को फिर से परिभाषित करेगी। यह पहल पॉलिसीधारकों, संभावनाओं और एजेंटों के साथ सहज और व्यक्तिगत तरीके से जुड़ने की हमारी क्षमता को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि मार्टेक सिर्फ़ एक तकनीकी उन्नयन से कहीं ज़्यादा है, यह एक रणनीतिक बदलाव है जो एलआईसी को डिजिटल बीमा नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है।

## नायसस विदेशी बाजार में विस्तार करेगी

**मुंबई।** नायसस फाइनेंस सर्विसेज को लिमिटेड ने घोषणा की है कि दुबई-स्थित फंड सलाहकार, नायसस फाइनेंस इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंसी एफजेडसीओ ने वैश्विक अग्रणी निवेश बैंक होलिहॅन लोकी को नियुक्त किया है। होलिहॅन लोकी, अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया-प्रशांत में मजबूत उपस्थिति वाला एक प्रमुख वित्तीय संस्थान, विलय और अधिग्रहण, पूंजी बाजार, वित्तीय पुनर्गठन और वित्तीय और मूल्यांकन सलाहकार में माहिर है।

## बिजनेस न्यूज

### प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को क्रेडाई अध्यक्ष के नेतृत्व में 'कमाल का भोपाल' अभियान की रिपोर्ट सौंपी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल को वैश्विक सकारात्मक पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ 'कमाल का भोपाल' अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष मनोज मीक के नेतृत्व में सौंपी। इस दौरान 'कमाल का भोपाल' अभियान को राज्य भर में मिल रहे व्यापक समर्थन को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इसे ऐतिहासिक पहल बताया और इस पर आगे कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।



### होंडा ने ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 लांच की



**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ओबीडी2 कंप्लायंट 2023 होर्नेट 2.0 भी लांच कर दी है, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 1,39,000 रुपए है। पहले के मुकाबले अपडेटेड होर्नेट बेहतर लुक और लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही ओबीडी2 कंप्लायंट इंजन से लैस है। यह अब पूरे भारत में होंडा मोटरसाइकिल रेड विंग और बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहाकि अगस्त 2020 में पहली बार पेश किए जाने के बाद से ही हॉर्नेट 2.0 इस सेगमेंट में गेम-चेंजर रही है।

### इंडो-फिलीपींस कल्चरल एजुकेशन एक्सचेंज समिट का आयोजन

**नई दिल्ली।** गुल्लास कॉलेज ऑफ मेडिसिन ने इंडो-फिलीपींस कल्चरल एजुकेशन एक्सचेंज समिट का आयोजन किया। वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने वाली साझेदारी, सतत भविष्य के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, संस्कृति एवं पर्यटन का एकीकरण की थीम पर आधारित इस सम्मेलन का आयोजन फिलीपींस के मंडाउ सिटी में बनिलाड में स्थित गॉव एम क्यूएनको एवेन्यू के जीसीएमआई ऑडिटोरियम में किया गया था। यह शिखर सम्मेलन फिलीपींस और भारतीय दोनों समुदायों के लिए काफी मायने रखता है, जो 11 जुलाई, 1952 को दोनों देशों के बीच मैत्री संधि पर हस्ताक्षर के बाद से आपसी सहयोग के इतिहास का जश्न मनाता है।

### एसएमएफजी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

**मुंबई।** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही।

### ऐक्टिव क्लोथिंग के लाभ में 223 फीसदी की वृद्धि

**मोहाली।** ऐक्टिव क्लोथिंग कंपनी लिमिटेड ने अपनी अनऑडिटेड वित्त वर्ष 2025 के तिमाही और नौवे महीने की परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 के तिमाही में कंपनी की कुल आय 100.22 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 89.18 फीसदी, एबिटडा 9.02 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 66.11 फीसदी, शुद्ध लाभ 3.14 करोड़ रुपए रहा, इसमें वर्ष दर वर्ष वृद्धि 222.83 फीसदी और शुद्ध लाभ मार्जिन 3.14 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। जबकि नौवे महीने में कंपनी की कुल आय 228.36 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 30.70 फीसदी रही।

### महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवॉर्ड्स 13 मार्च से

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवॉर्ड्स 13 से 20 मार्च 2025 तक लौट रहे हैं। महिंद्रा ग्रुप द्वारा स्थापित इस पुरस्कार समारोह के 13 श्रेणियों के लिए नामांकित शीर्ष 10 नाटकों की घोषणा की गई है। ये नाटक नई दिल्ली में प्रस्तुत किए जाएंगे और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस फेस्टिवल का भव्य समापन होगा। विजेताओं को 20 मार्च 2025 को कमानी ऑडिटोरियम में रंगमंच की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। मेटा में व्यक्तिगत संघर्षों और रोमांच जैसे विषयों पर नाटक शामिल रहे हैं। अपने 20वें संस्करण में भी नामांकित नाटक सीमाओं को तोड़ते हुए विविध दृष्टिकोणों और कहानियों का सम्मिश्रण प्रस्तुत कर रहे हैं।


**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

लिमिटेड ई-निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली) आमंत्रण सूचना

1. **कार्य का नाम :** मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत भोपाल मंडल के इटारसी से खंडवा खंड (किमी 658 से 704) के बीच 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य। **निविदा सूचना क्र.: केआर/सीओ/ईल/ईटी-केएनडब्ल्यू/टी/09/25, दिनांक 20/02/25. कार्य समापन की अवधि:** 6(छः) महीना। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,53,28,461/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी:** ₹ 2,26,650/- . **आन लाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय: दि. 27/02/2025** को **15.00** बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि: दि. 27/02/2025** को **15.30** बजे।

2. **कार्य का नाम :** मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत भोपाल मंडल के इटारसी से खंडवा खंड (किमी 704 से 750) के बीच 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य। **निविदा सूचना क्र.: केआर/सीओ/ईल/ईटी-केएनडब्ल्यू/टी/10/25, दिनांक 20/02/25. कार्य समापन की अवधि:** 6(छः) महीना। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,53,28,461/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी:** ₹ 2,26,650/- . **आन लाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय: दि. 27/02/2025** को **15.00** बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि: दि. 27/02/2025** को **15.30** बजे।

संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आई आर ई पी एस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथ:** आई आर ई पी एस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं होगी।

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
**Indian Overseas Bank**
(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
www.iob.in

अरेरा कालोनी, भोपाल शाखा, प्लाट नं. आर-4, सांई बोर्ड के पास, ई-6, अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.)
फोन : 8925953728

सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत दिनांक 25-03-2025 को ई-नीलामी

**चल/अचल संपत्ति की ई-नीलामी हेतु आम सूचना**

प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (अधिनियम) [ नियम 8(6)/ 9(1) एवं नियम 6 (2) का परन्तुक के अन्तर्गत ]
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत चल / अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **25.03.2025** को **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि एवं उस पर अप्रभारित ब्याज / संविदात्मक दर से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे तथा अन्य वैधानिक /विधिक खर्च की वसूली हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षर द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **https://baanknet.com.** पर संपन्न होगी।


| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी-(1) **श्रीमती कल्पना सिंह पत्नि नीरज सिंह** जमानतदारः(2) **श्री नीरज सिंह पुत्र प्रेम पाल सिंह** **सभी का पताः** प्लॉट नं.126, दीपक गृह निर्माण सहकारी समिति, चूनाभट्टी, भोपाल -462001 अन्य पताः एलआईजी - 110/3, सी-सेक्टर, साकेत नगर, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल, म.प्र. 462024 | दिनांक 19.02.2025 को ₹ 2,21,71,419/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे **सांकेतिक कब्जा** | एक रिहायशी मकान स्थित प्लॉट क्रमांक 126, प्लॉट एरिया 223.04 वर्गमीटर, भूतल 88.01 वर्गमीटर, प्रथम तल 73.99 वर्गमीटर और द्वितीय तल 62.99 वर्गमीटर पर निर्मित, जो कि खसरा क्रमांक 66/1/1, 68, 69, 115/69/1 का भाग, जिसे दीपक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल द्वारा विकसित किया गया है, ग्राम - चूनाभट्टी, वार्ड क्रमांक 30, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएंः पूर्व - प्लॉट क्रमांक 127 पर निर्मित मकान, पश्चिम - पार्क, उत्तर - प्लॉट क्रमांक 134, 135 पर निर्मित मकान, दक्षिण - रोड उपर्युक्त संपत्ति श्रीमती कल्पना सिंह, पत्नी नीरज सिंह के नाम पर है, जैसा कि रजिस्टर में निर्धारित है। बिक्री विलेख (ई-पंजीकरण संख्या MP059702021A1607908) अन्य अनुलग्नकों के साथ एसआरओ भोपाल-2 के समक्ष 22.07.2021 को पंजीकृत किया गया। | ₹ 2,72,82,000/- / ₹ 27,28,200/- / ₹ 25,000/- (Inclusive of 1% of Income Tax): |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 25-03-2025 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक**

**नोटः टीडीएस लागू *पचास लाख और उससे अधिक की अचल संपत्ति की बिक्री/हस्तांतरण के मामले में, ट्रांसफरी को लागू आयकर के रूप में प्रतिफल के 1% के बराबर राशि का भुगतान करना होगा।**
**विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तें हेतु निम्नवर्णित वेबसाइट / वेबपेज पोर्टल की लिंक देखें : https://baanknet.com (2) www.iob.in**
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9 (1) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को सूचना भी है।

**प्रकाशन दिनांक : 20.02.2025**

प्राधिकृत अधिकारी
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

चिंतन

# हर दिन क्यों आसमान छू रहे हैं सोने के दाम

सदियों से, मानव विकास की प्रक्रिया के दौरान सोने ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुद्रा, मूल्यवान संपत्ति के भंडार, आभूषण जैसे अनेक रूप में इसका उपयोग किया गया है। आभूषण मानव अलंकरण का एक अभिन्न अंग रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए। महिलाओं में सोने के प्रति लगाव के पीछे भी यही कारण है कि सोने को न केवल आभूषण बल्कि विपरित हालात में भी बहुत उपयोगी माना गया है। झुमके, नाक की कील, कंगन, हार से लेकर कमरबंद और बिछिया तक सब सोने की ही पसंद की जाती रही हैं। समय और बदलती मानसिकता के साथ पुरुषों ने भी सोने के आभूषण पहनना शुरू किया। भारतीय संस्कृति में, किसी भी उत्सव और शुभ अवसर पर सोने के आभूषण पहनने को काफी महत्व दिया जाता है, लेकिन बीते कुछ दिनों से सोना आम गृहिणी की पहुंच से दूर हो रहा है। सोना 19 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,043 रुपए बढ़कर 86,733 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 85,690 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोना 86,089 रुपए ऑलटाइम हाई बना था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 10,571 रुपये बढ़कर 86,733 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,549 बढ़कर 97,566 रुपए पर पहुंच गया है। मंगलवार को चांदी का भाव 96,023 रुपए किलो था। सोने के लगातार बढ़ते दाम के पीछे माना जा रहा है कि ट्रम्प के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से भी सोना महंगा हो रहा है। महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। सबसे अहम कारण शेयर बाजार में उतार आने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं। निवेशकों को लग रहा है कि सोना न केवल अच्छा मुनाफा दे सकता है बल्कि इसमें रिस्क भी काफी कम है। अगर आंकड़ों को देखें तो दुनियाभर में हर साल 2200 टन सोने का उत्पादन होता है। लेकिन कोरोना के बाद हालात में बदलाव आया। 2021 के बाद से दुनियाभर के बैंक सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने के दाम आसमान छू गए हैं। भारत में शादी के सीजन में सोने का खास महत्व है। आजकल शादियों का सीजन भी चल रहा है, लेकिन सोना है कि हाथ से छिटकता जा रहा है। दिवाली के समय प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 80 हजार रुपए थी, लेकिन अब फरवरी में इसकी कीमत लगभग 89 हजार के पास पहुंच गई है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। सोने की बढ़ रही कीमत ग्राहकों से लेकर कारोबारियों के लिए चिंता बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि अधिक कीमत की वजह से लोग खरीद में कटौती कर रहे हैं। यानी जो ग्राहक 10 ग्राम सोने की अंगूठी खरीदने की प्लानिंग से आता है, वह 5 ग्राम की अंगूठी खरीद रहा है। यह हाल सिर्फ ग्राहकों का ही नहीं, बल्कि कारोबारियों का भी है। सीमित बजट होने की वजह से कारोबारी भी कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है। उन्हें लग रहा है कि इसी साल सोना 90 हजार रुपए के आंकड़े को पार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो पीली धातू आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर चली जाएगी।



दो टूक
डॉ. अश्विनी महाजन

किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

# वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती

दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भाजपा 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपए प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों, मेट्रो और सड़कों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय या अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफलता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को डालने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ायें। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया



जा सकता है। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुनः स्थापित किया जा सकेगा। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है। यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी का लाभ उठाते हुए अरविन्द केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 7430 करोड़ कर दिया। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपए तक ही बढ़ाया गया, यानि मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविन्द केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सड़कों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वादा किया कि झुग्गी वासियों की उनकी झुग्गियों हकी जगह पक्का मकान मिलेगा। इस वादे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी। केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ का ऋण बकाया था। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण और सड़कों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। दिल्ली की नई रेखा गुप्ता सरकार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी, उसे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की होगी। शेष दुनिया के अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली में वाहनों के प्रदूषण को कम करने, धूल को न्यूनतम करने, जल प्रदूषण को समाप्त करने समेत कदम उठाने होंगे।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज दिल्ली विवि में पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

बिहार चुनाव
उमेश चतुर्वेदी




# प्रगति रथ पर चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ चेहरा सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवरब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20 हजार करोड़ रुपए की 188 योजनाओं की घोषणा की। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। इनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### परीक्षा में बच्चों के खानपान का रखें ध्यान

बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए एक महत्त्वपूर्ण समय है, जिसके लिए लंबे समय तक अध्ययन, ध्यान और मानसिक सहनशक्ति की आवश्यकता होती है। हालांकि, खराब डाइट और अस्वास्थ्यकर खान-पान से थकान, एकाग्रता की कमी और तनाव हो सकता है। आपका बच्चा सक्रिय, सतर्क और तनाव मुक्त रहे, इस अवधि के दौरान उसे सही पोषण प्रदान करना आवश्यक है। इसलिए परीक्षा के दौरान बच्चों को घर का बना शुद्ध और सात्विक आहार ही देना चाहिए। बच्चे जो खाना खाते हैं उसका सीधा असर उनके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, एकाग्रता और ऊर्जा के स्तर पर पड़ता है। संतुलित आहार याददाश्त, फोकस और स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करता है। – *संकेत वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर के खिलाफ आरोप दायर

पाउलो गोनेट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव में हार के बाद भी पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट का प्रयास करने का मंगलवार को औपचारिक रूप से आरोप लगाया। आरोप है कि तख्तापलट की इस साजिश के तहत बोल्सोनारो के उत्तराधिकारी और वर्तमान राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देने की योजना भी बनाई गई थी। गोनेट ने आरोप लगाया कि बोल्सोनारो और 33 अन्य लोगों ने सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र रचा जिसके तहत लूला को जहर देने और पूर्व राष्ट्रपति के विरोधी एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस की गोली मारकर हत्या करने की योजना भी बनाई गई। गोनेट ने 272 पन्नों के अभियोग में लिखा, 'आपराधिक संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में संस्थाओं पर हमला करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य सत्ता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना था। इस साजिश को 'ग्रीन एंड येलो डैगर' नाम दिया गया।' ब्राजील की संघीय पुलिस ने पिछले साल नवंबर में 884 पन्नों की रिपोर्ट दायर की थी जिसमें गोनेट ने इस कथित साजिश के बारे में विस्तार से बताया था।



## ऑफ बीट

### कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



## ट्रेंड

### ऋषि सुनक अच्छे मित्र

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई! हमारे बीच कई विषयों पर शानदार बातचीत हुई। श्री सुनक भारत के बहुत अच्छे मित्र हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के इच्छुक हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### मोदी जी की गारंटी

गुजरात नगर निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत का आशीर्वाद देकर गुजरात की जनता ने एक बार फिर बता दिया है कि उन्हें सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा के नेतृत्व में गुजरात विकास की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### सभी का विश्वास जरूरी

महाकुंभ को लेकर सत्ता-विपक्ष के अलग-अलग तर्क हैं, जबकि व्यापक जनहित व जनकल्याण के लिए सभी का विश्वास जरूरी, ताकि सरकारी धन-संसाधन का सही उपयोग हो सके। वैसे भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि यूपी की समस्या है।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### मिलिंद रेगे को श्रद्धांजलि

मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुंबई क्रिकेट में उनका योगदान अमूल्य था और उनके मार्गदर्शन ने कई करियर को आकार दिया। उसकी आत्मा को शांति मिलें।
-यूसुफ पठान, भारतीय क्रिकेटर



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### भरत चरित्र और सीता हरण का सुनाया प्रसंग

**औबेदुल्लागंज।** महिला भजन मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित श्री राम कथा के आठवें दिन कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी (मानस सुमन) ने भरत चरित्र, सती अनुसुइया, सीता हरण के प्रसंग का वर्णन किया। कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी ने भगवान राम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को सुनाया। कथा के दौरान, पं. सद्भव तिवारी ने भगवान राम के जीवन के मूल्यों और आदर्शों के बारे में बताया। कथा 20 फरवरी तक चलेगी।



### एड्स एवं टीबी पर कार्यशाला का आयोजन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के समीपस्थ 107 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा द्रुत कार्य बल 107 के बटालियन ग्रुप कमान अधिकारी कमांडेट जगदीश प्रसाद बलाई के नेतृत्व में परिसर में एचआईवी-एड्स एवं टीबी पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मियों को एचआईवी-एड्स और टीबी रोगों के कारण और लक्षणों की जानकारी दी। साथ ही उसके उपचार के बारे में विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया।

### 100वें यूरोलॉजी शिविर में होंगे निःशुल्क ऑपरेशन

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में जीव सेवा संस्थान के सहयोग से सोमवार 24 मार्च से 100वां निःशुल्क युरोलाजी शिविर लगाया जाएगा। शिविर में पेशाब से संबंधित बीमारियों जैसे - मूत्र नली में पथरी, प्रोस्टेट बढ़ने, हाइड्रोसिल जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच और उपचार किया जाएगा। इनमें से यदि कोई ऐसा रोगी जिसकी बीमारी ऑपरेशन से ही ठीक होगी तो उसका निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 24 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा।

### ताशकंद में चार दिवसीय सिंधी सम्मेलन कल से

**संतनगर।** सिंधियों की 60 साल पुरानी राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज का 28वां वार्षिक सम्मेलन इस बार 21 से 24 फरवरी तक विदेशी धरती उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में होने जा रहा है। इसके लिए एक दल संतनगर से बुधवार रात दिल्ली के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरा दल गुरुवार सुबह फ्लाइट से जाएगा। दिल्ली से गुरुवार को रात 11 बजे ताशकंद के लिए उड़ान भरेंगे। इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी एवं महासचिव आनंद सबधाणी हैं।

### दिव्यांग बच्चे को स्कूल से निकाला, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन ने भोपाल के एक निजी स्कूल में दिव्यांग बच्चे के डाइपर में पेशाब करने पर स्कूल से बाहर निकालने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि निजी स्कूल की इस हरकत के बाद बच्चे के परिजन दोबारा एडमिशन दिलाने के लिए परेशान हो रहे हैं। मामले में आयोग ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1694 | | |
| दिन: | 247 | 33 | 788 |
| रात: | 300 | 36 | 169 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 126 | 91 | 245 |
| रात: | 229 | 31 | 155 |

---

मृतक की ममेरी बहन से करना चाहता था शादी, ब्लैकमेल कर बना रहा था दबाव

# ऑटो ड्राइवर का अपहरण कर हत्या करने वाले 30 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने हैदराबाद से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खास बातें**

- ढाई महीने से पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था बदमाश
- दो आरोपी की हो चुकी है गिरफ्तारी, तीसरे की तलाश जारी



अवकेश जायसवाल, आरोपी



उत्कृष चौधरी, आरोपी

छोला मंदिर पुलिस ने शंकर नगर के 22 साल के ऑटो ड्राइवर संदीप प्रजापति का अपहरण कर हत्या करने वाले हत्यारे अवकेश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। करीब ढाई महीने तक पुलिस को चकमा देने वाले आरोपी अवकेश को हैदराबाद से पुलिस ने गिरफ्तार कर ही लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उक्त मामले में अवकेश को मिलाकर दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।



संदीप प्रजापति, मृतक

पुलिस के अनुसार शंकर नगर छोला मंदिर निवासी संदीप प्रजापति (22) ऑटो ड्राइवर था। इसी इलाके में अवकेश जायसवाल रहता था। अवकेश से संदीप की दोस्ती थी। 2 दिसंबर 2024 सोमवार सुबह अवकेश ने कॉल कर संदीप को मिलने बुलाया। संदीप ऑटो चलाने का कहकर घर से निकला। दोपहर को संदीप का मोबाइल बंद हो गया। मंगलवार सुबह नए नंबर से संदीप की बहन वंदना के पास कॉल आया। कॉलर ने कहा कि संदीप को जिंदा देखना चाहती है तो एक लाख रुपए फिरौती भेज दो। वंदना अवकेश जायसवाल की आवाज समझ गई। परिजन तत्काल छोला मंदिर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद अवकेश के नंबर और नए नंबर की टॉवर लोकेशन निकाली। टॉवर लोकेशन ग्वालियर और नागपुर में मिली और टीम भेजी गई। इसके बाद लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम रायपुर और झारखंड भी पहुंची, लेकिन आरोपी वहां नहीं मिला।

**औबेदुल्लागंज पुलिस को मिली थी लाश**

पुलिस ने औबेदुल्लागंज टोल नाके के सीसीटीवी कैमरे फुटेज निकाले तो संदीप का ऑटो औबेदुल्लागंज टोल नाके की तरफ जाते हुए दिखा था। पुलिस ने आगे फुटेज चैक किए तो ऑटो की लोकेशन रेहटी रोड पर नजर आई। पुलिस ने औबेदुल्लागंज पुलिस की मदद से इलाके में सर्चिंग की, लेकिन संदीप का सुराग नहीं लगा। शुक्रवार को औबेदुल्लागंज पुलिस ने सागौन रीट्रीट से दो किलोमीटर पूर्व देहलावाड़ी के जंगल से एक शव बरामद किया। उक्त शव संदीप का था। उसकी सिर कुचलकर हत्या की गई थी। पुलिस आरोपी की अलग अलग ठिकानों पर तलाश कर रही थी, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगा। आलाधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपए इनाम की घोषण कर दी। इसके बाद आरोपी अवकेश को हैदाराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी के साथ वारदात में मौजूद उत्कर्ष चौधरी (19) को विगत 10 दिसंबर 2024 को बेगूसराय बिहार से गिरफ्तार कर चुकी है। तीसरे आरोपी आर्दश चौधरी की तलाश की जा रही है।

**पांच से शादी और छह महिलाओं से थे संबंध**

पुलिस ने बताया कि बिहार निवासी आरोपी अवकेश जायसवाल (38) निवासी कोरबा छत्तीसगढ़ एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। वह अस्थाई रूप से इंदौर में रह रहा था। उस पर चोरी समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। हैदराबाद में चोरी के एक प्रकरण में वह फरारी काट रहा था और शंकर नगर छोला में ही रह रहा था। वह ट्रक चलाता था और उसे प्रदेश में हर तरफ की सडकों की अच्छी जानकारी थी। उसने अपने और पिता के नाम से फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनवा रखा था और उसी का इस्तेमाल कर ट्रक व डंपर चलाता था। वह अलग-अलग जगहों पर पांच महिलाओं से शादी कर रह रहा था और मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों 5-6 अन्य महिलाओं के साथ संपर्क में था।

---

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर अमरूद के बगीचे के पास हुआ हादसा

# महिलाओं को मजदूरी के लिए ले जा रहा बैट्री ऑटो पलटा, एक की मौत, आठ यात्री घायल

◆ क्षमता से अधिक थी सवारी, अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में इस्लाम नगर सीमेंटेड रोड पर अमरूद के बगीचे के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार बैट्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 अन्य महिलाएं घायल हुई हैं। घायल महिलाओं को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसा क्षमता से अधिक सवारी बिठाने और ओवरस्पीड के कारण हुआ है। पुलिस ने ऑटो जब्त कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक ईटखेड़ी निवासी शिराज बी पत्नी असगर अली (56) मजदूरी करती थीं। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह और 8 अन्य महिलाएं मजदूरी के लिए ईंटखेड़ी से इस्लाम नगर जा रहीं थीं। सभी महिलाएं एक ही बैट्री ऑटो में सवार थीं। अमरूद के बगीचे के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बैट्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटने से शिराज बी उसके नीचे दब गईं थीं। ऑटो की छत में फंसने से उनकी गर्दन बुरी तरह कट गई। माथे पर भी गंभीर चोट आई थी।



**महिलाएं बोली, ऑटो छोड़कर भागा ड्राइवर**

महिलाओं ने बताया कि ऑटो अनियंत्रित होकर पलट रहा था, तभी गेट के पास बैठी शिराज बी नीचे गिर गई। उनके गिरते ही ऑटो उन पर पलट गया। इससे उन्हें माथे पर चोट आई थी, जबकि उनकी गर्दन पीछे से करीब ढाई इंच तक कट गई थी। खून अधिक बहने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हालांकि उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। घटना के बाद ड्राइवर ऑटो छोड़ कर फरार हो गया।

**तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर ब्रिज से नीचे गिरा, लगी आग**

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा के बोरदा ब्रिज के ऊपर बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर ब्रिज से नीचे गिर गया। दुर्घटना के बाद डंपर में भीषण आग लग गई, जिससे डंपर जलकर खाक हो गया। डंपर में तीन लोग सवार थे। तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। डंपर में मयंक, समीर और कासिम नाम के युवक सवार थे। पुलिस ने तीनों युवक को डंफर से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



## सेल्समैन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार दोपहर एक सेल्समैन ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार रवि जादौन (32) विदिशा का रहने वाला था और फिलहाल किराए के मकान में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ऐशबाग में रह रहा था। वह कबाड़खाना स्थित एक दुकान में सेल्समेन काम करता था। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसके चचेरे भाई ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। घटना के समय उसकी पत्नी दूधमुही बच्ची को लेकर विदिशा गई हुई थी। पुलिस का कहना है कि परिजन से पूछताछ में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। मोबाइल की सिम की सीडीआर निकलवाई जा रही है।

रायसेन वन मंडल में इस वर्ष 951 गिद्ध मिले

## प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना 2025 में प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा रायसेन जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना वर्ष 2025 निर्धारित समयावधि के अनुसार 17, 18 और 19 फरवरी को प्रातः 7 बजे से 9 बजे के मध्य प्रदेश के अन्य वनमण्डलों के समान ही वन मण्डल रायसेन सामान्य और औबेदुल्लागंज में संपन्न हुई।

डीएफओ रायसेन विजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष सटीक गणना के लिए वन अमले को गिद्धों की पहचान के लिए प्रशिक्षण वन भवन भोपाल एवं वन मण्डल स्तर पर प्रदाय किया गया। रायसेन वन मंडल के अन्तर्गत समस्त परिक्षेत्रों में



गणना के लिए प्रस्तावित स्थलों का चयन किया गया, जिसमें से वन परिक्षेत्र पूर्व रायसेन, पश्चिम रायसेन, गढ़ी, बेगमगंज, पश्चिम सिलवानी एवं देवरी में गिद्धों की उपस्थिति पाई गई। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष की गणना में गिद्धों की रायसेन वन मंडल में अधिकतम संख्या 314 थी, जो बढ़कर इस वर्ष की गणना में 951 हो गई है।

---

तंबाकू नियंत्रण कानून सख्ती से लागू करने कलेक्टर का आदेश

## स्कूल-कॉलेज के 300 फीट तक तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में तंबाकू नियंत्रण कानून को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। कलेक्टर सभी अधिकारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने बताया कि देश में हर साल 13-14 लाख लोगों की मौत तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

**शैक्षणिक संस्थानों के पास ई सिगरेट और हुक्का बार पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा**

नए निर्देशों के अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों के 300 फीट के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्ण प्रतिबंध है। 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना भी अपराध है। किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत नाबालिगों को तंबाकू देने पर 7 साल की जेल और 1 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। हुक्का बार को भी प्रतिबंधित किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (ई-सिगरेट) पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उत्पादन, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री और वितरण दंडनीय अपराध है। बिना चेतावनी वाले उत्पादों की बिक्री वर्जित है, तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर 85 प्रतिषत चेतावनी (60 प्रतिशत चित्र और 25 प्रतिशत लिखित) का प्रदर्शन अनिवार्य है। बिना चेतावनी वाले उत्पादों की बिक्री वर्जित है।



## छात्राओं को बजट के बारे में दी जानकारी

**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 'यूनियन बजट-2025 सेक्टर-वाइज एनालिसिस' सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मैनेजमेंट की छात्राओं के द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टर्स का विश्लेषण किया गया। इस सत्र की प्रस्तावना के रूप में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने यूनियन बजट के बारे में बारीकी से समझाया एवं इसका महत्व बताया। छात्राओं ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न सेक्टर्स जैसे- एग्रीकल्चर, हेल्थ केयर, एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्ट-अप, एनर्जी, रेलवे, बैंकिंग एवं इनकम टैक्स पर बजट के दीर्घकालीन प्रभावों पर प्रकाश डाला।

## ब्लॉक कांग्रेस, जिला कांग्रेस और भोजपुर मंडल अध्यक्ष का पद रिक्त

**कार्यकर्ता उलझन में फंसे, किसका मानें निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, भोजपुर मंडल अध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त पड़ा हुआ है, जिससे कार्यकर्ता दिशाहीन हो रहे हैं और असमंजस की स्थिति में है। ब्लॉक अध्यक्ष नहीं होने से कार्यकर्ता किसका निर्देश माने इस उलझन में फंसे हैं।

औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष का पद लोक सभा चुनाव के समय से खाली है, जबकि भोजपुर मंडल अध्यक्ष 6 माह से रिक्त है। यहां अध्यक्ष की नियुक्ति रुकी हुई है, जबकि भोजपुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है। रायसेन



कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए सांची विधानसभा के प्रत्याशी रहे डॉ. जीसी गौतम, बेगमगंज के पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह तोमर, पूर्व जन भागीदारी अध्यक्ष रहे सुभाष पटेल (खसरोद) का नाम उभर कर सामने आ रहे हैं। सुभाष पटेल, राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के पारिवारिक सदस्यों में गिने जाते हैं। वहीं एक खेमा देवेंद्र पटेल गडरवास के लिए भी लॉबिंग कर रहे हैं।

### एयरो सिटी पंचायत के चंदर अध्यक्ष व वासु महासचिव बने





**संतनगर।** पूज्य सिंधी पंचायत एयरोसिटी शाखा का गठन सिंधी सेंट्रल पंचायत के द्वारा किया गया। इस पंचायत के अंतर्गत दीप फार्म, एग्जटिक, सु वि ध वि हा र, बिलियर, मेपल ट्री, द्वारका धाम एयरो सिटी एवं इसके आसपास कॉलोनियों को शामिल किया जाएगा। गठित कार्यकारिणी में चंदर उधवानी अध्यक्ष, वासु गुलानी महासचिव, जगदीश वलेचा कोषाध्यक्ष, प्रकाश भूरानी रमेश शाह, राज छाबड़ा व राज कुमार माटा सभी उपाध्यक्ष के अलावा मनीष गुरनानी, मनोज टेकचंदानी डी. के. बिजलानी, परमानंद पुरस्वानी सभी सचिव नियुक्त किए गए हैं।

---

पुलिस अकादमी में अफसर और पुलिसकर्मियों के लिए सेमिनार

## विभागीय जांच और सूचना के अधिकार कानून से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय भोपाल की प्रशिक्षण शाखा एवं पुलिस अकादमी द्वारा राजपत्रित एवम अराजपत्रित अधिकारियों के लिए विभागीय जांच की प्रक्रिया और सूचना अधिकार अधिनियम 2005 से जुड़ी बारिकियों के संबंध में एक सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमिनार में आवेदक के अधिकार लोकसूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी के दायित्व, कर्तव्यों की तथा लोक सूचना अधिकारी, सक्षम अधिकारी अपीलीय अधिकारी के बारे में सारगर्भित जानकारी दी गई। सेमीनार में उपस्थित रिटायर्ड आईपीएस केबी शर्मा ने प्रशिक्षु अधिकारियों को विभागीय जांच की प्रक्रिया, जांचकर्ता एवं प्रस्तुतकर्ता की भूमिका के संबंध में बताया। वहीं विभागीय जांच कैसे करें के संबंध में विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस मुख्यालय, विशेष शाखा में सहायक महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ रहने के अनुभव के आधार पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभगियों को जानकारी दी। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में संजीव पांडेय सेवानिवृत्त लॉ ऑफिसर राज्य सूचना आयोग के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।



**उप निरीक्षक से लेकर डीएसपी तक हुए शामिल**

एक दिवसीय सेमीनार में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से तेनात उपनिरीक्षकों से लेक उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। सेमनीर में 3 डीएसपी सहित कुल 31 अधिकारी कर्मचारी का मैदानी अमला उपस्थित रहा। सेमीनार की रूपरेखा तैयार करने में श्रद्धा जोशी सहायक निदेशक सेमीनार की महती भूमिका रही।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में फ्रेशर्स कम फेयरवेल पार्टी

## मिस एसएचजीसी का प्रतिष्ठित खिताब हिबा मरियम को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में फ्रेशर्स कम फेयरवेल-मिलाप 2025 का आयोजन एक यादगार अवसर बन गया। इस खास दिन पर यूजी और पीजी के प्रथम एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं को एक साथ जोड़ते हुए समारोह में परंपरा, शिक्षा और मूल्यों का शानदार संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रममें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरणादायक संदेशों और विद्यार्थियों की सहभागिता ने उत्साह का माहौल बना दिया।

कार्यक्रम में कॉलेज निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी ने अपने भाषण के माध्यम सेछात्रों को भारतीय परंपराओं और संस्कृति को



अपनाने का संदेश दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने अपने सहज और विचारशील संबोधन में नवप्रवेशी छात्रों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उनकी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान मिस एसएचजीसी का प्रतिष्ठित खिताब हिबा मरियम, मिसऑल राउंडर शिक्षा तिवारी, मिस मास्टरमाइंड ऑफ द बैच प्रिंसी पहलवानी, मिस क्रिएटिव कैटेलिस्ट अभिकांक्षा चौधरी, मिस बोल्ड एंड ब्यूटीफुल अनम गौरी, मिस चार्मिंग एनिग्मा मरियम खान, मिस फ्रेश वाइब्स स्टार खुशी तिवारी, मिस ईव फ्रेशर आस्था जोतवानी तथा मिस ईव फेयरवेल हया खान चुनी गईं।

# प्रकृति के साथ विश्व और प्राण के साथ प्रकृति का अंतर्संबंध है 'संवत्सर कथा'

## भारत भवन के 43वें वर्षगांठ समारोह के तहत नाटक संवत्सर कथा का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रकृति के साथ विश्व का और प्राण के साथ प्रकृति के संबंध का आधार को समझाया गया है। जिसमें इंसान, जानवर, प्रकृति और ऋतु को एक ही लाइन में प्रस्तुत किया गया है। जिसे देख लोगों ने जमकर तालियाँ बजाई और ऋतु का राजा बसंत को बहुत ही सुंदर रंगों में प्रस्तुत किया गया।

मौका था बुधवार को भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ समारोह के तहत बुधवार को महाकवि कालिदास की रचना ऋतुसंहार पर आधारित नाटक संवत्सर कथा के मंचन का। नाटक का निर्देशन पियाल भट्टाचार्य ने किया है। 1 घंटे 15 मिनट के इस नाटक में 19 कलाकारों ने अपने अभिनय से नाटक को बसंत से शुरू कर बसंत पर ही समाप्त किया।



**प्रकृति और ऋतु करती हैं अपनी दिव्य कोमलता से परिचय**

*नाटक के 6 ऋतुओं का बड़ी ही खूबसूरती के साथ वर्णन किया गया। इसमें दिखाया गया कि कभी अभिनय करने वाले गीत गाने लगते तो कभी नृत्य करने लगते है ऐसे ही अभिनय ऋतु अपने आप को बदलती रहती है। नाटक में दिखाया गया कि प्रकृति वर्षभर ऋतुओं के साथ क्रीड़ा करते हुए स्वयं को बदलती रहती है, प्रकृति नायिका बन जाती है और ऋतुएं विभिन्न नायकों की भूमिकाएं निभाती है।*

### ग्रीष्म ऋतु एक पीड़ादायक संगिनी

नाटक में आगे दिखाया कि प्रत्येक ऋतु के साथ उसका संबंध अलग-अलग रूपों, दृश्यों और प्रभावों को प्रकट करता है। ग्रीष्म ऋतु एक पीड़ादायक संगिनी है, जो नीरवता के साथ हमें सूखापन देती है, जबकि वर्षा ऋतु दाता है - वह जीवन को पुनर्जीवित करती है और उसे हरे-भरे आभूषणों से अलंकृत करती है।

**गीतों ने लगाए चार चांद**

### 30 मिनट के बघेली लोकगीतों ने रंगा फाग के रंग से...



फूलों से सजे भारत भवन में ऋतु गीतों ने लगाए चार चांद चारों ओर फूलों से सजे भारत भवन में वसंत ऋतु में चार चांद लोक गीतकार मणिमाला सिंह के संगीत ने लगा दिए। उन्होंने ऋतुगीतों के गायन से बहुकला केंद्र के आंगन को उत्सवी बना दिया। प्रस्तुति की शुरुआत गणेश वंदना से करते हुए वंदना आज की रात रूक जाना गजानन हमरी नगरिया में, वहीं आगे उन्होंने होली के रंग में सबको रंगते हुए मोह पर रंग न डालिया सांवरिया की प्रस्तुति दी, जिस पर जमकर तालियां बजी।

---

## कला-संस्कृति में प्रदेश ने रच दिया इतिहास

# 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के बाद मप्र के नाम दर्ज होंगे 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला और संस्कृति से धन्य मप्र की भूमि ने अब नया रिकार्ड रचा है। साल 2024 में मध्य प्रदेश ने खजुराहो नृत्य समारोह, गीता पाठ, डमरू वादन में विश्व रिकार्ड बनाया। वहीं साल के अंत में तानसेन समारोह में विश्व रिकार्ड बनाकर अपनी अलग पहचान बनाई। एक के बाद एक चार वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद अब 20 फरवरी को 51वें खजुराहो नृत्य समारोह में मप्र पांचवा वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम दर्ज करने जा रहा है।

### बनेगा पांचवा वर्ल्ड रिकॉर्ड

20-26 फरवरी को खजुराहो में आयोजित होने जा रहे 51वें खजुराहो नृत्य समारोह में 139 नृत्यांगनाएं अलग अलग ग्रुप्स में लगातार 24 घंटे तक नृत्य प्रस्तुतियां देंगी। सबसे लंबे वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) प्रस्तुति में निरन्तर 24 घंटे से भी अधिक नृत्य प्रस्तुतियां होंगी। गतिविधि का शुभारंभ 19 फरवरी को दोपहर 2 बजे से हुआ और यह गतिविधि निरंतरता में 20 फरवरी को शाम 5 बजे तक की जाएगी। जिसमें नृत्य निर्देशन कथक नृत्यांगना तथा फिल्म अभिनेत्री प्राची शाह, मुंबई एवं संगीत संयोजन कौशिक बसु, मुंबई करेंगे। प्रारंभिक रूप से 5-5 कलाकारों के मान से 25 ग्रुप तैयार किए गए।

### खजुराहो डांस फेस्ट में 1484 कलाकारों ने बनाया था रिकॉर्ड



20 फरवरी 2024 को खजुराहो में 1484 कलाकारों ने एक साथ कथक नृत्य कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। खजुराहो में राग बसंत की लय पर 1484 कथक नृत्य साधकों के थिरकते कदमों ने 20 से 26 फरवरी तक चलने वाले 50वें खजुराहो नृत्य समारोह में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाकर प्रदेश को गौरान्वित किया। इस प्रस्तुति में कलाकारों ने हाथों में दीपक लेकर लय और ताल के साथ एक जैसी मुद्रा में नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को हैरत में डाल दिया था।

**बनाया रिकॉर्ड**

### सात हजार प्रतिभागियों ने किया सामूहिक गीता पाठ



*11 दिसंबर 2024 को 11 दिसंबर को भोपाल में गीता जयंती के अवसर पर 7 हजार प्रतिभागियों ने सामूहिक गीता पाठ किया। इनमें 3721 आचार्य और बटुक शामिल थे। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में हुए गीता के तीसरे अध्याय 'कर्म योग' का सस्वर पाठ करके वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे।*

### 1500 लोगों ने डमरू बजाकर बनाया था विश्व रिकॉर्ड



5 अगस्त 2024 को महाकाल की नगरी उज्जैन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम किया। महाकाल लोक स्थित शक्तिपथ पर 1500 डमरू वादकों ने प्रस्तुति देकर यह रिकॉर्ड बनाया और इस प्रकार 1500 डमरू एक साथ बजाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना गया।

### ग्वालियर में वर्ल्ड रिकॉर्ड, 546 कलाकारों ने बजाए नौ वाद्ययंत्र



15 दिसंबर 2024 को ग्वालियर में 100वें तानसेन संगीत समारोह में एक नया कीर्तिमान रचा गया। जिसमें 546 कलाकारों ने 9 शास्त्रीय वाद्य यंत्रों पर राग मल्हार, मियां की तोड़ी और दरबारी कान्हड़ा का एक साथ वादन करके गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया।

---

**वनमाली कथा समय, कविता सम्मान समारोह शुरू**

# आज की सबसे बड़ी जरूरत साहित्य के साथ भाषा को आत्मसात करना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला, साहित्य एवं संस्कृति के लिए समर्पित वनमाली सृजनपीठ द्वारा तीन दिवसीय वनमाली कथा समय एवं राष्ट्रीय विष्णु खरे कविता सम्मान समारोह का भव्य शुभारंभ रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में बुधवार को हुआ। समारोह के पहले सत्र में वरिष्ठ कहानीकार ममता कालिया, वनमाली कथा पत्रिका के प्रधान सम्पादक मुकेश वर्मा, तद्भव पत्रिका के सम्पादक अखिलेश, कहानीकार ओम शर्मा ने 'समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिदृश्य और वनमाली कथा' विषय पर सत्र में अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए।

### केरल में हिंदी के लिए रहा सकारात्मक वातावरण

परिचर्चा में केरल के वरिष्ठ हिंदी–मलयाली साहित्यकार डॉ. आरसु ने कहा कि केरल में हिंदी के लिए पहले से ही बहुत सकारात्मक वातावरण रहा है। हमारे पुरखों ने हमें विरासत में बहुभाषा और बहुआयामी दृष्टिकोण दिया है। मलयालम–हिंदी के वरिष्ठ अनुवादक डॉ. के.सी.अजय कुमार ने कहा कि हिंदी की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए देवनागरी लिपि को आत्मसात करना बहुत जरूरी है।

### एक लेखक अंततः एक एक्टिविस्ट ही है

आरएनटीयू के कुलाधिपति एवं वरिष्ठ कथाकार संतोष चौबे ने वनमाली कथा



पत्रिका की पूरी यात्रा को संक्षेप में बताते हुए कहा कि 'भले ही हम छोटी जगहों में काम करेंगे, लेकिन हम अच्छी गुणवत्ता का काम करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि 'लेखक को अपना एक्टिविजम कभी नहीं छोड़ना चाहिए, एक लेखक अंततः एक एक्टिविस्ट है।

### आज के दौर में पढ़ने-पढ़ाने की संस्कृति भी खतरे में

सत्र की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ



कहानीकार ममता कालिया ने कहा कि 'यह ऐसा दौर है जहां आधा समाज चीजों को बेच रहा है और आधा समाज चीजों को खरीद रहा है। इस दौर में पढ़ने-पढ़ाने की संस्कृति भी खतरे में है।

---

**पत्रकारिता के विद्यार्थियों के साथ संवाद**

# पत्रकारिता एक ऐसी विधा है, जिसमें सबसे अधिक रोजगार हैं...




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग की ओर से 'पत्रकारिता की चुनौतियां एवं संभावना' विषय पर विद्यार्थियों से संवाद आयोजित किया गया।

जिसमें वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता ऐसी विधा है, जिसमें सबसे अधिक रोजगार हैं। एक दशक में विविध आयामों में अनेक नए अवसर निर्मित हुए हैं।

### सोशल मीडिया के कारण आज हर कोई पत्रकार बनने की कोशिश में

सिंह ने कहा कि आज के परिदृश्य में सोशल मीडिया ने पत्रकारिता को सबसे बड़ी चुनौती पेश की है। आज सोशल मीडिया के कारण हर कोई पत्रकार बनने की कोशिश कर रहा है। सोशल मीडिया के तथाकथित पत्रकारों ने समाचारों की विश्वसनीयता का संकट खड़ा कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 97 प्रतिशत लोग सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर समाचार बना रहे हैं।

# हमें आधे में संतोष नहीं करना है, रुकना नहीं है, अभी और मेहनत करना है...

## दुष्यंत संग्रहालय में पुस्तक 'राजघाट से राजपाट तक' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा वरिष्ठ व्यंग्यकार अशोक व्यास की पुस्तक 'राजघाट से राजपाट तक' का विमोचन बुधवार को दुष्यंत संग्रहालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अशोक व्यास ने कहा कि, व्यंग्यकार जब आधे भरे हुए गिलास को देखता है, तो उसे यह मुगालता नहीं होता कि उसे कुछ सकारात्मक कहना चाहिए कि गिलास आधा भरा है। वह तो यह इंगित करना चाहता है कि इस आधे भरे गिलास को पूरा भरना है, आधे में संतोष नहीं करना है, रुकना नहीं है, अभी और मेहनत करनी है।

**राजनीति की विद्रूपताओं पर तीखे प्रहार करता व्यंग्य**



### ‘बस एक झूठ' जैसी रचना अंतरात्मा को झंझोड़ देती है...

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीवन एस. रजक ने कहा कि व्यंग्य समाज के यथार्थ को उजागर करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। अशोक व्यास की लेखनी में यह धार स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि अशोक व्यास का यह व्यंग्य संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें 'बस एक झूठ' जैसी रचना अंतरात्मा को झंझोड़ देती है।

डॉ. नुसरत मेहदी, निदेशक, उर्दू अकादमी ने कहा कि यह व्यंग समकालीन समाज और राजनीति की विद्रूपताओं पर तीखे प्रहार करता है। उनके लेखन में विषयों की विविधता, गहन सामाजिक चेतना और अनूठी व्यंग्य दृष्टि है। ओम भार्गव (अध्यक्ष, हिंदी साहित्य परिषद, पिपरिया) ने कहा कि पुस्तक में व्यंग्यकार अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय करते हुए व्यंजना एवं लक्षणा का शानदार प्रयोग करते हैं।

**नूतन कॉलेज में व्याख्यान**

# शिवाजी ने गुरिल्ला युद्ध नीति के माध्यम से कई युद्ध जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नूतन कॉलेज के राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन बुधवार को किया गया। बीज वक्ता के रूप में मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान पर चर्चा करते हुए बताया कि शिवाजी ने किस प्रकार स्वराज्य की स्थापना कर आत्मनिर्भर राज्य की नींव रखी एवं एक संगठित और अनुशासित सेना तैयार की साथ ही अपने प्रशासन को मजबूत बनाने जनहितकारी नीति लागू की। उन्होंने यह भी बताया कि शिवाजी ने गुरिल्ला युद्ध नीति के माध्यम से कई युद्धों में विजय प्राप्त की।




### पूरे देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं छत्रपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि छत्रपति केवल महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनका जीवन और विचार आज भी लोगों को साहस, स्वाभिमान और स्वराज्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देते है।

---

**इतिहासविद् धर्मपाल की जयंती अवसर पर बोले मनोज श्रीवास्तव**

# चित्त तंत्र से सभ्यताएं बनती हैं, स्वधर्म का होता है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत का स्वधर्म हमारी क्षमताओं और गुणों में समाहित है। इसमें हमारी पारंपरिक विद्याएं तकनीकी, कला, संस्कृति व सामाजिक व्यवस्था शामिल है। धर्मपाल ने भारत के स्वधर्म को चित्त परंपरा के रूप में परिभाषित किया जो चेतना की धारा के रूप में निरंतर प्रवाहित है। मुख्य वक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बुधवार को स्वराज भवन में धर्मपाल शोधपीठ द्वारा इतिहासविद् धर्मपाल की 103वीं जयंती पर भारत का स्वधर्म धर्मपाल की दृष्टि में विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया।

### स्वधर्म के ज्ञान के लिए परधर्म का ज्ञान भी है जरूरी



*इस अवसर पर गीता का संदर्भ देते हुए मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि स्वधर्म के ज्ञान व उसके पालन के लिए परधर्म का ज्ञान भी जरूरी है। धर्मपाल ने भारत के स्वधर्म को उसकी क्षमताओं के रूप में देखा और इसके लिए आंतरिक चित्त तंत्र, जीवन दर्शन, व्यवहार और गुणों के विकास पर जोर दिया। उनका प्रमुख योगदान यही है कि उन्होंने 'स्व' के प्रति हमारे विश्वास को जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।*

### अतीत के गौरव पुनर्प्रतिष्ठित करने का मार्ग हमें सुझाया

स्वागत उद्बोधन में स्वराज संस्थान संचालनालय की सहायक संचालक, अदिति गौड़



ने कहा कि धर्मपालजी अध्ययनशील शोधकर्ता, दार्शनिक, प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक और विचारक थे। उन्होंने भारतीय परंपरा और उसके गौरव की गंभीर व्याख्या करते हुए अपनी विरासत पर गर्व करके अतीत के उस गौरव पुनर्प्रतिष्ठित करने का मार्ग भी हमें सुझाया है।

**ओडिसी 2025 के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान हुआ आयोजित**

# हम जीवन और कार्य में चयन और अस्वीकृति दोनों को कैसे लेते हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज का प्रबंधन विभाग 'राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस उत्सव-ओडिसी 2025' धूम धाम से मना रहा है, जिसमें, डॉ. संगीता कुमार द्वारा द ड्यूल एजः एक्सेलिंग इन पर्सनल एंड प्रोफेशनल लाइफ और आर्ट ऑफ लिविंग समूह के पराग खंडेलवाल और अंशुल जैन द्वारा हेल्थ एंड हैप्पीनेस विषयों पर अतिथि व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। डॉ. संगीता कुमार ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण यह निर्धारित करता है कि हम जीवन और कार्य में चयन और अस्वीकृति दोनों को कैसे लेते हैं, जो बदले में व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को परिभाषित करता है।

### सांस व मन की स्थिति पर ध्यान देकर ऊर्जावान बने रहें

इसके बाद संगीता ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक ब्रांडिंग, भावनात्मक कल्याण और कार्य-जीवन




संतुलन के बारे में बात की। वहीं पराग और अंशुल ने विद्यार्थियों को उचित मात्रा में भोजन और नींद लेने तथा सांस और मन की स्थिति पर ध्यान देकर ऊर्जावान बने रहने के बारे में बताया। अंशुल जैन ने बताया कि जीवन के विभिन्न चरणों के साथ खुशी के लक्ष्य कैसे बदलते हैं।

## प्रयागराज में आस्था में नहीं आ रही कमी

# श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ से नहीं मिली जाम से निजात, प्रमुख मार्गों पर वाहनों का लग रहा रेला

*श्रद्धालु कई किमी पैदल चलकर मेला में पहुंचने को विवश हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रेला दिख रहा है। हालांकि दिन में शहर व आस-पास के ग्रामीण इलाकों के लोग भी ड्यूटी व अन्य जरूरी काम से वाहन से निकल रहे हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जा रही है।*

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ कायम है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।



श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ से प्रयागराज में जाम का संकट दूर नहीं हो रहा है। सड़कों पर वाहनों व पैदल चलने वाले लोगों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है। वहीं श्रद्धालु कई किमी पैदल चलकर मेला में पहुंचने को विवश हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर वाहनों का रेला दिख रहा है। हालांकि दिन में शहर व आस-पास के ग्रामीण इलाकों के लोग भी ड्यूटी व अन्य जरूरी काम से वाहन से निकल रहे हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जा रही है। शहर से लेकर जिले की इंट्री पॉइंट्स पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## रेलवे ने किए खास इंतजाम

### ट्रेन में लगाए डबल इंजन



महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं का लगातार जमावड़ा हो रहा है। हर तरफ भीड़ बढ़ने के कारण ट्रेनें पूरी तरह खचाखच भरी हुई हैं। चाहे एसी कोच हो या जनरल, हर डिब्बा यात्रियों से ठसाठस भरा दिखाई दे रहा है। भीड़ इतनी बढ़ गई है कि रेलवे स्टेशन पर पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही। अब रेलवे ने कई ट्रेनों में दो-दो इंजन लगाए हैं।

### संगम के पानी को लेकर यूपी सरकार को फटकार एनजीटी ने मांगा जवाब

*नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और यूपी सरकार को फटकार लगाई है कि उन्होंने प्रयागराज में गंगा नदी के पानी में फीकल कोलीफॉर्म और ऑक्सीजन लेवल जैसे पानी के क्वालिटी पैरामीटर्स के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। ट्रिब्यूनल ने एक सप्ताह में जवाब मांगा है।*

## योगी सरकार ने की ये खास व्यवस्था

### और ये भी...उत्तरप्रदेश के 90 हजार कैदी भी करेंगे 'महाकुंभ स्नान'



उत्तरप्रदेश की 75 जेलों में बंद कैदियों को महाकुंभ में भागीदारी का मौका मिलेगा। जेल प्रशासन प्रयागराज के संगम से पवित्र जल लाकर सभी जेलों में स्नान की व्यवस्था कर रहा है। यूपी जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम 21 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से 10 बजे तक सभी जेलों में आयोजित किया जाएगा। प्रदेशभर की जेलों में 90 हजार से अधिक कैदी बंद हैं, जिनमें 7 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। कारागार महानिदेशक पीवी रमासास्त्री ने बताया कि जेल मंत्री की निगरानी में यह विशेष व्यवस्था की जा रही है। पवित्र जल जेलों में रखे छोटे जल टैंकों में भरकर रखा जाएगा और इसे सामान्य पानी में मिलाकर कैदियों के स्नान के लिए उपयोग किया जाएगा। 21 फरवरी को जेल मंत्री दारा सिंह चौहान और वरिष्ठ जेल अधिकारी लखनऊ जेल में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जेल प्रशासन ने अपने एक प्रहरी अरुण मौर्य को प्रयागराज भेजा है, जो वहां से संगम का पवित्र जल लेकर आएंगे।

## खबर संक्षेप

### हावड़ा के आमता स्थित प्लास्टिक कारखाने में आग

**कोलकाता।** हावड़ा के आमता में प्लास्टिक कारखने में भीषण आग लग गई। मंगलवार देर रात करीब



2 बजे लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल के 6 इंजनों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हावड़ा के अमता नून रोड मोड़ पर यह स्थित है। फैक्ट्री का गोदाम आग में आने से जलकर खाक हो गया है।

### सिद्धारमैया को जमीन घोटाले में मिली क्लीन चिट

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण से जुड़े कथित जमीन घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री



सिद्धारमैया, उनकी पत्नी समेत अन्य को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक लोकायुक्त ने सिद्धारमैया, पत्नी को क्लीन चिट दे दी है। इस मामले में उनके भाई मल्लिकार्जुन समेत अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज थी।

### पीएम मोदी ने शिवाजी महाराज को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने



उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### उत्तराखंड में सशक्त भू कानून पर लगी मुहर

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सशक्त भू- कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल



गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है। यह संसाधनों, नागरिकों के हकों की रक्षा करेगा।

## जस्टिस अभय एस ओक और उज्जल भुइंया की पीठ ने की टिप्पणी

# भूल जाइए, किसी बड़े वकील का नाम लेंगे तो क्या सुनवाई स्थगित हो जाएगी

- वकील ने अदालत से सुनवाई आगे बढ़ाने की मांग की थी
- याची को हिदायत... ऐसे नहीं चलेगा



**साल्वे इस मामले में करेंगे पैरवी, 4 हफ्ते का समय दें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यावसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे तो सुनवाई में शामिल होंगे।इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है?

### वकील भी इस तरह की सोच छोड़ें

वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

### जनवरी में भी नराजगी जताई थी

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

### पीठ ने दिया था आश्वासन

इस पर पीठ ने भूषण और अन्य पक्षों को आश्वासन दिया कि कुछ अत्यावश्यक सूचीबद्ध मामलों के बाद वह 19 फरवरी को सुनवाई के लिए याचिकाओं पर विचार करेगी।

## सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

### कानून को चुनौती देने की अर्जी पर सुनवाई टली



*देश की सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।*

### याचिकाकर्ताओं की दलील

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया था कि संविधान पीठ के 2023 के फैसले में कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां ऐसा पैनल करेगा, जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भी शामिल होंगे। इसके बावजूद सरकार ने सीजेआई को इसमें शामिल नहीं किया और इस तरह से लोकतंत्र का मजाक उड़ाया। यह मामला 19 फरवरी के लिए सूचीबद्ध है, लेकिन इसे आइटम नंबर 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। सरकार ने संविधान पीठ के दृष्टिकोण की अनदेखी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की है। कृपया इसे पहले उठाएं, क्योंकि मामले पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा था कि सरकार ने नए कानून के तहत तीन नियुक्तियां की हैं, जिन्हें चुनौती दी गई है।*

### ज्ञानेश को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया

*सरकार ने सोमवार को ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। वे जनवरी 2024 में सहकारिता मंत्रालय में सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे।*

## दिल्ली भगदड़ पर हाईकोर्ट का सवाल

# जवाब दें, ट्रेन की क्षमता से अधिक टिकट क्यों बेचे गए?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई भगदड़ पर केंद्र और रेलवे को कड़ी फटकार लगाई है। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने पूछा कि रेलवे एक कोच में क्षमता से अधिक टिकट क्यों बेच रहा है? अदालत ने केंद्र और रेलवे से जवाब मांगा है। अदालत रेलवे अधिनियम की एक धारा को लागू करने के लिए सुरक्षा उपायों पर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह धारा प्रति कोच यात्रियों की संख्या सीमित करती है। बिना अधिकार प्रवेश करने वालों को 6 महीने की जेल की सजा का प्रावधान भी है। यह नियम धारा 147 में है, जिसमें 1,000 रुपए के जुर्माने का भी प्रावधान है।

### टिकटों की संख्या बर्थ की संख्या से अधिक क्यों थी?

*अदालत ने नाराजगी में कहा कि बताइए कि आप कोच में यात्रियों की संख्या सीमित करने वाले मौजूदा कानूनों को लागू करने के लिए क्या कदम उठाएंगे? बिना अधिकार प्रवेश करने वालों को दंडित कैसे करेंगे? रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के अनुसार, प्रत्येक रेल प्रशासन को एक निश्चित संख्या में यात्रियों को तय करने का वैधानिक अधिकार है। यह संख्या कोच के बाहर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जानी चाहिए। अगर आप एक साधारण सी बात को सही तरीके से लागू करते, तो दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति से बचा जा सकता था। कोर्ट ने माना कि 'भीड़-भाड़ वाले दिनों में रेलवे तय सीमा से अधिक यात्रियों को बैठा सकती है। लेकिन, अधिकतम बैठने की क्षमता को लागू करना 'उपेक्षित' लगता है। बेचे गए टिकटों की संख्या बर्थ की संख्या से अधिक क्यों थी?*

### रेलवे सभी पहलुओं पर गौर करेगा: एसजी


रेलवे की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के निर्देशों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड इस स्थिति के सभी पहलुओं पर गौर करेगा। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 26 मार्च तय की है। पिछले हफ्ते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में 11 महिलाएं और 5 बच्चे थे। इस भगदड़ के कई कारण थे। रेलवे ने भारी भीड़ के बावजूद टिकट बेचना जारी रखा।

## संघ का 'कार्यकर्ता सम्मेलन'

### भाजपाध्यक्ष नड्डा व गृहमंत्री शाह भी नए भवन 'केशवकुंज' पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा समेत पार्टी के कई नेता बुधवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में आयोजित संघ के सम्मेलन में भाग लेने यहां संघ के नए कार्यालय पहुंचे। आरएसएस के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी झंडेवालान स्थित कार्यालय में 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। नवनिर्मित कार्यालय केशव कुंज का निर्माण लगभग 150 करोड़ की लागत से 8 वर्षों में किया



गया है। लगभग 300 कमरों और कार्यालयों वाले 13 मंजिला तीन टावरों को आरएसएस की विचारधारा और उसके काम के प्रति सहानुभूति रखने वाले 75,000 से अधिक लोगों के योगदान से बनाया गया था। इनके कार्यालय और संगठन नए बहुमंजिला परिसर में स्थानांतरित हो गए हैं।

## रिटायर होने के 18 साल बाद भी नहीं मिली पेंशन

### बकाया राशि भी दी जाए

### सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा,10 लाख रु. मुआवजा दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी को 10 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मामला 2007 में रिटायर हुए एक कर्मचारी से जुड़ा है। जिसे 18 साल बाद भी पूरी पेंशन नहीं मिली थी और सिर्फ अस्थायी पेंशन पर गुजारा करना पड़ रहा था।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि यह एक बेहद निराशाजनक और परेशान करने वाला मामला है। बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही रद्द कर दी थी और सभी बकाया राशि जारी करने का निर्देश दिया था।

### बंगाल सरकार ने उचित जवाब नहीं दिया था

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार ने 391 दिनों की देरी से विशेष अनुमति याचिका दायर की और इस देरी की कोई संतोषजनक सफाई भी नहीं दिया। 1994 में, अनुशासनात्मक जांच के बाद कर्मचारी को दोषमुक्त कर दिया गया था। 1997 में सतर्कता विभाग ने जांच अधिकारी के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए सजा का प्रस्ताव देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।*

## पंजाब पुलिस विभाग पर बड़ी कार्रवाई

### मान सरकार ने दिखाई सख्ती

### भ्रष्टाचार मामले में 52 पुलिस अधिकारी बर्खास्त, डीसी सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। भगवंत मान सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त 52 पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। 2 दिन पहले मुक्तसर के डीसी को भी निलंबित किया गया था।

मान सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने कई अहम कदम उठाए हैं। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। मान ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रशासनिक अधिकारी हो, पुलिस अधिकारी या किसी भी दल का नेता। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ाई के लिए मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन- 9501200200 भी जारी की है।

### रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सहन नहीं करेंगे

*लोग हेल्पलाइन नंबर के जरिए लोग भ्रष्टाचार से संबंधित घटनाओं की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकना है। मान ने जनता से अपील की है कि यदि किसी भी सरकारी अधिकारी से रिश्वत की मांग की जाती है, तो वह इस नंबर पर ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड करके शिकायत करें। इसके बाद सरकार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।*

## मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में सुनवाई

# सजा में छूट के लिए गैंगस्टर सलेम ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी ठहराए गए गैंगस्टर अबू सलेम ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अबू सलेम वर्तमान में नासिक सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सजा में छूट के लिए वह हाई कोर्ट पहुंचा है। सलेम ने कोर्ट से जेल अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया है कि वे 31 दिसंबर, 2024 तक हिरासत में बिताए गए उसके कुल समय 24 साल, 9 महीने और 16 दिन पर विचार करें और उसकी रिहाई की एक तारीख बताएं।



### अगली सुनवाई 10 मार्च को

वकील फरहाना शाह के माध्यम से दायर सलेम की याचिका में यह बात जस्टिस सारंग कोतवाल और जस्टिस एस एम मोदक की पीठ के समक्ष की गई। हालांकि, कोर्ट मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के जुलाई, 2022 के आदेश के बाद प्रस्तुत की गई, जिसमें भारत की प्रत्यर्पण संधि और पुर्तगाल को दिए गए संप्रभु आश्वासन के अनुरूप, उसकी कारावास की अवधि को 25 वर्ष तक सीमित कर दिया गया था।

## महासचिवों और प्रभारियों को कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की दो टूक

# परफॉर्म करो, जिम्मेदारी निभाओ, वरना विदाई तय समझो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्य के प्रभारियों और प्रभारी महासचिवों को पहली ही बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ कर दिया है, अगर जिम्मेदारी संगठन ने दी है तो जिम्मेदारी तय भी होगी। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले प्रभारियों को बड़ी जिम्मेदारियां दी जाएगी। जो परफार्म नहीं कर पाएंगे उनकी विदाई तय कर दी जाएगी। इंदिरा भवन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में जब मल्लिकार्जुन खरगे




पहली बार एआईसीसी के सभी प्रभारियों और प्रभारी महासचिवों से रूबरू हुए। दो दिन पहले भूपेश बघेल और नासिर हुसैन को एआईसीसी का महासचिव बनाया गया था। बघेल को पंजाब और नसीर को जम्मू कश्मीर, लद्दाख का प्रभारी भी दिया गया। उनके साथ 9 प्रभारियों विभिन्न राज्यों में संगठन को चुस्तदुरुस्त करने की महती जिम्मेदारी दी गई। एक साथ आधा दर्जन प्रभारियों को मल्लिकार्जुन खरगे ने हटाया भी। स्पष्ट संकेत है, संगठन में पद पर हैं तो पार्टी हित में डिलिवरी तो करनी होगी।

केवल प्रदेश संगठन को ऊर्जा से भरे रहने की जिम्मेदारी भर नहीं रहेगी बल्कि पार्टी सत्ता में कैसे आए इसके जतन भी करने होंगे, दिखने चाहिए। सभी प्रभारियों की एकाउंटिबिलिटी फिक्स करने के लिए अध्यक्ष के ऑफिस में हर महीने के कामकाज की ऑडिट रिपोर्ट नत्थी की जाएगी।

### वोटर लिस्ट को लेकर रहें सचेत

महासचिव प्रभारी और प्रभारियों के साथ बैठक में पार्टी अध्यक्ष ने चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर कथित रूप से 'हेराफेरी' को मुद्दा बनाते हुए इसकी तह तक जाने की जिम्मेदारी भी संबंधित प्रभारियों को दी। उन्होंने कहा कि ये मामला गंभीरता के साथ राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में भी उठाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों को वोटर लिस्ट हटाना या कहीं दूसरे बूथ पर उनके नाम को भेज देने की शिकायतें लगातार एआईसीसी पहुंची हैं। इस पर काम चल रहा है। प्रभारियों को पूरी तरह नजर बनाकर रखनी होगी।

### पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा फेल

पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा में भारतीयों के व्यापारिक हित साधने में कथित रूप से पूरी तरह विफल करार दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में इतना टैक्स लगा दिया जा रहा है कि व्यापार करना मुश्किल हो रहा है।

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व पीएम ऋषि सुनक बोले

# भारत पर पीएम मोदी के विचारों को सुनना एक रोमांचक अनुभव अपने मित्र से मिलकर अच्छा लगा, कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए पीएम मोदी के विचारों को सुनना 'हमेशा रोमांचक' होता है। ऋषि सुनक और उनके परिवार ने मंगलवार शाम को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और कई विषयों पर विस्तृत बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले सुनक ने सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। सुनक वर्तमान में अपने परिवार के साथ भारत के दौरे पर हैं। 15 फरवरी 2025 को, उन्होंने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दौरा किया था।

**भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाएंगे**

**आर्थिक, सुरक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे**

### हमने कई विषयों पर शानदार बातचीत की



*पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई! हमने कई विषयों पर शानदार बातचीत की। सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं।*

### घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत की

ऋषि सुनक 2022 से 2024 तक ब्रिटेन के पीएम बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। वह अपनी भारतीय जड़ों पर हमेशा गर्व करने वाले सुनक ने आर्थिक, सुरक्षा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत करते हैं। जुलाई 2024 में यूके के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता द्वारा हार स्वीकार किए जाने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में ऋषि सुनक के योगदान की सराहना की।

### ब्रिटेन और भारत की दोस्ती जारी रहेगी

*इससे पहले पीएम मोदी ने 5 जुलाई, 2024 को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि यूके का सराहनीय नेतृत्व करने, भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद ऋषि सुनक। भविष्य के लिए आपको और आपके परिवार को शुभकामनाएं। ऋषि सुनक ने पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की लगातार तीसरी चुनावी जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी थी और इस बात पर जोर दिया था कि ब्रिटेन और भारत के बीच सबसे करीबी दोस्ती है जो आगे भी जारी रहेगी।*

### गर्मजोशी से स्वागत करने पर दिया धन्यवाद

ब्रिटेन के पूर्व पीएम ने पीएम मोदी के पोस्ट के जवाब में लिखा कि अपने मित्र नरेंद्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मेरे परिवार का भी इतने गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आपका धन्यवाद! भारत के लिए आपके विचार सुनना हमेशा रोमांचक होता है, और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि ब्रिटेन-भारत संबंध और मजबूत होते जाएं।



### संसद भवन के वास्तुकला की प्रशंसा की

बता दें, मंगलवार को पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने अपनी पत्नी श्रीमती अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ संसद भवन का दौरा किया था। राज्यसभा से सांसद श्रीमती सुधा मूर्ति भी उनके साथ थीं। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी भी उपस्थित थे। अपने दौरे के दौरान, सुनक परिवार ने संसद भवन परिसर का दौरा किया और इसकी वास्तुकला की भव्यता की प्रशंसा की। उन्होंने गैलरी, चैंबर, संविधान हॉल और संविधान सदन जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया।

## खबर संक्षेप

### लाहौर जा रहे 7 यात्रियों को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों बरखान क्षेत्र में क्वेटा से पंजाब प्रांत जा रही बस को रोका



और सात यात्रियों को बस से उतारकर पहाड़ी पर ले गए। इसके बाद उनको गोली मार दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति और पीएम ने इसे आतंकी घटना बताया और इसकी निंदा की। बंदूकधारियों ने बरखान क्षेत्र में हाईवे पर नाकाबंदी करके बस को रोक लिया। वे बस में चढ़े और यात्रियों के पहचान पत्र चेक किए।

### हमास छह बंधकों को और रिहा करेगा

**तेल अवीव।** हमास के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि समूह शनिवार को छह इजराइल बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही गुरुवार को चार



इजराइली बंधकों के शव भी लौटाए जाएंगे। हमास नेता खलील अल हय्या ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि जिन मृतकों के शव सौंपे जाएंगे, उनमें बिबास परिवार के सदस्य शामिल हैं। इनमें दो छोटे बच्चे और उनकी मां शामिल है, जिन्हें 7 अक्तूबर के हमले के दौरान बंधक बनाया गया था। बच्चों के पिता को पूर्व में रिहा कर दिया गया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने छेड़ा जम्मू कश्मीर मुद्दा, भारत ने दिया करारा जवाब

# आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है पाक, यूएन में 20 से ज्यादा प्रतिबंधित आतंकी संगठन वहां हैं मौजूद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। कुछ दिनों पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। पाकिस्तान विदेश मंत्री की टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है। यूएनएससी में भारत के स्थायी राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने मंगलवार को साफ-साफ लफ्जों में कहा कि पाकिस्तान, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है। मेरे समझ से परे है कि पाकिस्तान, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ क्यों थपथपाता है? आतंकवाद भले ही किसी भी स्वरूप, प्रकार और मकसद के लिए हो, उसे सही नहीं ठहराया जा सकता है।

पी. हरीश ने कहा कि भारत हमेशा से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का शिकार रहा है। पाकिस्तान की धरती से चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई आतंकी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 20 से ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से प्रतिबंधित आतंकी संगठन मौजूद हैं। इसके बावजूद जब पाकिस्तान खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता है, तो यह सबसे बड़ी विडंबना होती है। पी. हरीश ने कहा कि आतंकवाद का कोई भी कारण या मकसद स्वीकार्य नहीं हो सकता। निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता।

**निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहरा सकते**

**जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा**



### पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की आलोचना की

*पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के उप पीएम और विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणी में भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से जम्मू-कश्मीर का उल्लेख किया है। मैं फिर से साफ करना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का झूठ और प्रोपेगेंडा कश्मीर की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। चुनाव में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मतदान ने उनकी पसंद को स्पष्ट किया है। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तुलना में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान खुद जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा किए हुए है और वहां के हालात खराब हैं।*

फिर दोहराई मांग

### सुरक्षा परिषद में विस्तार न होने पर भारत नाराज

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग उठाई है। इस बार भारत ने नाराजगी जताते हुए पी. हरीश ने कहा कि जो देश स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं और यूएनएससी में विस्तार नहीं होने दे रहे, वे दूर की नहीं सोच पा रहे और प्रतिगामी सोच वाले देश हैं। भारत ने कहा कि इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चीन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक प्रशासन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर खुली बहस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश शामिल हुए। भारतीय राजदूत ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग दोहराई और कहा कि यूएन में तीन बड़े बदलाव होने बेहद जरूरी हैं। हरीश ने कहा कि पहले तो सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, दूसरा दस्तावेज आधारित सुलह समझौते होने चाहिए और तीसरा बड़े वैश्विक मुद्दों पर नतीजों के लिए एक तय समयसीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया बदल चुकी है और समय के साथ संयुक्त राष्ट्र को भी बदलने की जरूरत है। यह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को प्रदर्शित करना चाहिए न कि साल 1945 की व्यवस्था को।

### भारत में कई हमलों को दिया अंजाम

*पी. हरीश ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान इन्हें सीमा पार से समर्थन देता है, जिससे भारत में हिंसा फैलती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन और व्यक्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति की सूची में शामिल हैं, जिन पर संपत्ति जब्त करने, हथियारों की आपूर्ति रोकने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है।*

केंद्र सरकार ने दिया जवाब

# अमेरिका से लौटे सर्वाधिक अवैध प्रवासी पंजाब से, इसलिए अमृतसर उतरे विमान



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में लौट रहे अवैध भारतीय प्रवासियों के विमानों की अमृतसर में की जा रही लैंडिंग को लेकर पंजाब के सीएम भगवंत मान द्वारा की जा रही मोदी सरकार की आलोचना का केंद्र की तरफ से जवाब दिया गया है। जिसमें यह कहा गया कि अमेरिका से बीते 5 फरवरी से लेकर अब तक लौटी कुल तीन उड़ानों में स्वदेश पहुंचे 333 भारतीयों में से सबसे ज्यादा 126 पंजाब (38 फीसदी) के रहने वाले थे। इसलिए अमेरिका के सैन्य विमानों की अमृतसर में लैंडिंग कराई गई। इसके बाद दूसरे स्थान पर हरियाणा के 110 लोग (33 फीसदी) थे, जो अमेरिका में अवैध ढंग से प्रवेश के मामले में भारत वापस लौटे हैं। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय की देश वापसी की यह पूरी प्रक्रिया अमेरिका की नीति के तहत की गई है जो वर्ष 2012 से लागू है।

### पूर्व राष्ट्रपति ने भी अपनाई यही नीति

सूत्रों ने बताया कि अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने के मामले में अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। पूर्व में राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में वर्ष 2020 से 2024 तक भारत लौटे निर्वासितों की सभी 23 फ्लाइट्स अमृतसर में ही लैंड कराई गई थीं। अब डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में इस नीति में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

यहां बता दें कि पंजाब के सीएम भगवंत मान ने मामले को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा था कि अमृतसर में अवैध प्रवासियों की सभी फ्लाइट्स को लैंड करने के पीछे राज्य को बदनाम करने की साजिश है।

### 333 में सबसे ज्यादा 262 पुरुष

बीते 5, 15 और 16 फरवरी को अमेरिका से आई तीन उड़ानों में भारत पहुंचे 333 लोगों में सबसे ज्यादा 262 पुरुष, 42 महिलाएं और 29 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा गुजरात से 74, उत्तर प्रदेश से 8, महाराष्ट्र से 5, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान और गोवा से क्रमशः दो-दो लोग और जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड से क्रमशः एक-एक भारतीय शामिल है। 5 फरवरी को अमृतसर लैंड हुई पहली फ्लाइट में पंजाब के 30 लोग थे। इसके बाद 15 फरवरी को दूसरी फ्लाइट में राज्य के 65 लोग थे। जबकि तीसरी और अंतिम फ्लाइट में भी पंजाब के लोगों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई।

रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक

# भारत व मलेशिया के बीच रक्षा सहित बहुपक्षीय मामलों में बढ़ेगी साझेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मलेशिया के बीच बुधवार को कुआलालंपुर में 13वीं रक्षा सहयोग समिति की बैठक हुई। जिसमें रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय मामलों और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई। साथ ही दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में भारत और मलेशिया के सशस्त्र बलों के नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग पर प्रसन्नता जाहिर की।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लुकमान हकीम बिन अली ने समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों की चर्चा में



द्विपक्षीय रक्षा संबंधों, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के और अधिक विस्तार के लिए प्रभावी व व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने वाले उपायों पर विचार किया गया।

बैठक में भारत और मलेशिया ने सामरिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना के लिए तैयार किए गए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का आदान-प्रदान किया।

### पूर्व पीएम हमले में युवक को 10 साल जेल की सजा

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व पीएम फुमियो किशिदा पर हमले के लिए एक युवक को दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई है। दोषी युवक ने किशिदा पर साल 2023 में एक कार्यक्रम के दौरान पाइप बम फेंका था। दोषी रयुजी किमुरा (25 वर्षीय) पर 15 अप्रैल 2023 को हत्या के



प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। हालांकि उस हमले में किशिदा बाल-बाल बच गए थे, लेकिन दो अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हमले के वक्त किशिदा जापान के पश्चिमी शहर वाकायामा के एक छोटे से बंदरगाह पर थे।

भारत का नेतृत्व करेंगे जयशंकर

# जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की होगी खास बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर गुरुवार से दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वहां पर जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भारत का नेतृत्व एस. जयशंकर करेंगे। इस वर्ष दक्षिण-अफ्रीका जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण बैठक उसकी मेजबानी में आयोजित की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत के विदेश मंत्री का यह दौरा 20 से 21 फरवरी तक होगा। जिसके लिए उन्हें दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और सहयोग मंत्री रोनाल्ड लमोला ने आमंत्रित किया है। बैठक से इतर विदेश मंत्री



की समूह के कुछ देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक हो सकती हैं। बता दें, जी20 की स्थापना वर्ष 1997-98 के एशियाई वित्तीय संकट के ठीक अगले साल 1999 में की गई थी। जी20 में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं माने जाने वाले 19 देश और यूरोपीय तथा अफ्रीकी संघ शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में समूह का योगदान 85 फीसदी और व्यापार में 75 फीसदी है।

एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को दी मंजूरी

# आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ा केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए चट्टान की तरह खड़ी है। गृह मंत्रालय की एक समिति ने 2024 के दौरान अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

वर्ष 2024 के दौरान आई बाढ़, अचानक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिए आंध्र प्रदेश, नागालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को धनराशि मिलेगी। दरअसल केंद्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है।

### 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ दे चुके

अमित शाह ने कहा कि यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र



सरकार ने एसडीआरएफ में 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपए और एनडीआरएफ से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपए, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएफएफ) से 14 राज्यों को 2208.55 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएफएफ) से 8 राज्यों को 719.72 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बता दें, केंद्र सरकार ने आपदाओं के तुरंत बाद, औपचारिक ज्ञापन की प्राप्ति की प्रतीक्षा किए बिना, इन राज्यों में अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों को भेज दिया था।

ब्रिटेन में चाकू से होने वाले अपराधों पर लगेगी रोक

# भारतीय किशोर की याद में सरकार ने की 'रोनन कानून' की घोषणा

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को चाकू बेचने वाले ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के लिए सख्त नियमों का एलान किया। सरकार ने भी घोषणा कि नए नियमों को लागू करने में विफल रहने पर कड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम भारतीय मूल के एक किशोर रोनन कांडा (16 वर्षीय) की स्मृति में उठाया गया, जिसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। नए 'रोनन कानून' के तहत खुदरा विक्रेताओं को अपने मंच पर चाकुओं की संदिग्ध और बड़ी मात्रा में खरीद की सूचना पुलिस को देनी होगी। कानून के तहत 18 साल से काम आयु वर्ग के लड़कों को चाकू बेचने पर कड़ सजा का प्रावधान होगा।



### वोल्वरहैम्पटन में की गई थी रोनन की हत्या

जुलाई 2022 में इंग्लैंड के वोल्वरहैम्पटन में रोनन कांडा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हमला उनके घर के पास ही हुआ था। हमला गलत पहचान के कारण हुआ था। रोहन की मां पूजा कांडा ने इसके बाद मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की थी। उनके बेटे की हत्या करने वाले भारतीय मूल के किशोर को 34 साल की सजा हुई थी।

### ऑनलाइन बिक्री की खामियां दूर कीं

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि रोनन कानून चाकू की ऑनलाइन बिक्री के दौरान सामने आ रही खामियों को दूर करने के लिए लाया गया है और यह रोहन की मां और बहन निकिता के लगातार अभियान का नतीजा है, जो युवाओं की हथियारों तक पहुंच को रोकने और इसी तरह दुख झेलने वाले परिवारों के लिए शुरू किया गया था।

कृष्ण की नगरी द्वारका के साक्ष्य जुटाएगा एएसआई

# अंतरजलीय पुरातत्व स्कंध ने शुरू किया अन्वेषण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्र में डूबी भगवान कृष्ण की नगरी द्वारका के सभी पहलुओं और साक्ष्य जुटाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने खोज शुरू कर दी है। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक (पुरातत्व) प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच पुरातत्वविदों की एक टीम ने मंगलवार को द्वारका तट पर पानी के नीचे खोज शुरू की। इस टीम में निदेशक (खुदाई एवं अन्वेषण) एचके नायक, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. अपराजिता शर्मा, पूनम बिंद और राजकुमारी बारबिना ने प्रारंभिक जांच के लिए गोमती क्रीक के पास एक क्षेत्र का चयन किया है।



एएसआई के अनुसार इस अन्वेषण के माध्यम से द्वारका नगरी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक साक्ष्य जुटाया जाएगा। पानी के अंदर की जा रही खोज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए एएसआई के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। एएसआई के नवीनीकृत अंडरवाटर पुरातत्व विंग (यूएडब्ल्यू) को हाल ही में द्वारका और बेट द्वारका में अपतटीय सर्वेक्षण और जांच करने के लिए पुनर्जीवित किया गया है।

### 2005 से 2007 तक तटवर्ती खुदाई की थी



यूएडब्ल्यू 1980 के दशक से पानी के नीचे पुरातात्विक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। 2001 से विंग बंगाराम द्वीप (लक्षद्वीप), महाबलीपुरम (तमिलनाडु), द्वारका (गुजरात), लोकतक झील (मणिपुर) और एलीफेंटा द्वीप (महाराष्ट्र) जैसे स्थलों पर अन्वेषण कर रहा है। इससे पहले अंडरवाटर पुरातत्व विंग ने 2005 से 2007 तक द्वारका में अपतटीय और तटवर्ती खुदाई की थी। नौसेना और पुरातत्व विभाग की संयुक्त खोज पहले 2005 फिर 2007 में एएसआई के निर्देशन में भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने समुद्र में समाई द्वारिका नगरी के अवशेषों के नमूनों को सफलतापूर्वक निकाला। वर्ष 2005 में नौसेना के सहयोग से प्राचीन द्वारिका नगरी से जुड़े अभियान के दौरान समुद्र की गहराई में कटे-छंटे पत्थर मिले और लगभग 200 नमूने एकत्र किए गए।

### 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार खोजी थी

पुरातत्वविद् प्रो. एसआर राव और उनकी टीम ने 1979-80 में समुद्र में 560 मीटर लंबी द्वारिका की दीवार की खोज की। उस दौरान उन्हें वहां पर बर्तन भी मिले, जो 1528 ईसा पूर्व से 3000 ईसा पूर्व के हैं। इसके अलावा सिंधु घाटी सभ्यता के भी कई अवशेष उन्होंने खोजे। उस जगह पर भी उन्होंने खुदाई में कई रहस्य खोले, जहां पर कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान के कराची में लहराया भारत का तिरंगा

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। विवाद के बाद आयोजक पाकिस्तान ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा लगाया है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक बड़ा विवाद सामने आया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि पीसीबी ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा नहीं लगाया था। इसको लेकर सोशल मीडिया पर फैंस का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों का मानना था कि भले ही भारत वहां खेलने न गया हो, लेकिन नियम के तहत मेजबान देश को अपने स्टेडियम में आठों टीमों के झंडे लगाने थे। सोशल मीडिया पर कराची स्टेडियम का वीडियो वायरल हो गया था। हालांकि, अब मामला ठीक दिख रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें बताया गया है कि कराची के स्टेडियम में भारतीय तिरंगे को लगाया गया है।

### श्वेता को तीसरे चरण में मिली बढ़त

**पुणे।** श्वेता मानसिंह बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर 2025 के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद शीर्ष पर पहुंच गई। टूर पर कई बार अपना पहला खिताब जीतने के करीब पहुंची श्वेता ने दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। श्वेता ने स्नेहा सिंह और वाणी कपूर पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जो एक अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी नेहा त्रिपाठी और पिछले साल ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता हिताषी बक्शी पार 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

### भारत के खिलाफ हमारे पास मौका : शंटो

**दुबई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने कहा है कि उनके पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर हैं और वे चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में भारत को हराने के लिए उन पर निर्भर करेंगे।



बांग्लादेश के लिए हालांकि गुरुवार को दो बार के पूर्व चैंपियन भारत का सामना करना आसान नहीं होगा। शंटो ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'भारत के खिलाफ कोई भी मौका बनाने के लिए हमें सभी विभागों में अच्छा खेलना होगा।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुकाबला आज

**शारजाह।** नए खिलाड़ियों से सजी भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम नए मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री के मार्गदर्शन में बृहस्पतिवार को यहां पिंक लेडीज कप में जोर्डन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।



फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में हो रहे इस टूर्नामेंट में रूस और कोरिया भी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम में आशालता देवी और बाला देवी जैसे सीनियर खिलाड़ी नहीं हैं जबकि कुछ युवाओं को मौका दिया गया है। भारत एशिया रैंकिंग में 13वें और विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर है जबकि जोर्डन उपमहाद्वीप में 14वें और विश्व में 74वीं रैंकिंग पर है।

### गोपी और अश्विनी होंगे मैराथन का आकर्षण

**नई दिल्ली।** गत पुरुष चैंपियन गोपी थोनाकल और गत महिला चैंपियन अश्विनी मदान जाधव 23 फरवरी को यहां होने वाली अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का आकर्षण होंगे।



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के रूप में मान्यता प्राप्त इस मैराथन के पुरुष वर्ग में अनीष थापा, बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी और विक्रम बंगरिया जैसे देश के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे।



## शुभमन वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज

*__दुबई।__ भारत के उप कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। गिल ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा है। गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं जबकि बाबर के 773 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।*

**चैंपियंस ट्रॉफी**

**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 2.30 बजे**

# दो बार के चैंपियन भारत का पलड़ा भारी, बांग्लादेश से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

दो बार का चैंपियन भारत चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत से आगाज करने उतरेगा। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन गेंदबाजी इकाई को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। शुभ संकेत यह है कि कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया। गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला में क्रमशः 4-1 और 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।

गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़कर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। चैंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू श्रृंखला से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हाल ही में उसका सामना करने वाले इंग्लैंड की तुलना में कहीं अधिक प्रेरित नजर आ रहे हैं और एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है।



### टीम चयन बनी चुनौती

भारत ने पिछले कुछ समय में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बांग्लादेश का सामना करने से पहले उन्हें चयन से जुड़ी कुछ पहेलियों को सुलझाना होगा। इसकी शुरुआत लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम से होती है। क्या वह अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे।

### अर्शदीप-राणा में एक दावेदार

गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती है, विशेषकर चोट की वजह से बुमराह की अनुपस्थिति के कारण। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### हमने दो स्पिनर और तीन ऑलराउंडर चुने

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को चैंपियन्स ट्रॉफी टीम में पांच स्पिनरों को चुनने का बचाव करते हुए कहा कि उनमें से तीन ऑलराउंडर हैं जो उनकी टीम में काफी अहमियत रखते हैं। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जबकि स्पिन विभाग में अन्य विकल्प रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर हैं जो सभी बहुत सक्षम बल्लेबाज हैं। टीम में मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के रूप में तीन तेज गेंदबाजी विकल्प हैं जबकि हार्दिक पंड्या एकमात्र तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं।

### बांग्लादेशी टीम कमजोर

भारत इस बात से सांत्वना ले सकता है कि बांग्लादेश भी उथल-पुथल से गुजर रहा है और शाकिब अल हसन जैसे स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से कमजोर हो गया है। हालांकि भारत कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहेगा क्योंकि बांग्लादेश ने अतीत में वैश्विक प्रतियोगिताओं में उसे परेशान कर चुका है।

#### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

# न्यूजीलैंड का जीत से आगाज पाकिस्तान को मिली बड़ी हार

एजेंसी ▶▶| कराची

सलामी बल्लेबाज विल यंग और कप्तान टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में बुधवार को 60 रन से हरा दिया। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाए जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे जिसके दम पर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 320 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने नेशनल स्टेडियम पर खेले गए मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाए। पाकिस्तान के शीर्षक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और सउद शकील प्रभावित नहीं कर सके। मेजबान टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर आउट हो गई। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे फखर जमां 41 गेंद में 24 रन ही बना सके। दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में उसे दो बार हराया।



### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यंग का अशरफ बो नसीम | 107 | 113 | 12 | 1 |
| डेवोन कॉवे बो अहमद | 10 | 17 | 2 | 0 |
| विलियमसन का रिजवान बो नसीम | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मिचेल का शाहीन बो रऊफ | 10 | 24 | 0 | 0 |
| टॉम लैथम नाबाद | 118 | 104 | 10 | 3 |
| फिलिप्स का फखर बो रऊफ | 61 | 39 | 3 | 4 |
| मिचेल ब्रासवेल नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 13, योग : 50 ओवर में 320/5 | | | | |
| गेंदबाजी : शाहीन 10-0-68-0, नसीम 10-0-63-2, अहमद 10-0-47-1, रऊफ 10-0-83-2, शाह 7-0-40-0, आगा 3-0-15-0. | | | | |
| **पाकिस्तान** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| शकील का हेनरी बो ओराउरकी | 06 | 19 | 0 | 0 |
| आजम का केन बो सेंटनेर | 64 | 90 | 6 | 1 |
| रिजवान का फिलिप्स बो ओराउरकी | 03 | 14 | 0 | 0 |
| फखर जमां बो ब्रेसवेल | 24 | 41 | 4 | 0 |
| आगा का ब्रेसवेल बो स्मिथ | 42 | 28 | 6 | 1 |
| ताहिर का विलियमसन बो सेंटनेर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| शाह का ब्रेसवेल बो ओराउरकी | 69 | 49 | 10 | 1 |
| अफरीदी का लैथम बो हेनरी | 14 | 13 | 0 | 1 |
| नसीम शाह बो हेनरी | 13 | 5 | 0 | 1 |
| रऊफ का मिचेल बो सेंटनेर | 19 | 10 | 0 | 3 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 05, योग : 47.2 ओवर में 260/10 | | | | |
| गेंदबाजी : हेनरी 7.2-1-25-2, ओराउरकी 9-0-47-3, ब्रेसवेल 10-1-38-1, फिलिप्स 9-0-63-0, सेंटनेर 10-0-66-3, स्मिथ 2-0-20-1. | | | | |

## कराची स्टेडियम खाली...पाकिस्तान का उड़ा मजाक

पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का ओपनिंग मुकाबला बुधवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला गया। मैच के दौरान स्टेडियम पूरी तरह खाली देखा गया। इसको लेकर पाकिस्तान का जमकर मजाक बन रहा है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी पाकिस्तान का मजाक बनाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते लिखा, 'पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी हो रही है, ये देखकर अच्छा लग रहा है। 1996 के बाद यह पहला (पाकिस्तान में) बड़ा टूर्नामेंट है। क्या वो स्थानीय लोगों को बताना भूल गए कि टूर्नामेंट शुरू हो गया है... भीड़ कहां है?'



## मनु भाकर को आगे भी कोचिंग देते रहेंगे राणा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और उनके कोच जसपाल राणा का साथ आगे भी बना रहेगा। राणा को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने पिस्टल निशानेबाजी का हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किया है, लेकिन मनु ने पुष्टि की है कि राणा आगे भी उनके कोच बने रहेंगे। चार बार एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राणा और मनु के बीच टोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले दोनों फिर साथ आए। मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। राणा के मार्गदर्शन में मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद पहली




भारतीय खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। मनु ने सोमवार की रात वर्ष 2024 की बीबीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के बाद कहा, मैं इतना ही कहूंगी कि राणा मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं । वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिए बहुत अच्छे कोच रहे हैं। उन्होंने कहा, वह मेरे कोच हैं। वह किसी और के भी कोच हो सकते हैं लेकिन मेरे लिए वह मेरे कोच हैं। हम अप्रैल में विश्व कप में जाएंगे और उसके बाद जून में घरेलू स्पर्धाएं हैं। म्युनिख में फिर विश्व कप और अक्तूबर-नवंबर में विश्व चैंपियनशिप है। मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है।



## पांचाल के शतक से गुजरात ने की वापसी

**अहमदाबाद।** अनुभवी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल की नाबाद 117 रन की पारी से पूर्व चैंपियन गुजरात ने बुधवार को यहां केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन पहली पारी में एक विकेट पर 222 रन बनाकर मेहमान टीम को ठोस जवाब दिया। गुजरात की टीम अब सिर्फ 235 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। गुजरात के बल्लेबाजों ने मोटेरा की सपाट पिच पर जज्बा और इरादे दिखाए जहां ऐसा लग रहा था कि बेहद धीमी बल्लेबाजी करने वाले केरल ने 100 रन कम बनाए हैं। केरल की टीम सुबह सात विकेट पर 418 रन से आगे खेलने उतरी तथा उसने 39 रन और जोड़कर अपने बाकी तीन विकेट भी गंवा दिया जिससे पूरी टीम 457 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद अजहरूद्दीन 341 गेंद पर 177 रन बनाकर नाबाद रहे।

## एसी मिलान चैंपियंस लीग से बाहर, जीता बायर्न म्यूनिख



एजेंसी ▶▶| मिलान

एसी मिलान फेयेनूर्ड के खिलाफ प्ले ऑफ मुकाबले के दूसरे चरण में 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैंपियंस लीग से बाहर हो गया। नीदरलैंड की टीम फेयेनूर्ड ने कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। बायर्न म्यूनिख, क्लब ब्रूग और बेनफिका ने भी क्रमशः सेल्टिक, यूरोपा लीग विजेता अटलांटा और फ्रांस की टीम मोनाको के खिलाफ अपने प्ले ऑफ मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।


फेयेनूर्ड ने मिलान के खिलाफ पिछले हफ्ते प्ले ऑफ का पहला चरण 1-0 से जीता था। दूसरे चरण में मिलान ने पहले ही मिनट में सेंटियागो गिमेनेज के गोल की मदद से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद 51वें मिनट में फाउल करने पर थियो हर्नांडेज को दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया। मैच के 73वें मिनट में ह्यूगो बुएनो के क्रॉस पर जूलियन केरेंजा ने गोल करके फेयेनूर्ड को बराबरी दिलाई जो नीदरलैंड की टीम को अगले चरण में जगह दिलाने के लिए काफी था। बायर्न ने प्ले ऑफ के दूसरे चरण में अल्फांसो डेविस के गोल से सेल्टिक को 1-1 से बराबरी पर रोका और दो चरण में कुल 3-2 की जीत के साथ अंतिम 16 में प्रवेश किया। क्लब ब्रूग ने बेरगामो में दूसरे चरण में 3-1 की जीत की बदौलत कुल 5-2 से जीत दर्ज करते हुए अटलांटा को प्रतियोगिता से बाहर किया।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनलः विदर्भ ने बनाई 260 रन की बढ़त, राठौड़ का अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| नागपुर

यश राठौड़ और अक्षय वाडकर के बीच नाबाद 91 रन की साझेदारी की मदद से विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन बुधवार को 260 रन की बढ़त बना ली।

विदर्भ ने मुंबई को 270 रन पर आउट करके पहली पारी में 113 रन की बढ़त ली थी। दूसरी पारी में उसके चार विकेट 56 रन पर गिर गए लेकिन इसके बाद राठौड़ (59) और वाडकर (31) ने पारी को संभाला और स्कोर चार विकेट पर



147 रन तक ले गए। इससे पहले आकाश आनंद ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरा शतक पूरा किया और कोटियान (33) के साथ 69 रन की साझेदारी करके मुंबई को संकट से निकाला। मुंबई ने सात विकेट 188 रन पर गंवा दिए थे।

आनंद ने 67 रन पर खेलना शुरू किया था। उन्होंने 256 गेंद पर 106 रन की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाडे ने कोटियान को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। वहीं आनंद 88वें ओवर में नचिकेत भूते की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे।

**कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 6-7, 2-6 से हारे**

# जोकोविच पहले दौर में हारकर बाहर, बेरेटिनी ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| दोहा

नोवाक जोकोविच मंगलवार को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मातियो बेरेटिनी के हाथों शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बिया के जोकोविच को सीधे सेट में 6-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच की इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पांच मैच में यह पहली हार है। जोकोविच को अब एटीपी टूर पर 100 खिताब जीतने वाले जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के क्लब में शामिल होने के लिए और इंतजार करना होगा। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पैर की मांसपेशियों की चोट के कारण उन्हें एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच के बीच से हटना पड़ा। बेरेटिनी ने अपने करियर में 10वीं बार शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल की और दूसरे दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर का सामना करेंगे। मंगलवार को ही दूसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर ने रोमन सफीउलिन को 6-1, 7-5 से हराया।



### मरे के फ्रेंच ओपन तक कोच बने रहने की संभावना

पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे फ्रेंच ओपन तक नोवाक जोकोविच के कोच बने रहेंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने मंगलवार को एटीपी टूर के मीडिया चैनल को बताया कि मरे कोच के रूप में उनके साथ बने रहने के लिए सहमत हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले जोकोविच और मरे ने एक साथ काम शुरू किया था और शुरुआत में इसे एक असंभव जोड़ी के रूप में देखा गया था। पिछले साल मरे के संन्यास लेने के बाद जोकोविच ने उनके सामने कोचिंग का प्रस्ताव रखा था।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को प्रो लीग रिटर्न मैच में हराया



एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

भारतीय हॉकी टीम ने गुरजंत सिंह के शानदार फील्ड गोल की मदद से विश्व चैंपियन जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न मैच में बुधवार को 1-0 से हरा दिया।

इससे पहले जर्मनी ने मंगलवार को भारत को 4-1 से मात दी थी। गुरजंत ने खेल के चौथे ही मिनट में गोल कर दिया। भारतीय टीम ने मंगलवार के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए जबर्दस्त खेल दिखाया। पहले ही मिनट से भारत ने दबदबा बना लिया और चौथे क्वार्टर के अलावा जर्मन टीम को हमले करने के मौके ही नहीं दिए। जर्मनी को आखिरी क्वार्टर में पांच और कुल सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस काफी मुस्तैद दिखा। भारत को भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उन पर गोल नहीं हो सके।

# बड़ी झील की लहरों पर तीसरे दिन कयाकिंग, केनोइंग के फाइनल मुकाबले हुए

## राजधानी में चल रही 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा झीलों की सुन्दर नगरी भोपाल स्थित बड़ी झील में 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 17 से 21 फरवरी तक आयोजित कराई जा रही है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन कयाकिंग, केनोइंग के-1, के-2, के-4, सी-1, सी-2, सी-4, 1000 मीटर के महिला एवं पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले हुए। इसके बाद कयाकिंग, केनोइंग के-1, के-2, के-4, सी-1, सी-2, सी-4, 500 मीटर महिला एवं पुरुष वर्ग के फाइनल हुए। बीते दो दिन में कयाकिंग, केनोइंग महिला वर्ग में 55, पुरुष वर्ग में 197 कुल 252 खिलाड़ियों ने 24 इवेन्टस की प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अपने-अपने प्रदेश व टीम के लिये पदक अर्जित कर नाम रोशन किया।





**अतिथियों ने विजेताओं को किया सम्मानित**

बुधवार को कयाकिंग, केनोइंग के-1, के-2, के-4, सी-1, सी-2, सी-4, 1000, 500 मीटर महिला एवं पुरुष के पदक अलंक समारोह के विशेष अतिथि पंकज श्रीवास्तव (विशेष पुलिस महानिदेशक), जयदीप प्रसाद (अति पुलिस महानिदेशक) डीसी सागर (अति पुलिस महानिदेशक) ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदाय किया। आज कयाकिंग, केनोइंग के-1, के-2, के-4, सी-1, सी-2, सी-4, 1000, 500 मीटर महिला एवं पुरूष वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की गई।



**रोइंग महिला एवं पुरुष वर्ग के 500 मीटर सिंगल स्कल फाइनल मुकाबले आज**

*जानकारी के मुताबिक कल 20 फरवरी को रोइंग महिला एवं पुरुष वर्ग के 500 मीटर सिंगल स्कल, डबल स्कल, कॉक्सलेस पेयर, कॉक्सलेस फोर के हिट्स एवं रेपेचार्ज व फाइनल मुकाबले होंगे।*

---

### जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया राज्य तीरंदाजी एकेडमी का लोकार्पण

## प्रदेश में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देकर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करेंगे: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में प्रदेश को तीरंदाजी खेल अकादमी की सौगात देते हुये कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर जो सुविधाएं दी जाती हैं। वे सभी सुविधाएं प्रदेश के खिलाड़ियों को भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा जो भी खेल नीति तय की जाएगी, वो राज्य में अमल में लाई जाएगी। प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओलंपिक, एशियाड और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए भारत ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात आज यहां जबलपुर के रांझी में 26.80 करोड़ की लागत से बनी राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने राज्य स्तरीय खेल अकादमी का नामकरण स्व. ईश्वरदास रोहाणी के नाम पर करने की भी घोषणा की।



**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का नए दौर में प्रवेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश नए दौर में प्रवेश कर रहा है। इस नए दौर में हम हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्यों की गति बढ़ा रहें है। आज जिस खेल अकादमी और इसमे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का लोकार्पण हुआ है। इसका मूल्य सभी खिलाड़ी जानते हैं। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद द्वय आशीष दुबे एवं सुमित्रा बाल्मीक, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह ठाकुर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, ओलंपिक

**सभी पात्रों को दें आवासीय पट्टाः मुख्यमंत्री**

डॉ. यादव ने मंच से कलेक्टर दीपक सक्सेना को निर्देशित करते हुए उपनगरीय क्षेत्र रांझी के शारदा नगर , शांति नगर, राम नगर, उदय नगर के पात्र व्यक्तियों का परीक्षण करवाकर आवासीय पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास देने के लिये सर्वे निरंतर चल रहा है। उन्होंने सरकार प्रदेश के सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास देने की प्रतिबद्धता जताई है।

---

बाबे अली ग्राउंड में चल रही चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद टी-20 कप प्रतियोगिता

## एलबीएस क्रिकेट अकादमी एक ही दिन में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

एलबीएस क्रिकेट क्लब ने बुधवार को चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बुधवार को दो मैच खेले पहला मैच क्वार्टर फाइनल उज्जैन के विरुद्ध खेला, जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 200 रन का लक्ष्य उज्जैन संभाग को दिया। उज्जैन डिविजन की टीम 20 ओवर में 176 रन पर ऑलआउट हो गई। एलबीएस ने यह मैच 24 रन से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच यथार्थ सिंह घोषित किए गए। सेमीफाइनल भी आज ही के दिन नर्मदा पुरम के विरुद्ध





एलबीएस ने खेलते हुए टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 186 रन का लक्ष्य रखा, जिसमें सचिन यादव ने 50, यथार्थ सिंह ने 36, वैभव शर्मा ने 35 रन का योगदान दिया। नर्मदा पुरम की टीम 20 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। मनदीप ने 5, दीवान इसरानी ने चार विकेट लिए। एलबीएस ने इस मैच को 26 भी रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला कल सेंट माइकल क्लब के विरुद्ध खेला जाएगा। मैन ऑफ द मैच मनदीप रहे। एलबीएस क्रिकेट शाला के कोऑर्डिनेटर विवेक गौर ने बताया कि सभी खिलाड़ी मुख्य कोच डॉ. संजय भारद्वाज के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं।

## सीनियर नेशनल कबड्डी अंडर 19 में एलएनसीटी को रजत पदक

**भोपाल।** इंडियन कबड्डी फेडरेशन के तत्वाधान में मप्र कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा 5वीं जूनियर एंड सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड में किया गया, जिसमें 12 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें महाराष्ट्र, विदर्भ, पांडिचेरी, मप्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य भारत तथा एलएनसीटी इत्यादि टीमे शामिल थीं। प्रतियोगिता के अंडर 19 पुरुष वर्ग फाइनल मैच में पांडिचेरी ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को 25-18 से हराकर खिताब जीता एवं महाराष्ट्र



तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार अंडर-17 बालक वर्ग मे मप्र विजेता तथा विदर्भ उपविजेता एवं महाराष्ट्र तृतीय स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ग्रुप, नरेंद्र अहीरे सचिव इंडियन कबड्डी फेडरेशन, शिवाजी वाबले ने विजेता उपविजेता एवं ततीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एलएनसीटी द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं विभिन्न राज्यों से आए कोच, मैनेजर एंव ऑफिशल्स को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

---

**भोपाल**

### जीएसटी अफसरों ने दिल्ली से लोड होकर आए दो ट्रक किए जब्त



**भोपाल।** सेंट्रल जीएसटी अधिकारियों ने गुरूवार को भोपाल में दो ट्रकों को जब्त किया है। ट्रकों में ऑटो पार्ट्स सहित अन्य समान था जो बिना बिल के दिल्ली से जाए थे। गोपनीय सूचना के आधार पर जीएसटी अफसरों ने रोककर जांच की गई। जांच में सामान के सही इनवॉइस और ई-वे बिल न मिलने पर ट्रकों को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि इन ट्रकों में लाखों रुपए के ऑटो पार्ट्स, डीवीडी, म्यूजिक सिस्टम, एम्प्लीफायर और ब्रांडेड जूते सहित अन्य सामान भरा था। अफसरों ने ट्रक मालिकों को नोटिस जारी कर तलब किया है।

सीसीटीवी फुटेज और जांच के बाद पुलिस ने दर्ज किया चोरी का प्रकरण

## कार के डैशबोर्ड पर रखी ढाई लाख की नकदी लेकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित सेंट जेवियर स्कूल के पास मुख्य सड़क पर बदमाश ने कार के डैशबोर्ड में रखी ढाई लाख रुपए की नगदी निकाली और स्कूटर सवार अपने साथी के साथ भाग निकला। कार सवार ने उसका पीछा किया, लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। दरअसल, कार सवार युवक को ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करना था। इसी की जानकारी देने उक्त युवक उनके पास पहुंचा था। निवेश के बारे में कार सवार को समझ नहीं आया और उसने मना कर दिया तो आरोपी डेशबोर्ड में रखी नगदी लेकर भाग निकला। पुलिस ने उक्त मामले में एक नामजद आरोपी उसके साथी पर एफआईआर दर्ज की है।

एसआई राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि पवन बेन पिता लक्ष्मी प्रसाद बेन (36) पुराना नगर गोविंदपुरा में रहते हैं और ऑनलाइन ट्रैडिंग का काम करते हैं। उनकी एक परिचत से ऑनलाइन ट्रैडिंग की बात हुई। उसने पवन को गत 6 जनवरी को सेंट जेवियर स्कूल के पास मिलने बुलाया। रात करीब 8 बजे पवन सेंट जेवियर स्कूल के पास पहुंचे। उन्होंने परिचित को कॉल किया तो उसने कहा कि वह अपने प्रतिनिधि को भेज रहा है। वह ट्रैडिंग के लाभ के बारे में जानकारी देगा। इस बीच पवन के पास एक युवक पहुंचा। उसने पवन को ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी, लेकिन पवन को उसकी बातें समझ नहीं आई और उन्होंने ट्रेडिंग में निवेश करने से मना कर दिया।

**स्कूटर सवार साथी था पहले से तैयार**

पवन ने ढाई लाख रुपए की नगदी कार के डैशबोर्ड पर रखी थी। उनकी कार में आरोपी बैठा हुआ था। पवन के मना करते हुए आरोपी ने डैशबोर्ड में रखे रुपए ढाई लाख निकाले और भागने लगा। कुछ दूरी पर आरोपी का साथी स्कूटर लिए खड़ा था। आरोपी उसके साथ स्कूटर पर बैठा और फरार हो गया। पवन ने अवधपुरी तिराहा तक स्कूटर सवार आरोपियों का पीछा किया, लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। इसके बाद पवन ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच की। घटनास्थल से अवधपुरी तक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर स्कूटर सवार आरोपी भागते हुए नजर आए और उनका पीछा करते हुए पवन की कार देखी गई। पुलिस ने पवन से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक नामजद आरोपी सूरज उर्फ अमन उर्फ गब्बर और उसके साथी पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

### उपभोक्ता आयोग का फैसला....

## ग्राहक से कैरी बैग के रुपए लिए अब देने होंगे 25 हजार 14 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्राहक से कैरी बैग के 14 रुपए लेना फर्स्ट क्राई कंपनी को भारी पड़ गया। मामले में उपभोक्ता द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद आयोग ने मामले में अहम फैसला सुनाते हुए इसे अनुचित व्यापार माना है। इसके साथ ही कंपनी को 14 रुपए वापस करने के साथ ही मानसिक कष्ट के लिए 10,000 रुपए और केस खर्च के रूप में 15,000 रुपए ग्राहक को अदा करने के निर्देश दिए हैं। मामले में फोरम की बेंच 1 के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य प्रतिभा पांडे ने यह फैसला सुनाया है।

जानकारी के अनुसार, राजधानी निवासी सानिध्य जैन ने 24 अप्रैल 2023 को कोलार रोड स्थित फर्स्ट क्राई स्टोर से 162 रुपए के सामान की खरीदारी की। बिल चेक करने पर उन्होंने देखा कि स्टोर ने 14 रुपए अतिरिक्त जोड़ दिए हैं। जब उन्होंने इस बारे में स्टोर से सवाल किया, तो जवाब मिला कि कंपनी पॉलिसी के तहत कैरी बैग का चार्ज लिया जाता है। ग्राहक को यह बात अनुचित लगी, और उन्होंने उपभोक्ता आयोग में न्याय की गुहार लगाई।

**एम्स व किरण फाउंडेशन के बीच एमओयू**

**भोपाल।** एम्स ने अंगदान को बढ़ावा देने के लिए किरण फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। किरण फाउंडेशन अंगदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने और जरूरतमंदों के लिए अंगों की व्यवस्था करने के लिए समर्पित है। एम्स के अनुसार हर साल 7.5 लाख किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, लेकिन केवल 17,500 ही संभव हो पाते हैं। यह कार्यक्रम डॉ. केतन मेहरा और डॉ. विक्रम वट्टी की देखरेख में आयोजित किया गया, जिन्होंने एमओयू समन्वयक के रूप में कार्य किया।

### पति ले गया अस्पताल, हो चुकी थी मौत

## डेढ़ साल के बच्चे को झूले में सुलाकर मां ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित ट्रांस्पोर्ट नगर में बुधवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगा ली। पति उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचा, वहां महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मूलतः इटारसी निवासी प्रगति साहू पति मोनू साहू (30) ट्रांस्पोर्ट नगर, बिलखिरिया में रहती थी। मोनू कान्हासैया में किसी कंपनी में काम करता है। मोनू ने पुलिस को बताया कि बुधवार वह कंपनी चला गया था। बेटा स्कूल गया था, जबकि घर पर प्रगति और डेढ़ साल का बेटा था। दोपहर करीब एक बजे उसकी प्रगति से फोन पर बातचीत हुई। डेढ़ बजे के आसपास प्रगति का बेटा स्कूल से घर लौटा था। अनहोनी की आशंका होने पर मोनू घर पहुंचा। उसने भी गेट खुलवाने का प्रयास किया था। इसके बाद गेट को जोरदार धक्का दिया तो चिटकनी खुल गई। अंदर जाकर देखने पर पता तो बेटा झूले में रो रहा था और मां प्रगति अंदर के कमरे में फांसी लगा चुकी थी।




### पुलिस ड्यूटी मीट ओवर ऑल बेस्ट डॉग का पुरस्कार

## डीजीपी बोले,प्रतियोगिताएं प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, एक-दूसरे से सीखने को प्रेरित करती हैं

**पुलिस मुख्यालय में पुलिसकर्मियों का सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024-25 में मध्यप्रदेश पुलिस के डॉग स्कवाड प्रतियोगिता में ट्रेकर डॉग केटेगरी में डॉग काया को स्वर्ण पदक और ओवरऑल बेस्ट डॉग का पुरस्कार, सहायक उप निरीक्षक हीरा सिंह ठाकुर ने कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में कॉस्य पदक तथा साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन के अंतर्गत ऑब्जर्वेशन टेस्ट में कार्यवाहक प्रधान आरक्षक सुंदर श्याम तिवारी को ब्रॉन्ज मेडल मिला है। एमपी पुलिस की इस उपलब्धि पर डीजीपी कैलाश मकवाणा ने उन्हें प्रमाण-पत्र सौंपकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि ये प्रतियोगिताएं प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं बल्कि एक-दूसरे से सीखने के लिए प्रेरित करती हैं। इनसे विपरीत परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ राकेश गुप्ता, सेनानी 7वीं वाहिनी हितेश चौधरी सहित अन-?य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि झारखंड के रांची में झारखंड पुलिस द्वारा 10 से 15 फरवरी 2025 तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2025 का आयोजन किया गया।

इस दौरान साइंटिफिक ऐड्स टू इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, पुलिस वीडियोग्राफी, कम्प्यूटर अवेयरनेस, एंटी सबोटेज चेक और डॉग स्क्वाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान एमपी पुलिस के डॉग स्क्वॉड प्रतिभागी रहा।

## भोपाल में रात का पारा 16 डिग्री पार, दिन का 32.2 डिग्री पर थमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित ग्वालियर, चंबल संभाग और आसपास के हिस्सों में बुधवार को बादल छाए रहे। भोपाल में दोपहर बाद बादल का आना जाना रहा, इससे दिन का पारा थमा रहा। अरब सागर से आ रही नमी के कारण प्रदेश में बादल और कुछ जिलों में बौछारें पड़ रही हैं।

साथ ही शहर में दिन में बादल और रात का पारा डेढ़ डिग्री तक बढ़ा है। कल से फिर मौसम में बदलाव होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की कमी आने की उम्मीद है। दो दिन में ग्वालियर, चंबल संभाग सहित कुछ हिस्सों में बादल, बौछारें का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन 36 घंटे बाद पारा गिरेगा।

***अरब सागर से आ रही नमी***

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं उत्तर पूर्वी हैं। अरब सागर से नमी आ रही है, जिससे बादल, बौछारें और कुछ जिलों में रात के तापमान में वृद्धि के साथ ही कहीं कहीं कमी भी दर्ज हो रही है। मौसम में यह बदलाव इस सप्ताह जारी रहेगा। 24 फरवरी को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे प्रदेश में फिर मौसम में बदलाव होगा। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और निकटर्ती क्षेत्रों में सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन से दक्षिण पश्चिमी राजस्थान और आसपास भी सक्रिय है। दो दिन ग्वलियर चंबल संभाग के जिलों, भिंड, मुरैना आदि स्थानों पर बौछारें, बादलों का सिलसिला चलेगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930